हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 29.01.2024 वर्ष 11, अंक 28

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

आत्मविश्वास हमेशा हमारे पास होता है, उसे महसूस करने के लिए सिर्फ हमें वर्तमान में जीने का अभ्यास करना है।

## क्विक न्यूज

### जालसाजी का आरोपित गिरफ्तार, जेल

**मेदिनीनगर** : जिले के रामगढ़ इलाके के रहने वाले जालसाज फैयाज अंसारी को चैनपुर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपित के पास से कई ब्लैंक चेक और स्टांप बरामद किए गए हैं। फैयाज अंसारी के खिलाफ चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा के रहने वाले अख्तर अंसारी ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था। अख्तर ने आरोप लगाया था कि फैयाज के साथ मिलकर कारोबार करते थे। फैयाज ने उसका ब्लैंक चेक अपने पास रख लिया और ढाई लाख रुपये उसमें भरकर बैंक में जमा किया, जो बाउंस कर गया। न्यायालय के निर्देश पर चैनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया और अनुसंधान किया गया।पुलिस ने फैयाज अंसारी के घर में छापेमारी की और उसे गिरफ्तार किया। तलाशी में 8 से 10 ब्लैंक चेक बरामद किया गया। कई स्टांप भी बरामद किए गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### कश्मीर घाटी के उपरी इलाकों में हो रही बर्फबारी

**जम्मू** : जम्मू में दो दिन की तेज धूप के बाद रविवार को बादल छाए हुए हैं। वहीं जम्मू संभाग के जिला सांबा, कठुआ, पुंछ, राजोरी में हल्की धूप निकली है। कश्मीर घाटी में गुलमर्ग, गुरेज, बंगस घाटी, जोजिला पास, बांदीपोरा, मुगल रोड सहित ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को ताजा बर्फबारी हो रही है।मौसम कार्यालय ने एक एडवाइजरी जारी कर 28 से 31 जनवरी तक गुलमर्ग, गुरेज, बंगस घाटी, जोजिला पास, बांदीपोरा सिंथन पास, मुगल रोड, जोजिला, साधना और राजदान पास जैसे ऊंचे इलाकों और महत्वपूर्ण दर्रों में अस्थायी सड़क बंद होने की चेतावनी जारी की है।इसी बीच रविवार को हो रही बर्फबारी के कारण लंबे समय से चल रहा सूखे का दौर टूटा है। कश्मीर में सूखी सर्दी दूर हो गई और आगे भी बर्फबारी के प्रबल आसार बन गए हैं। राजौरी-पुंछ के रास्ते कश्मीर से जोड़ने वाला मुगल रोड बर्फबारी के चलते तीसने दिन रविवार को भी बंद है।

### मल्लिकार्जुन खरगे ने किया लोकसभा चुनाव का शंखनाद

**देहरादून** : कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे रविवार को देहरादून पहुंचे। यहां पहुंचने पर कांग्रेसियों में ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी के दिग्गज नेताओं के साथ ही कार्यकर्ता व समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान भारी भीड़ उमड़ रही। खरगे ने जनसभा को संबधित करते हुए लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी पर भी निशाना साधा। खरगे ने पीएम मोदी पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 15 लाख, काला धन लाऊंगा....कहां है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया लेकिन पहले जितनी भी नहीं बची। क्या यही मोदी की गारंटी है। वहीं, उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कई बातें कही।

### मुख्यमंत्री योगी ने किया 116 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**गोरखपुर** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, शनिवार को अभयनंदन इंटर कॉलेज में सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नगर निगम की 116 करोड़ की 176 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कूड़ा वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना भी किया.इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी कार्य को ठीक तरीके से करने के लिए किसी भी काम को हमें अच्छे तरीके से करना होता है। एक सफाईकर्मी को भी अपना कार्य करने के लिए अच्छा तरीका अपनाना चाहिए। उन्होंने सदर सांसद रवि किशन की चर्चा करते हुए कहा कि सांसद रवि किशन जब फिल्मों में काम करते हैं तो अच्छा वस्त्र पहनकर के काम करते हैं। अच्छा अभिनय भी करते हैं। इसलिए सभी दर्शक उन्हें पसंद करते हैं। उन्होंने सफाई कर्मियों से अपील करते हुए कहा कि सफाईकर्मी भी रवि किशन जी से सीख लें और अपने काम को अच्छे तरीके से करें। तभी गोरखपुर को पूरी तरह से स्वच्छ किया जा सकता है।

### झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज, फरवरी से बढ़ेगा तामपान

**रांची** : राज्य में ठंड का प्रकोप जारी है। राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में सुबह-शाम ठिठुराने वाली ठंड लोगों को परेशान कर रखी है। हालांकि, मौसम के मिजाज ने दिन में थोड़ी राहत जरूर दी है। रांची सहित अन्य जिलों में दिन तीखी धूप खिल रही है। इस वजह से रात के तापमान में थोड़ा अतंर आया है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार 29 और 30 जनवरी को सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। इसके बाद आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम शुष्क रहेगा। 31 जनवरी को राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो जिले में पड़ने की संभावना है।केंद्र के अनुसार एक फरवरी को राज्य के उत्तरी-पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ जिले में देखने को मिलेगा।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 23° |
| न्युनतम | 10° |

**बिहार में सियासी घटनाक्रम का हुआ पटाक्षेप, नीतीश कुमार बने 9वीं बार सीएम**

# हम जहां थे, वहीं आ गए : नीतीश

एजेंसी

**नई दिल्ली** : बिहार में बड़े सियासी घटनाक्रम में नीतीश कुमार के इस्तीफे के साथ ही महागठबंधन सरकार का अंत हो गया और नीतीश कुमार ने 9वीं बार सीएम पद की शपथ ली. नीतीश कुमार के साथ सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने भी शपथ ग्रहण किया है. सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है. वहीं, आधा दर्जन विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली. शपथ ग्रहण के बाद सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मैं पहले भी उनके (एनडीए) साथ था. हम अलग-अलग राहों पर चले, लेकिन अब हम साथ हैं और रहेंगे. मैं जहां (एनडीए) था वहां वापस आ गया हूं. अब कहीं और जाने का सवाल ही नहीं उठता. बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल राजेन्द्र वी आर्लेकर को रविवार सुबह अपना इस्तीफा सौंप दिया था. राज्यपाल को इस्तीफा सौंपकर राजभवन से लौटने के बाद नीतीश ने कहा, वह महागठबंधन से अलग होकर नया गठबंधन बनाएंगे. बिहार में भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े ने जनता दल (यूनाइटेड) अध्यक्ष नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कहा, भाजपा विधायकों ने जद(यू) के समर्थन से राज्य में राजग सरकार बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी.



### पीएम मोदी ने नीतीश कुमार को दी बधाई

**नई दिल्ली** : पीएम मोदी ने नीतीश कुमार को शपथ लेने पर बधाई दी. उन्होंने कहा कि ये टीम समर्पण भाव से राज्य के लोगों की सेवा करेगी.पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा,बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी. नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई. मुझे विश्वास है कि यह टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के मेरे परिवारजनों की सेवा करेगी.

### डिप्टी सीएम बने सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा



नीतीश कुमार के नवगठित मंत्रीमंडल में सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया गया। सम्राट चौधरी पिछले साल ही बीजेपी ने बिहार का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था. सम्राट चौधरी कुशवाहा समाज से आते हैं. सम्राट चौधरी शकुनी चौधरी के पुत्र हैं. शकुनी चौधरी समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं. बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पहले सम्राट चौधरी बिहार विधानपरिषद में नेता प्रतिपक्ष थे. भूमिहार समुदाय से आने वाले विजय सिन्हा बीजेपी के जाने माने नेता हैं. महागठबंधन से पहले बिहार में जब एनडीए की सरकार थी तो उस दौरान विजय सिन्हा को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया था.

**सीएम नीतीश कुमार के साथ आधा दर्जन विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली.**

**शपथ ग्रहण के बाद सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि मैं पहले भी उनके (एनडीए) साथ था. हम अलग-अलग राहों पर चले, लेकिन अब हम साथ हैं और रहेंगे.**

### 17 महीने पुरानी महागठबंधन सरकार का हुआ अंत

बिहार में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दिया और इसके साथ ही राज्य में 17 महीने पुरानी महागठबंधन सरकार का अंत हो गया.इस्तीफा देने से पहले नीतीश कुमार ने जेडीयू विधायकों की बैठक में कहा कि अब साथ रहना मुश्किल है और इस्तीफे का वक्त है. बैठक के बाद वह इस्तीफा देने के लिए राजभवन पहुंचे. नीतीश कुमार का यह कदम उस इंडिया ब्लॉक के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है जिसके सूत्रधार वह खुद रहे हैं. बिहार में चल रही सियासी उठापठक के बीच छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्णिया में कांग्रेस विधायकों के साथ बैठक कर मौजूदा सियासी हालत पर चर्चा किया.

## हर क्षेत्र में कमाल कर रही है हमारी बेटियां : पीएम मोदी

*** पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 109वें एपिसोड को किया संबोधित**



एजेंसी

**नई दिल्ली** : पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 109वें एपिसोड को संबोधित किया।कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने कहा कि अमृतकाल में नई उमंग है, नई तरंग है। इस साल संविधान के भी 75 वर्ष हुए और सुप्रीम कोर्ट के भी 75 वर्ष पूरे। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल प्रति के तीसरे अध्याय में लोगों के मूल अधिकारों का वर्णन किया गया है। दिलचस्प बात ये है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के चित्रों को स्थान दिया गया है। संविधान निर्माताओं के लिए भी ये प्रेरणा का स्रोत था। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी अपील पर मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक लोगों ने श्रद्धा भाव से धार्मिक स्थानों की सफाई की, ये भावना रुकनी नहीं चाहिए। सामूहिकता की यही शक्ति देश को सफलती की नई ऊचाई पर पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी की परेड बहुत अद्भुत रही। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा विमेन वापर की हुई। सभी झाकियों में महिला कलाकार शामिल थीं। डीआरडीओ की झांकी ने भी सभी का ध्यान खींचा, जिसमें दिखाया गया कि कैसे नारी शक्ति हर क्षेत्र में देश की सुरक्षा कर रही है। 21 वीं सदी का भारत ऐसे ही मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि अर्जुन अवार्ड में कई होनहार खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इसमें सबका ध्यान महिला खिलाड़ियों ने खींचा। इन एथलीटों ने कई बड़े टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया और भारत का परचम लहराया। बदलते हुए भारत में हर क्षेत्र में हमारी बेटियां कमाल कर रही हैं। इनके अलावा सेल्फ हेल्प ग्रुप के क्षेत्र में भी महिलाएं परचम लहरा रही हैं। वो दिन दूर नहीं जब गांव-गांव और खेतों में नमो ड्रोन दीदियां खेती करती दिखाई देंगीं। पीएम मोदी ने अंगदान को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे बीच कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो जीवन के बाद भी समाज के दायित्वों को निभाते हैं। ये लोग अंगदान करके अपना दायित्व निभाते हैं। ये निर्णय आसान नहीं होता है, लेकिन ये निर्णय कई जिंदगियों को बचाने के लिए लिया जाता है। आज देश में कई संगठन भी इस दिशा में प्रेरक प्रयास कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से सकारात्मक माहौल बन रहा है और लोगों की जिंदगियां भी बच रही हैं।

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का प्रयास ला रहा रंग**

## 2 मानव तस्कर गिरफ्तार, 19 लड़कियों को कराया गया मुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** सीएम हेमन्त सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बालक,बालिकाओं को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वासित किया जा रहा है। उसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र, नई दिल्ली एवं साहिबगंज पुलिस द्वारा दो मानव तस्कर को पकड़ा गया एवं उनके घर से बरामद दस्तावेज के आधार पर 19 लड़कियों को मुक्त कराया गया। उनमें 12 से 15 साल के बीच की 14 बच्चियां एवं पांच लड़कियां 18 वर्ष से ज्यादा की पाई गईं। सभी झारखंड के साहिबगंज जिला के बोरियो प्रखंड की निवासी हैं। इन्हें नई दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से अभियान चलाकर मुक्त कराया गया। इस कार्य में झारखंड पुलिस को झारखंड भवन नई दिल्ली और दो स्थानीय एनजीओ मिशन मुक्ति फाउंडेशन के संचालक वीरेंद्र कुमार एवं रेस्क्यू फाउंडेशन के अक्षय पांडे ने काफी मदद की। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली की नोडल ऑफिसर श्रीमती नचिकेता ने बताया कि उन्हें झारखंड के बोरियो पुलिस द्वारा यह सूचना दी गई थी कि एक मानव तस्कर कई लड़कियों को बहला फुसलाकर दिल्ली लाया है। पुलिस द्वारा दी गई सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस थाने से संपर्क स्थापित कर दो मानव तस्करों को पकड़ा गया। तस्करों के घर पर ही एक बच्ची मिली, जिसे वह मानव तस्करी कर दिल्ली लाया था। मानव तस्करों के मिलते ही साहेबगंज के एसपी श्री कुमार गौरव को सूचना दी गई। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत एक पुलिस टीम को दिल्ली के लिए रवाना किया। राजेश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली आई बोरियो पुलिस ने मानव तस्करों के घर से मिले दस्तावेज के आधार पर दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में छापामारी कर लड़कियों को मुक्त कराया।बता दें कि दिल्ली में मुक्त करायी गई बच्चियों को दलाल के माध्यम से लाया गया था।

## केंद्र सरकार व ईडी के खिलाफ जेएमएम ने राजभवन के सामने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के खिलाफ हो रहे ईडी की कार्रवाई को लेकर जेएमएम के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने रविवार को रांची के सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। जेएमएम कार्यकर्ता केंद्र सरकार और बीजेपी पर केंद्रीय एजेंसी का दुरूपयोग करके हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर मोरहाबादी से राजभवन तक मार्च कर रहे थे।

लेकिन रास्ते में ही पुलिस बल ने बैरिकेडिंग लगाकर जेएमएम कार्यकर्ताओं को रोक दिया। जेएमएम के राजभवन मार्च को लेकर राजभवन के पास भारी पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। इस पैदल मार्च में गुमला से विधायक भूषण तिर्की भी शामिल हुए थे। शनिवार को जेएमएम कार्यकर्ताओं ने जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला था। पैदल मार्च में शामिल जेएमएम कार्यकर्ता व नेताओं ने केंद्र सरकार साजिश के तहत हेमंत सोरेन सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है,राज्य सरकार विकास का काम कर रही है।

लेकिन भाजपा को यह हजम नहीं हो रहा है,केंद्र सरकार सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा रही है, लेकिन पार्टी के नेता व कार्यकर्ता केंद्र के इस रवैये को बर्दाश्त नहीं करेंगे ।केंद्र और भाजपा अगर सीएम को परेशान करना बंद नहीं करते हैं तो आने वाले चुनाव में भाजपा का सत्ता से उखाड़ फेकेंगे। नेता-कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी के नेता कार्यकर्ता हर दिन धरना प्रदर्शन करेंगे। झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि 27 जनवरी से 31 जनवरी के बीच बयान दर्ज कराना अनिवार्य घोषित किये जाने के बाद झामुमो चरणबद्ध तरीके से राजभवन के समक्ष अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी. उन्होंने कहा कि आज बीजेपी के इशारे पर चुनी हुई सरकार के खिलाफ ईडी जिस तरह से कार्रवाई कर रही है, वह बर्दाश्त के लायक नहीं है.

**टीम इंडिया की 12 साल से चली आ रही बादशाहत हुई खत्म, एक हार से टूट गए कई बड़े रिकॉर्ड**

## इंग्लैंड ने टीम इंडिया को 28 रन से हराया

एजेंसी

**हैदराबाद** : इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की शुरुआत काफी खराब रही है। हैदराबाद में खेले गए सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया को 28 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ कई बड़े रिकॉर्ड टूट गए हैं और भारत में टीम इंडिया की 12 साल से चली आ रही बादशाहत खत्म भी खत्म हो गई है। टीम इंडिया ने इंग्लैंड से पहले अपने घर पर आखिरी सीरीज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल खेली थी। उस सीरीज के आखिरी 2 मैचों में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी जीत नहीं जीत सकी थी। टीम इंडिया ने एक मैच हारा था और एक मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ था। वहीं, इस बार उसे इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना पड़ा। इसी के साथ पिछले 12 साल में ये पहला मौका है जब टीम इंडिया को भारत में लगातार 3 मैचों में से किसी एक मैच में भी जीत नहीं मिली है। टीम इंडिया ने इस मैच की पहली पारी में 190 रनों की बढ़त बनाई थी। लेकिन इसके बाद भी उसे 28 रनों से हार का सामना करना पड़ा। ये भारतीय क्रिकेट के इतिहास में पहला मौका है जब टीम इंडिया ने पहली पारी में 100 रन की बढ़त लेने के बाद अपने घर में कोई टेस्ट मैच हारा है। भारतीय टीम ने 106 बार अपने घर पर किसी टेस्ट में 100 से ज्यादा रन की बढ़त बनाई है। इस दौरान उसने 70 मैच जीते हैं और ये पहला मौका है जब उसे हार का सामना करना पड़ा है।



## जिंदा जल गए एक ही परिवार के 5 लोग

एजेंसी

**बरेली** : जिले के फरीदपुर में एक ही परिवार के 5 लोग जिंदा जल गए. मरने वालों में 3 बच्चे भी शामिल हैं. शनिवार की रात परिवार कमरे में सोया था. रविवार की सुबह उनके कमरे से धुआं निकल रहा था. मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई. जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई. अफसरों ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई. घर में हीटर या शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है. वहीं भाई ने दरवाजे पर बाहर से ताला लगे होने की बात कहते हुए हत्या का आरोप लगाया है.सुबह भाई घर पहुंचा तो कमरे से निकल रहा था धुआं = फरीदपुर थाना क्षेत्र के फरुखपुर मोहल्ले में अजय गुप्ता (35) अपनी पत्नी अनीता गुप्ता (34) के साथ रहते थे. वह हलवाई थे. परिवार में बेटा दिव्यांश गुप्ता (9), बेटी दिव्यांशी (6) और छोटा बेटा दक्ष (3) थे. शनिवार की रात को पूरा परिवार खाना खाकर सो गया था. रविवार की सुबह उनका छोटा भाई राजेंद्र गुप्ता अपनी बाइक लेने के लिए पहुंचा.



**संक्षिप्त खबरें**

## चैनपुर तालाब का तेजी से हो रहा है दोहन : रंजन दूबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर बाजार के पास वर्षो पुरानी तालाब का निर्माण हुआ था जिसका फ़ायदा वहा के आसपास के ग्रामीणों को होता था कभी भी ग्रामीणों को पानी का क़िल्लत से जूझना नही पड़ता था लेकिन तालाब पर भू माफियाओं का गंदी नजर होने के कारण आसपास के ग्रामीणों को पानी का क़िल्लत से जूझना पड़ रहा है।बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दूबे ने कहा कि आने वाला भविष्य आसपास के ग्रामीण पानी को लेकर काफ़ी समस्यायों से लड़ना पड़ेगा। भू माफिया तालाब में मिट्टी से भरावट कर के प्लॉटिंग कर चार दिवारी करने का काम कर रहा हैं तथा उन्होंने कहा कि प्रशासन के नाक के नीचे इतना बड़ा ग्रामीणों के साथ अपराध करने का काम भू माफिया कर रहा हैं जबकि तालाब का निर्माण जब हुआ होगा उस समय तालाब का जमीन राज्यपाल के नाम से रजिस्ट्री हुआ होगा तब भी जाकर तालाब का खुदाई सरकारी फंड से खुदाई किया गया होगा यह सोचनीय विषय है की राज्यपाल के नाम से रजिस्ट्री तालाब का ज़मीन होगा तो भू माफिया आख़िर कैसे मिट्टी का भरावट कर चार दिवारी का निर्माण मनमानी ढंग से कर रहा हैं और प्रशासन का आवा गमन उस रास्ते से प्रति दिन होता रहता है फिर भी प्रशासन मौन है,यह जांच का विषय हैं इस मामले को लेकर उपायुक्त से मिलेंगे और उनको ज्ञापन देकर मामले को संज्ञान में देने का काम करेंगे जिससे की घनी आबादी को आने वाला भविष्य में पानी का संकट का सामना नहीं करना पड़े।

# ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का मनाया गया 22 वां वार्षिकोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित रेहला ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का 22 वां वार्षिक उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ट्रस्ट के संस्थापक उमेश सिंह,नैनतरा सिंह, आनंद कुमार सिंह, समाजसेवी मनउर खान, डॉ डीपी शुक्ला, पार्षद नजमुदीन नूरी व फिरोज खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक अमित सिंह उर्फ बाबू सिंह व संचालन प्राचार्य मनीष पांडेय ने किया.बेलचंपा शाखा के प्राचार्य दीपक तिवारी द्वारा स्वागत



भाषण दिया गया। समारोह में बच्चों ने नृत्य, गायन, भाषण, नाटक सहित कई प्रतियोगता हुआ। जिसमे स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया.कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि गढ़वा डीडीसी राजेश कुमार राय उपस्थित रहे.स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रतीक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक मेधावी छात्रा जोया खान को गोद लिया। निदेशक अमित सिंह के द्वारा गोद ली गई बच्ची जोया खान को निःशुल्क शिक्षा और पाठ्य सामग्री देने की घोषणा की गई। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरष्कृत किया गया। मौके पर संगीत शिक्षा सुभाष कौशिक, सोनू कुमार, रंजीत कुमार, अजीत तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, अब्दुल लतीफ, विकास पांडेय, गीता चौबे, आभा चौबे, प्रतिभा शुक्ला, नंदन ठाकुर, पीयूष पांडेय, राजीव ठाकुर, राजू पाल, रिचा चौबे, शिवानी शुक्ला, संजीदा खातून, प्रतिमा, मनीषा, निशिका, प्रमिता, सोनाली, अंजलि सहित कई लोग मौजूद थे.

# तेतरिया मोड़ घटना में हैदरनगर के मृतक परिवारों से मिला कांग्रेस का शिष्टमंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** तेतरिया मोड़ पर मॉब लांचिंग में मारे गए हैदरनगर के तीन युवकों अरमान अहमद, मुजाहिद राइन व चमन मंसूरी के परिजनों से कांग्रेस का शिष्टमंडल जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में मिला। शिष्टमंडल में शामिल नेताओं ने पीड़ित परिवारों को ढाढस बंधाया। उन्हें इंसाफ दिलाने की बात कही। साथ ही पीड़ित परिवारों के बयान से केंदीय व राज्य के नेताओं को अवगत कराने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने बताया कि तेतरिया मोड़ की घटना की पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी इन परिवारों को हर संभव मदद के साथ उन्हें इंसाफ दिलाने का काम करेगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को



इंसाफ दिलाने के साथ घटना में मारे गए युवाओं के आश्रितों को बिहार सरकार से 25 -25 लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग करते है। उन्होंने कहा कि मारे गए तीनो युवा व्यवसाय कर अपना परिवार चलाते थे। उनकी मौत के बाद तीनो परिवार बेसहारा हो गए हैं। उन्होंने इस मामले से पार्टी के राज्य स्तरीय नेताओं के साथ साथ केंद्रीय नेताओं को अवगत कराने का काम करेंगे। शिष्टमंडल में शामिल पार्टी के प्रदेश महासचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि तेतरिया मोड़ की घटना में हैदरनगर के तीन युवकों की हत्या और दो युवकों के घायल होने से को पार्टी गंभीरता से ले रही है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को इंसाफ दिलाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस का शिष्टमंडल बिहार के प्रदेश अध्यक्ष से मिलेगा। उन्हे इस संबंध में पूरी जानकारी देंगे।

# मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने फहराया तिरंगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पंडवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मुखिया व पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने 26 जनवरी को पंचायत भवनों पर झंडोत्तोलन कर 75 वीं गणतंत्र दिवस मनाया। कजरी की मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने पंचायत भवन पर झंडोत्तोलन किया। मौके पर कजरी के युवा समाज सेवी महाराणा प्रताप सिंह उपमुखिया कविता देवी वार्ड सदस्य राधा मोहन सिंह, रंजय कुमार सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला- पुरूष व बच्चे शामिल थे। मुखिया सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन तमाम शहीदों को पूरे ग्राम की ओर से नमन करती हूं। जिनके बलिदान के कारण आज हम 75 वां गणतंत्र दिवस मनाने जुटे हैं। हमें उन शहीदों के त्याग को अपने जीवन में उतारना होगा। तभी हमारा समाज व देश का चहुमुंखी विकास की गाड़ी की रफ्तार तेज गति पकड़ सकेगी। आज पंचायत का जो विकास झलक रह है वह सभी ग्रामीणों के सहयोग का परिणाम है।

# एसवीएम में शान से लहराया तिरंगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को 75वें गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद ने आन बान और शान के साथ तिरंगा झंडा फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान के साथ तिरंगे झंडे को सलामी दी। इस दौरान भारत माता की जय,वंदे मातरम, वीर शहीद अमर रहे,महात्मा गांधी अमर रहे, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे, खुदीराम बोस अमर रहे आदि के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद ने कहा की आज हम गणतंत्र के 75 वें वर्ष मना रहे हैं, परंतु आज शिक्षा और स्वास्थ्य के बिना भारत देश अधूरा है। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बहुत बड़ा महत्व है, क्योंकि आप ही इस देश का भविष्य है इसलिए आप सभी अपने जीवन में अनुशासन का पालन करके अपने



आप को ऊंचे मुकाम पर ले जाएं ताकि आपका जीवन इस देश के लिए काम आ जाए।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने परेड,योग,भाषण, देश भक्ति गीत समेत छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि बड़े ही मुश्किल से हमें आजादी मिली है। हम आजादी को भूल नहीं सकते हैं। आजादी लेने के लिए क्रांतिकारियों ने बलिदान दे दिया। किसी अपना भाई खोया माताओं ने अपने बेटे को खो दिया, तब जाकर हमें आजादी मिली है। अंग्रेजी शासन के यातनाओ से भारतवासी परेशान थे और हम आजादी के लिए तैयार हुए आजादी के दीवानों में दो दल बनाए गए एक नरम दल तो एक गरम दल दोनों ने मिलकर आजादी की लड़ाई लड़ी। आज ही के दिन गणतंत्र दिवस के दिन संविधान लागू हुआ। तब से हम आज के दिन गणतंत्र दिवस मनाते हैं। मौके पर विद्यालय के सचिव रवि प्रकाश, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर छोटू, राजा पहाड़ी के मुख्य पुजारी रामचंद पाठक, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, समिति सदस्य शशिकला, शैलेश कुमार शुक्ला, पूर्व छात्र शिवम कुमार, शुभम जायसवाल, श्याम बच्चन मेहता सहित विद्यालय के आचार्य व दीदी जी उपस्थित थे।

# रामगढ़ का जालसाज फैयाज अंसारी गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में पुलिस ने भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड इलाके का रहने वाला जालसाज फैयाज अंसारी को चैनपुर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रविवार को उसे न्यायियक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी के पास से कई ब्लैंक चेक, स्टांप बरामद किए गए हैं। बताते चलें कि फैयाज अंसारी के खिलाफ चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा के रहने वाले अख्तर अंसारी ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था। अख्तर ने आरोप लगाया था कि फैयाज के साथ मिलकर कारोबार करते थे। इसी क्रम में फैयाज ने उसका ब्लैंक चेक अपने पास रख लिया और ढाई लाख रुपये उसमें भरकर बैंक में जमा किया, जो बाउंस कर गया। मामले में न्यायालय के निर्देश पर चैनपुर थाना में मामला दर्ज किया गया और अनुसंधान किया गया। इस क्रम में फैयाज अंसारी के घर रामगढ़ छापामारी की गई यहां से आरोपी को जहाँ गिरफ्तार किया



गया, वही सर्च अभियान में 8 से 10 ब्लैंक चेक बरामद किया गया, जबकि कई स्टांप भी बरामद किए गए। चैनपुर पुलिस के अनुसार आवेदनकर्ता अख्तर अंसारी ने जो भी आरोप फैयाज अंसारी पर लगाए थे, अनुसंधान के दौरान सारे सही पाए गए। यह भी सामने आया कि फैयाज अंसारी सादा स्टांप पर साइन कर के रखा हुआ था और उसे फर्जीवाड़ा करने की तैयारी में था. स्टांप का भी इस्तेमाल इसी तरह के काम में करता था। पूरे मामले में छानबीन की जा रही है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में दसवीं कक्षा के भैया बहनों का किया गया विदाई समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को कक्षा दशम के भैया बहनों का स्नेह मिलन सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के दर्शन के भैया-बहनों को कक्षा नवम के भैया-बहनों द्वारा सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, राजकुमार प्रसाद एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम, मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात कक्षा नवम की बहन डिंपल, वैष्णवी, समीक्षा, राजनंदनी व सुमन ने स्वागत गीत.. मां की वीणा से गूंजती ध्वनि मंगलम एवं स्नेह मिलन विदाई गीत कैसे कर दे विदा आपको.. गीत बहन शानू, साक्षी, समीक्षा, जानवी, शिखा और सोनाक्षी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कक्षा दसवीं के भैया आर्यन विभूति एवं बहन माही राज ने सारगर्भित अनुभव कथन प्रस्तुत किया।कक्षा



दसवीं की बहन पलक पांडेय ने विदाई गीत आंखों में लेकर आंसू की धार लेने आए हम विदाई गीत गाकर सभी भैया बहनों को भाव विभोर कर अपने गीत से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।विदाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि आप भैया-बहन की विदाई नहीं हो रही है। आप अपने जीवन की नई मुकाम हासिल करने के लिए जा रहे हैं। आप विद्यालय को भूल मत जाइएगा और यहां के संस्कारों को बनाए रखिएगा।आप जहां भी जाए आपके व्यवहार से विद्यालय की संस्कार झलके। अब आप पुरातन छात्र कहलाएंगे। आप सभी बच्चे विद्यालय के नाज है। उन्होंने बच्चों को सभी विषय में अच्छे से अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विशेष निर्देश एवं शुभकामना दिया।विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने सभी भैया बहनों को जेएसी द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षा सत प्रतिशत सफलता के लिए कड़ी मेहनत और समय का सदुपयोग करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कक्षा दसवीं का विदाई सभी आचार्यो के लिए पीड़ा दायक है पर आप अच्छे अंकों से मैट्रिक पास कर विद्यालय और अपने माता-पिता के नाम रोशन करें।इस दौरान विद्यालय के पुरातन छात्र सह अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार द्वारा सभी भैया बहनों को कलम भेंट किया गया।

# एमएसए स्कूल का धूमधाम से मना 20 वां वार्षिकोत्सव

## कम फीस में बेहतर शिक्षा के लिए प्रचलित है एमएसए स्कूल : त्रिपाठी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर निगम अंतगर्त पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस और 20वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के सभी बच्चों और शिक्षकों द्वारा सुबह 7 बजे प्रभातफेरी निकाला गया। इसके बाद स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक अंसारी ने झंडोत्तोलन किए और संविधान द्वारा बनाए गए नियम पर चलने के लिए शपथ भी दिलवाए। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि ज्ञानचंद पाण्डेय, समाजसेवी रूद्र शुक्ला, भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह, वार्ड पार्षद नीरा देवी, सुनील उरांव, अभिषेक मिश्रा, कुशवाहा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रिंकू मेहता, प्राचार्य सुनिता प्रसाद, उप-प्राचार्य अफजल शफीक ने दीप प्रज्वलित कर किया।





**शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान : ज्ञानचंद पाण्डेय**

वार्षिकोत्सव के उद्घाटन के दौरान हजारों अभिभावकों को संबोधित करते हुए समाजसेवी ज्ञानचंद पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है। मनुष्य जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा शफीक जी से मेरी पुराने ताल्लुकात है, मैंने हमेशा इनमें एक आगे बढ़ने का जुनून देखा और आज हमें बहुत खुशी होती है कि मेदिनीनगर पोखराहा खुर्द में स्कूल स्थापित कर पलामू के बच्चों का जिंदगी संवारने का काम कर रहे हैं। इसके साथ-साथ इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उच्चतम डिग्री नेट - जेआरएफ स्कोलर तक का परीक्षा पास कर पलामू का नाम रौशन किया है।

**एमएसए कम समय में बनाया अपना अलग पहचान : पुर्व मंत्री**

मुख्य अतिथि केएन त्रिपाठी ने अभिभावकों से कहा शिक्षा ही ऐसा हथियार है जिसे न आपके बच्चों से कोई छीन सकता न ही चुरा सकता हैं। और यह स्कूल कम फीस में पढ़ाई का बढ़िया माहौल कायम किया है। यही कारण है कि अब इस स्कूल में सहर से भी बच्चें आकर शिक्षा ग्रहण करने लगे हैं। मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने एम.एस.ए पब्लिक स्कूल के बच्चों की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्कूल ग्रामीण परिदृश्य में भी बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहे हैं।

**अन्य वक्ताओं ने कहा**

वार्ड पार्षद नीरा देवी ने कहा कि एमएसए स्कूल पोखराहा जैसे ग्रामीण इलाकों मे कम फीस में सभी सुविधाएं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का काम कर रहा है। मौके पर रूद्र शुक्ला ने अभिभावकों से कहा एक रोटी कम खाइए लेकिन बच्चों को शिक्षा जरूर दीजिए। मौके पर छात्रसंघ नेता अभीषेक मिश्रा, अभिषेक राज, अफजल शफीक ने भी अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर प्रिंसिपल सुनिता प्रसाद ने कहा नए सत्र 2024-25 में नामांकन? 50 परसेंट डिस्काउंट के साथ प्रारंभ हैं इच्छुक पैरेंट्स 9199589132 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने खूब लुटी वाहवाही**

वेलकम डांस, बाल विवाह ड्रामा, पिरामिड स्टंट,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक,शिक्षा का महत्व ड्रामा, इफेक्ट आफ शोशल मिडिया, आवाज़ दो हम एक है, नगाड़े संग ढ़ोल बाजे, वन्दे मातरम्,घुमर तथा पंजाबी, काशमीरी डांस एवं गुलाबी शरारा, सबसे प्यारा मेरे पापा जैसे कुल 51 गानों में कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण भूमिका रहा। हजारों की संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने कार्यक्रम को खूब सराहा और पसंद किए।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

# विद्यार्थियों के देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** विद्या भारती विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंद्रेश्वर प्रसाद अधिवक्ता, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, सचिव राकेश तिवारी, सत्येन्द्र कुमार चंदेल, कामाख्या नारायण सिंह, प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 10 बजकर 30 मिनट पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद घोष दल के द्वारा घोष का प्रदर्शन एवं छोटे-छोटे भैया बहनों के द्वारा पिरामिड एवं साहसिक प्रदर्शन किया गया। भैया बहनों ने अग्नि चक्र से गुजर कर कई साहसिक करतब को दिखाया।मुख्य अतिथि ने भैया/बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश 75 वां गणतंत्र दिवस बड़े गर्व के साथ मना रहा है। अपने राष्ट्र को विकास की बुलंदियों तक ले जाना है। विद्यालय के सचिव राकेश तिवारी ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए देश को प्रगति के मार्ग पर ले जाने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के भैया बहनों द्वारा शारीरिक, योग, हिंदी, संस्कृत एवं अंग्रेजी में भाषण, सामुहिक देश भक्ति गीत एवं भैया/बहनों का राष्ट्रीय सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया।अध्यक्ष महोदय के आशीर्वचन एवं वरिष्ठ शिक्षक शशि कुमार के आभार प्रदर्शन और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य/दीदी जी एवं भैया-बहन उपस्थित थे।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**हुसैनाबाद :** विद्या भारती विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के प्रांगण में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उपस्थित अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने कराया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे एक कुशल,



साहसी एवं आत्मस्वावलंबन प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत रहे हैं।ये विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति, आचार्य, बंधु,भगिनियों एवं भैया बहनों के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए विद्यालय प्रगति के कार्यो में अपना योगदान देते रहे जो हम सबों के लिए एक यादगार बना रहेगा। इस क्रम में आए हुए अतिथियों द्वारा प्रधानाचार्य को शॉल एवं पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया तथा विद्यालय परिवार एवं विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति की ओर से प्रेमोपहार भी दिए गए तथा जीवन की नई पारी के लिए हार्दिक भावभीनी मंगलकामनाएं भी दी गई।इस अवसर पर विद्यालय की बहनो के द्वारा विदाई गीत गाया गयाञअंत में विद्यालय के अध्यक्ष शिवप्रसाद मेहता ने पूर्व प्रधानाचार्य को एक सफल प्रधानाचार्य के रूप में उल्लेखित किया।उन्होंने उन्हें उनके उज्जवल भविष्य,स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।इस समारोह का धन्यवाद ज्ञापन संजय सिन्हा ने दिया और शांति मंत्र के द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ।मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त समारोह बेहद भावुक माहौल में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के माननीय संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद,उपाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार चंदेल,राजेश सिंह,अजय गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश विश्वकर्मा, मृत्युंजय प्रसाद, राजकुमार सिंह, रंजीत मिश्र, दीपक पाण्डेय, सुनील गुप्ता, पुरुषोत्तम वैद्य सहित विद्यालय के सभी आचार्य/दीदी जी एवं कर्मचारी उपस्थित

## कार अनियंत्रित होकर खेत में पलटी हादसे में एक युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के ओड़नार स्थित जोगियाहा मोड़ के समीप एक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।चैनपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। घायल युवकों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई।आसपास के ग्रामीण के जानकारी के अनुसार उक्त कार गढ़वा के तरफ से मेदिनीनगर की और जा रही थीं तभी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमे ड्राइवर के अलावा एक दंपति सवार थें जिसमे एक की मौत हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### 1100 से अधिक परिवार के सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति के सौजन्य से 133 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद 1100 से अधिक जरुरतमंद परिवार के सदस्यों ने ग्रहण किया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 132 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है।133 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन श्री कृष्ण महिला समिति की सदस्या एवम उनके परिवार के सौजन्य से किया गया।

### केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ झामुमो के आक्रोश प्रदर्शनों पर भाजपा का हमला

**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ झामुमो के आक्रोश प्रदर्शनों पर कहा कि हाल के दिनों में झामुमो के कार्यकर्ता ईडी के द्वारा मुख्यमंत्री को समन दिए जाने के खिलाफ हरवे, हथियार के साथ आक्रोश प्रदर्शन कर रहे हैं। यह तो वही बात हुई कि 'एक तो गलती करना, ऊपर से रौब झाड़ना। ऐसे भी केंद्रीय एजेंसी के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन पूरे तरीके से गैरकानूनी है और पुलिस को अविलंब कड़ी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करना चाहिए। प्रतुल ने कहा कि राज्य की संवैधानिक मशीनरी ध्वस्त हो गई है। अब सरकार के इशारे पर सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता जांच में अवरोध पैदा कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में 70 हजार करोड़ का घपला-घोटाला हुआ है।

# 11 लाख 61 हजार रुपये और हथियार के साथ 4 अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बीतें16 जनवरी 2024 को कोलकाता से रांची आ रही शिवम बस में दशमफॉल थाना क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें सब्जी व्यापारी से 18 लख रुपए लूट लिया गया था। इस पूरे मामले में एसएसपी चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस में लूटे गये 18 लाख रुपए में से 11 लाख 61 हजार सहित चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बाकी फरार अपराधियों की तलाश जारी है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि इस टीम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले हमारे पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

**कैसे दी घटना को अंजाम:** एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि 16 जनवरी 2024 को दशमफॉल थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाडीह पुल के पास इटकी के रहने वाले एक सब्जी व्यापारी तौफिक आलम,मो सईद के साथ करीब 18 लाख रुपए की लूट हुई थी। इस घटना को अंजाम देने के लिए शहजान अंसारी, इफ्तेखार उर्फ रोबर्ट मुख्य रूप से शामिल था । घटना को अंजाम देने के बाद ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो के नेतृत्व में एसआइटी की टीम गठित की गई थी और इसके बाद पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। शहजान अंसारी ,शमीम अंसारी, जबीउल्लाह मियां और इफ्तिखार आलम रोबर्ट शामिल है । इन लोगों ने पहले कोलकाता के बस स्टैंड बाबू घाट में सब्जी व्यापारी की रेकी की । इफ्तेखार पहले से सब्जी व्यापारी को जानता था। इस लिए इफ्तेखार ने शहजान के साथ व्यापारी का रांची से पीछा करते कोलकाता गया। व्यापारी सईद, तौफिक शिवम् बस में बैठे तो शहजान भी उसी बस में जा बैठा और दूसरा इफ्तेखार उसके पीछे आनेवाली बाबा बस में



बैठ गया। सुबह तमाड़ पहुंचे तो इफ्तेखार बस से उतर गया और दूसरी बस से रांची चला आया। यही इटकी का रहने वाला जबीउल्लाह और शमीम अंसारी को जानकारी दी और ये दोनों अपने चार अन्य साथियों के साथ पिकअप वैन रांची के रातू क्षेत्र के हाजी चौक से हथियार के साथ सुबह करीब 4˜00 बजे बुंडू पहुंच गया और करीब 5˜30 बजे शिवम बस जब बुंडू ओवर ब्रिज के पास यात्री बैठने के लिए रुकी तो शमीम अंसारी और इसके साथ दो साथी हथियार के साथ सामान्य यात्रियों की तरह शिवम बस में चढ़ गए। जिसमें शहजान पहले से कोलकाता से आ रहा था और सब्जी कारोबारी दोनों बैठे थे । बुंडू टोल पर किया तब बस में सवार अपराधी शहजान अंसारी , शमीम अंसारी और उसके दो साथी हथियार के बल पर दोनों सब्जी कारोबारी के साथ लूटपाट शुरू कर दिया । इस बीच एक अपराधी ने सईद के पैर पे चाकू से जख्मी कर दिया । वहीं बस चालक और खलासी को देसी कट्टा के बट्ट से मारकर जख्मी कर दिया । दहशत फैलाने के लिए एक राउंड फायरिंग किया गया ।

**छापेमारी दल में शामिल पुलिस कर्मियो:** बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक रजत मणि बाखला , तमाड़ आंचल पुलिस निरीक्षक राय सौमित्र पंकज भूषण, पुलिस अवर निरीक्षक प्रेम प्रकाश थाना प्रभारी दशमफॉल , रोहित कुमार नगडी, सुमित कुमार मेसरा ओपी प्रभारी, अमित प्रशांत इटकी थाना प्रभारी , मुकेश हेंब्रम बेडो थाना प्रभारी , कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह, पुअनि दशम फॉल थाना विकास कुमार , पुअनि वीरेंद्र चौडे बुंडू थाना, ग्यास खान टाउन थाना लोहरदगा , सुकुर टोप्पो दशामफॉल थाना, तकनीकी शाखा के प्रभारी सहायक अवर निरीक्षक शाह फैसल, प्रवेश कुमार पासवान, स्टेनली हेंब्रम, सुभाष कुमार ,वीरेंद्र शाह ,नंदकिशोर महतो , जगन्नाथ सिंह मुंडा, एसएसपी के क्यूआरटी एवं दशमफॉल के सशस्त्र बस शामिल थे।

## रांची एयरपोर्ट पर 100 करोड़ की लागत से हो रहे हैं विकास के कार्य : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची एयरपोर्ट पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची की विमान पाटन सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता मान्य सांसद संजय सेठ ने की सर्वप्रथम विमानपतंन निदेशक द्वारा सांसद संजय सेठ को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया, तत्पश्चात एयरपोर्ट के निर्देश ने बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची पर यात्री सुविधाओं से संबंधित कार्य एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्य का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया गया एवं रांची हवाई अड्डा प्रबंधन द्वारा किए जा रहे कार्य से अवगत कराया। बैठक में सांसद संजय सेठ ने बताया रांची एयरपोर्ट में यात्री के सुविधा को ध्यान में रखते हुए 100 करोड़ की लागत से विकास के कार्य किया जा रहे हैं एयरपोर्ट के अंदर पहले तले का विस्तारीकरण किया जा रहा है ताकि 500 से 600 लोग आराम से बैठ सके वही लाइब्रेरी की व्यवस्था, यात्री के लिए कैंटीन की व्यवस्था, सहित कई



अन्य सुविधा प्रदान की जाएगी। सांसद सेठ ने बताया केंद्र सरकार द्वारा स्टूडेंट के लिए फ्लाइट में 25 किलो तक लगेज ले जाने में छूट दी है उन्हें सिर्फ कॉलेज का आईडी कार्ड दिखाना पड़ेगा । केंद्र सरकार द्वारा एक और व्यवस्था की गई है जिन यात्री का फ्लाइट अगर किसी कारण बस छूट जाती है तो अब पैसे नहीं काटेंगे इस कंपनी के फ्लाइट से उसे दोबारा उसे गंतव्य स्थान तक भेजने का प्रावधान किया गया है इसमें कुछ नॉर्मल चार्ज यात्रियों को देना पड़ेगा। बैठक में एयरपोर्ट के निर्देशक आर आर मौर्य एयरपोर्ट, नगर निगम, एवं रांची एयरपोर्ट के प्रशासनिक पदाधिकारी, सहित कमेटी के सदस्य राम प्रसाद जलान ,आशीष भाटिया , आर एन सिंह ,विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## मोरहाबादी मैदान से राजभवन तक झामुमो का पैदल मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्र सरकार और भाजपा पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने और झारखंड सरकार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करने के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रविवार को पैदल मार्च निकाला।

यह पैदल मार्च रांची के मोरहाबादी मैदान से चलकर राजभवन पहुंचा।हालांकि, झामुमो कार्यकर्ताओं और नेताओं को राजभवन से पहले ही बैरिकेड लगाकर रोक दिया गया।

राजभवन के बाहर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। कार्यकर्ता और नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार साजिश के तहत हेमंत सोरेन सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। राज्य सरकार विकास का काम कर रही है लेकिन भाजपा को यह हजम नहीं हो रहा है।

केंद्र सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा रही है लेकिन पार्टी के नेता और कार्यकर्ता केंद्र के इस रवैये को बर्दाश्त नहीं करेंगे। केंद्र और भाजपा यदि मुख्यमंत्री को परेशान करना बंद नहीं करते हैं तो आने वाले चुनाव में भाजपा का सत्ता से उखाड़ फेकेंगे। पार्टी के नेता-कार्यकर्ता हर दिन धरना-प्रदर्शन करेंगे।

मार्च में गुमला के विधायक भूषण तिर्की सहित रांची, लोहरदगा, गुमला सहित अन्य जिलों के झामुमो कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए है।

## डॉ. लाल हॉस्पिटल और हीगर इंडिया ने संयुक्त रूप से कार्यशाला का आयोजन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** होटल चाणक्या बीएनआर में डॉ. लाल्स हॉस्पिटल और हीगर इंडिया के संयुक्त सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें डॉ लाल हॉस्पिटल की कंसल्टेंट डॉ. श्वेता लाल और डॉ. शब्दिका लाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ श्वेता लाल ने बताया कि इसका उद्देश्य एसयूआई/ ल्यूकोरिया/ वेजाइनल प्रोलैप्स जैसी समस्याओं में लेजर की संभावना के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बिना किसी सर्जरी, भर्ती या खून की कमी के इन समस्याओं से जूझ रही महिलाओं के लिए यह एक बड़ी मदद होगी।इस कार्यशाला में शिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें शहर के लगभग 100



चिकित्सकों ने भाग लिया। इस मौके पर राँची के डॉ लाल हॉस्पिटल में 20 मरीज़ों का मुफ़्त लेज़र ट्रीटमेंट किया गया। इस कार्यशाला में शहर के प्रतिष्ठित डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा (पूर्व अध्यक्ष स्न्ह्व्न्स्ढ्ठ) और डॉ. पंखिला मित्तल ने व्याख्यान दिया। डॉ. शोभा चक्रवर्ती, डॉ. उषा रानी, डॉ. उषा नाथ, डॉ. सुषमा प्रिया, डॉ. पीबी सहाय, डॉ. रीता लाल, डॉ. गीता सिन्हा मानकी, डॉ. शशि बाला, डॉ. अर्चना, डॉ. अनंत सिन्हा, डॉ. माया वर्मा और डॉ. सुमन सिन्हा आदि जैसी प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भी इस कार्यशाला में भाग लिया।

## झारखंड एक बेचैन राज्य का सुख पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार सह लेखक श्याम किशोर चौबे द्वारा लिखित पुस्तक झारखंड एक बेचैन राज्य का सुख का लोकार्पण द रांची प्रेस क्लब में किया गया। पुस्तक लोकार्पण में मुख्य रूप से पद्मश्री बलबीर दत्त, मंत्री डॉ.रामेश्वर उराँव, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र सहित कई पत्रकार उपस्थित थे। बताया गया कि इस पुस्तक में झारखंड के अतीत से लेकर वर्तमान के हालात को बताया गया है। लेखक श्याम किशोर चौबे ने कहा कि झारखण्ड एक ऐसा राज्य है जिसमें कई यादें हैं। अगर सभी बिंदुओं पर लिखेंगे तो एक ग्रंथ लिखा जाएगा। झारखंड राज्य आंदोलन की बदौलत मिली



है। लेकिन इस किताब में राज्य के वर्तमान से लेकर अतीत के बारे में बताया गया है। आखिर झारखंड गठन के पहले राज्य कैसा था क्या चुनौती थी और अब क्या हालात है, इन तमाम बिंदुओं को पुस्तक में लिखा गया है। वहीं पद्मश्री बलबीर दत्त ने भी झारखंड की राजनीति पर प्रकाश डाला और विस्तार से जानकारी दी। वहीं मंत्री रामेश्वर उरांव, बाबूलाल मरांडी, वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र ने भी अपनी बातों को रखा।

## 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार खिलाड़ी शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भुवनेश्वर चरण 3 फरवरी को शुरू होगा और 9 फरवरी को समाप्त होगा जबकि राउरकेला चरण 12 फरवरी को शुरू होगा और 18 फरवरी तक चलेगा। भारत 3 फरवरी को मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए, दोनों चरणों में मेहमान टीमों, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, चीन और ऑस्ट्रेलिया से दो-दो बार भिड़ेगा। अनुभवी गोलकीपर सविता को कप्तान के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है, जबकि अनुभवी फारवर्ड वंदना कटारिया एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए उप कप्तान के रूप में काम करेंगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने टीम चयन पर कहा, ÷हमारे पास एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए कुछ युवा खिलाड़ी आ रहे हैं। लीग हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि चैंपियन एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में अपना स्थान सुरक्षित करेंगे। हम टीम के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करेंगे और टीम दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों का सामना करने के लिए उत्सुक हैं। हमारा लक्ष्य अपने अभियान को मजबूत तरीके से शुरू करना और लीग के दौरान सुधार जारी रखना होगा।

**भारतीय महिला हॉकी टीम इस प्रकार है :** गोलकीपर : सविता (कप्तान), बिच्छू देवी खारिबाम, डिफेंडर्स : गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, मिडफील्डर : निशा, वैष्णवी विठ्ठल फाल्के, नेहा, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका, ज्योति, बलजीत कौर, सुनेलिता टोप्पो, फारवर्ड : मुमताज खान, ब्यूटी डुंगडुंग, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया (उपकप्तान), शर्मिला देवी, प्रो लीग के लिए झारखंड के चार खिलाड़ियों के चयन होने पर खेल निदेशक श्री सुशांत गौरव ,हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह सहित खेल विभाग और हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## सा रे गा रे वॉयस ऑफ झारखंड में सजी सुरों की महफिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस जरूरत है तो उन प्रतिभाओं को मंच देने की ढ्ढ मंच देने का काम किया है सा रे गा रे वॉयस ऑफ झारखंड ने ढ्ढ इस कार्यक्रम में झारखंड और झारखंड के बाहर से सैकड़ों प्रतिभागियों ने ऑडिशन देकर हिस्सा लिया था। उनमें से लगभग 50 गायकों को ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया था । सभी प्रतिभागी जब मंच पर अपने गायकी का प्रदर्शन करने के लिए आए तो




श्रोता हैरान रह गए कि झारखण्ड में भी इतने सुरीले गायक हैं । सभी गायकों ने अपने गायकी से सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों के लिए चयनसमिति करने का काम मशहूर गायिका मृणालिनी अखौरी , अमित सरकार और अतुल वर्मा ने किया। कार्यक्रम के संचालक मो साबिर हुसैन, अरशद उबैद ने कहा कि वे हमेशा यूवाओ को विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से मंच देते रहते है ओर आगे भी देते रहेंगे । हमारे झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नही है, बस जरूरत है उन्हे सही मार्गदर्शन का , और वे हमेशा इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से कलाकारों का हौसला आगे भी बढ़ाते रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका जैसवाल , संजना शर्मा , जिम्मी गुप्ता सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय, उद्योग और सरकार के साझा प्रयास से देश का विकास संभव : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालय, उद्योग और सरकार के साझा प्रयास से देश का विकास संभव है। वर्तमान समय की जरूरत एवं तदनुसार उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न विषयों को विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल करना होगा। साथ ही सरकार को भी इसके अनुरूप माइक्रो लेवल पर नीति-निर्धारण करना पड़ेगा। इस प्रकार के साझा प्रयास एवं नीति-निर्धारण से ही हम विकसित देशों की श्रेणी में पहुंच सकते हैं और विकसित भारत-2047 के सपनों को साकार कर सकते हैं। राज्यपाल रविवार को रांची के नामकुम में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं एमिटी विश्वविद्यालय में संयुक्त रूप से आयोजित यूनिवर्सिटी इंडस्ट्री गर्वनमेंट (यूआईजी) समिट 2024 को संबोधित कर रहे थे।राज्यपाल ने कहा कि विकास के लिए यह आवश्यक है कि सैद्धांतिक शिक्षा को प्रायोगिक रूप से धरातल पर उतारा जाय। नवाचार (इनोवेशन) और रचनात्मकता का वातावरण हमारे शिक्षण संस्थानों एवं औद्योगिक संस्थानों में हो। इसको बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीतियां भी कारगर हो। ऐसे वातावरण के विकसित होने से और प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और विद्यार्थियों में निहित प्रतिभाएं सामने आयेगी। इन प्रतिभाओं के सामने आने से विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। पुरानी तकनीक को पुनर्भाषित करते हुए नित्य-नई तकनीक को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इसमें असफलता भी आयेगी लेकिन इससे घबराना नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि भारत के विकास में नई शिक्षा नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### अपराधी ने मारी गोली अस्पताल में भर्ती, पुलिस छानबीन में जुटी

**रांची:** अपराधियों ने नगड़ी ओपी क्षेत्र के कुदलोंग बस्ती में ताबड़तोड़ फायरिंग की है। अपराधियों की फायरिंग में किराना दुकानदार मणिराज केसरी बाल बाल बच गया है। गोली मणिराज के कान को छूते हुए निकल गई। फायरिंग के बाद अपराधी बाइक पर सवार होकर निकल गए। बताया जाता है कि दो बाइक पर सवार चार अपराधी आये थे और मणिराज पर फायरिंग करने के बाद फरार हो गए। घायल दुकानदार को पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घायल मणिराज ने पुलिस को बताया है कि उसपर हमला क्यों किया गया है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है ।

## यादव के बगैर देश की परिकल्पना अधूरी : कैलाश यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** जगन्नाथपुर मंदिर परिसर के समीप श्रीकृष्ण विकास परिषद के तत्वाधान में प्रांतीय स्तर पर यादव समाज का मिलन सह वनभोज समारोह कार्यक्रम का अध्यक्षता परिषद के सम्मानित मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । इस अवसर तमाम गणमान्य के साथ प्रांत के 24 जिलों से आए भारी संख्या में यदुवंशी परिवार शामिल हुए । अध्यक्षता संबोधन के दौरान परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने कहा कि यदुवंशियों का इतिहास श्रृष्टि से जुड़ा हुआ है लोक परलोक में यादवों के इष्टदेव यदुकुल शिरोमणि भगवान श्रीकृष्ण ने जनकल्याण के कर्म प्रधानता को



आगे कर सामाजिक न्याय के लिए एवं अधर्म के खिलाफ अनंत कार्य किए हैं ! यदुवंशी गोरक्षक प्रभु श्रीकृष्ण के वंशज हैं उनके आदर्शों पर यादव समाज का प्रमुख संकल्प होना चाहिए। झारखंड बनने के बाद राज्य में लगभग 20 फीसदी यादव समाज का आबादी है ओबीसी वर्ग का मजबूत स्तंभ यादव समाज है , लेकिन हेमन्त सरकार बनने के बाद यादव सबसे अधिक उपेक्षित हुए, लगभग 65 फीसदी ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के नाम पर समाज को छलने का काम किया गया है।

परिषद के अतिथि जयसिंह यादव ने कहा कि सुरेश श्रीकृष्ण विकास परिषद के तत्वाधान में परंपरा अनुसार प्रत्येक वर्ष यादव समाज की एकजुटता के मिलन समारोह और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम किया जाता है लेकिन युवा पीढ़ी और महिलाओं को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है । अध्यक्ष सुरेश राय, सचिव रामकुमार यादव, सुरेश गोप यादव, सुधीर गोप ,केएन गोप ,चंद्रिका यादव ,सुनील यादव ,राजकिशोर सिंह, उमेश यादव ,शंकर यादव ,रामनिवास राय ,उमेश राय ,मनोज यादव ,मैनेजर राय ,रामइकबाल चौधरी , जितेंद्र यादव, यदुवंश यादव ,महानंद सुरेंद्र यादव , द्वारिका यादव, मिथलेश यादव, रघु यादव, मधेश्वर यादव, देवेंद्र गोप ,अनिल यादव ,संजय यादव ,गुड्डू यादव सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए ।

## एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने 75वां गणतंत्र दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 75वां गणतंत्र दिवस बड़े गर्व और देशभक्तिपूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अनिमेष जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक , कोयला खनन ने तिरंगा झंडा फहराया। इस अवसर पर जैन ने कहा कि एनटीपीसी 73874 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ देश के हर चौथे बल्ब को जलाकर देश की ऊर्जा सुरक्षा में सबसे बड़ा योगदान कर्ता रहा है और इसका कोयला खनन व्यवसाय मुख्य व्यवसाय को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। . उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में एनटीपीसी-एनएमएल ने 27.5 एमएमटी का रिकॉर्ड कोयला उत्पादन किया है, जो साल-दर-साल 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज किया और इस वित्तीय वर्ष में 77 प्रतिशत के साथ 28.5 कोयला प्रेषण किया है। उन्होंने कहा कि केरेन्डरी कोयला खनन परियोजना से कोयला उत्पादन 25.01.2024 को शुरू हुआ और इसके साथ, यह एनटीपीसी को ईंधन देने के लिए कोयला उत्पादन करने



वाली एनटीपीसी की 5वीं कोयला खदान बन गई। उन्होंने कहा कि बादाम कोयला खनन परियोजना वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोयला उत्पादन शुरू कर देगी। इस अवसर पर, श्री जैन ने कर्मचारियों को उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए बधाई दी, जिसके परिणामस्वरूप रिकॉर्ड कोयला उत्पादन हुआ और इसकी खदानों से एनटीपीसी बिजली स्टेशनों को भेजा गया। सीईओ, एनएमएल और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने कहा कि एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) खनन, ईंधन में आत्मनिर्भरता की कल्पना कर रही है, एनटीपीसी का लक्ष्य इस साल एनटीपीसी के 50 साल पूरे होने से पहले 50 एमएमटी हासिल करना है और एनटीपीसी की कोयला आवश्यकता का 30 प्रतिशत कोयला आवश्यकता 2030 को पूरा करेगा, और 2037 तक एनटीपीसी की 50त्न कोयले की आवश्यकता को पूरा करने का लक्ष्य है।

## राज्य सरकार मछुआरों को सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना के दायरे में लाएगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार ने मछुआरों को सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ देने की योजना तय की है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इस बीमा का कवरेज प्रदान किया जाना है। इस योजना का लाभ दिए जाने को मत्स्य निदेशालय, झारखंड ने सूचना भी जारी की है। इसके मुताबिक इस योजना में 18-70 वर्ष आयु वर्ग के सभी मछुआरों को कवर किया जाना है। ऐसे मछुआरे जो किसी भी निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति या मत्स्यजीवी स्वावलम्बी समिति के सदस्य हों, उन्हें लाभ दिया जाना है। जिला स्तर, प्रमंडल या राज्य स्तर पर मत्स्य विभाग से संबद्ध मत्स्य कृषक, मत्स्य विक्रेता, मत्स्य बीज उत्पादक, मत्स्य श्रमिक, मछली पकड़ने वाले, केज मत्स्य मित्र, मत्स्य मित्र या मत्स्य पालन से संबद्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों को भी इसका लाभ दिया जाएगा। मत्स्य निदेशालय के मुताबिक बीमित मछुआरों की मृत्यु पर बीमा कंपनी की ओर से पांच लाख रुपये का भुगतान परिजन को किया जाएगा। स्थायी पूर्ण अपंगता की स्थिति में भी इसका लाभ मिलेगा। स्थायी आंशिक अपंगता पर बीमित को 2.50 लाख रुपये का भुगतान का प्रावधान है। इसके अलावा अस्पताल में एडमिट होने के केस में 25 हजार रुपये तक खर्च का लाभ भी मिलेगा। इस बीमा योजना के लिए किसी तरह का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा। योजना का लाभ लेने को अपना नाम, पता, आधार नंबर, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर, पैन नंबर, बैंक खाता सहित अन्य विवरण निर्धारित फॉर्मेट में भरना होगा.

## तमाड़ थाना क्षेत्र के पालना नदी में मिली लाश

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमाड़ थाना क्षेत्र के पालना में करकरी नदी के समीप एक व्यक्ति लाश तमाड़ पुलिस ने बरामद की है जिसे प्रथम दृष्टया देखने से ये पता चल रहा है कि उक्त व्यक्ति को कहीं अन्यत्र जगह में मारकर पालना नदी के समीप फेंक दिया गया है साथ क्रूरता की हद पार करते हुए उस व्यक्ति पर किसी वजनदार हथियार से उसके सर पर वार किया गया है जिससे सर पुरी तरह से तहस-नहस हो गया है और मांस के टुकड़े इधर उधर बिखरे पड़े थे।तमाड़ थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान पच्चीस वर्षीय नारायण महतो के रुप में की गई जिनके पिता का नाम सुरत महतो है जो की पलासड़ीह गांव के रहने वाले हैं इधर परिजनों ने कहा कि मृतक नारायण महतो बीती रात को लगभग साढ़े नौ बजे अपने कमरे में सो गया था उसके बाद उसके बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वह कब उठा और घर से बाहर निकाला सुबह कुछ ग्रामीणों ने सूचना दी की उसकी लाश पालना नदी किनारे पड़ी हुई है उन्होंने बताया कि मृतक महाराष्ट्र में काम करता था और एक माह पुर्व ही वहां से घर आया था। वहीं घटनास्थल से दूर हुरूणड़ीह दासड़ीह से बिना नम्बर प्लेट की एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल पुलिस ने पुलिस से बरामद की है जिसे घटना से जोड़कर देखा जा रहा है बताया जा रहा है कि संभवत- इसी मोटरसाइकिल से मृतक घर से जूता मोजा पैंट जैकेट मफलर पहनकर पुरी तरह से तैयार होकर निकला था हालांकि परिजनों ने मोटरसाइकिल के संबंध में बताया कि यह मृतक नारायण महतो की नहीं है। हालांकि लोग दबी जुबान से ये कह रहे हैं की ये प्रेम प्रसंग का मामला है और संभवतः मृतक अपनी प्रेमिका से मिलने आया हुआ था इसी दौरान उसकी हत्या की गई है।ऐसे में ये मामला ऑनर किलिंग बहरहाल मामले पर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी तमाड़ पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के रांची रिम्स भेज दिया है और सभी बिंदुओं से हत्या की जांच में जुटी है।

## श्रमिक नेता हरिशंकर सिंह का हुआ निधन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रमिक संगठन जनता मजदुर संघ के पूर्व अध्यक्ष और जेसीएससी सदस्य हरिशंकर सिंह का रविवार की अहले सुबह निधन हो गया।जानकारी के अनुसार वह पिछ्ले कुछ महीने से बीमार चल रहे थे और रांची के रिम्स अस्पताल मे उनका ईलाज चल रहा था,जहां रविवार सुबह 3ः30 बजे उनका निधन हो गया।उनके निधन पर पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र मे शोक की लहर है।उनके निधन पर विभिन्न युनियन के लोगो के अलावे सीसीएल के कई अधिकारियों ने दुःख प्रकट किया है।दुःख प्रकट करने वालों में जनता मजदूर संघ के अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह,सचिव रविंद्रनाथ सिंह,निर्मल सिंह,आशिष दुबे,बिजेन्द्र सिंह,सीटु के इस्लाम अंसारी,युसीडब्लुयु के मुंद्रिका प्रसाद,कामेश्वर राम,बाबूलाल राम,मोहम्मद अब्दुल्ला,आरसीएमयू के कासिम उर्फ मुन्ना,विधापति सिंह,आरकेएमयू के भीम प्रसाद मेहता,केके चर्तुवेदी सहित कई श्रमिक प्रतिनिधियों का नाम शामिल है।

## बारीडीह पाड़हा मैदान में पाड़हा की बैठक

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):**बेड़ो प्रखंड के बारीडीह पाड़हा मैदान में रविवार को 12 पाड़हा और 21पाड़हा के तत्वावधान में पाड़हा अध्यक्ष बंधना उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई। जहां पाड़हा समाज से संबंधित विचार के साथ झारखंड आंदोलनकारियों के लिए विचार एवं आगामी 11 फरवरी 2024 को केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति एवं पाड़हा के मुख्य संरक्षक सह पूर्व विधायक रहे स्व0 विश्वनाथ भगत की पुण्य तिथि मनान का निर्णय लिया गया। साथ ही पारम्परिक पाड़हा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए। मौके पर मुख्य संरक्षक नीलमणी भगत, प्रो सोमरा उरांव, रीना उरांव, 12 पाड़हा राजा विशाल उरांव, धनंजय रॉय, चरवा उरांव, घिनु उरांव, बन्दे उरांव, सहित कई लोग मौजूद थे।

## महिलौंग चाय बागान मैंदान में बैठक संपन्न

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 28/01/2024 को एक आवश्यक बैठक समाजसेवी काशी नाथ महतो जी के अध्यक्षता में की गयी।जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लेकर आठ दिवसीय 16 टीमों का भव्य फूटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने तथा फूटबॉल टूर्नामेंट का नामकरण भी किया गया। (सरला बिड़ला स्मृति रनिंग फूटबॉल टूर्नामेंट महिलौंग)के तत्वधान में झारखण्ड प्रदेश स्तरीय फूटबॉल टीम भी भाग लेगी। दिनॉक-19/02/2024 से शुभारंभ किया जाएगा।और दिनांक 27/02/2024 को फूटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच खेला जाएगा।पुरस्कार स्वरूप-प्रथम 150000/=दूतिय पुरस्कार 100000/=त्रितिय एवं चतुर्थ 20000/=हजार रूपये नगद पुरस्कार दिये जाने की सहमति बनी। साथ हीं तैयारी समिति की गठन हेतु दिनांक 31/01/2024 को सुबह 10 बजे चाय बागान मैंदान महिलौंग में एक आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसमें आप सभी महीलौंग पंचायत के युवा, समाजसेवी,ग्रामीण एवं खेल प्रेमियों से सादर अनुरोध है कि निश्चित समय पर उपस्थित होकर उपरोक्त फूटबॉल टूर्नामेंट को सफल बनाने में अपना विचार एवं भागीदारी सुनिश्चित करने की कृपा करेंगे।मुख्य रूप से जितेन्द्र सिंह,सरोज नाथ महतो,विश्वनाथ महतो,अमृत लाल महतो,राजेन्द्र महतो,बिमल महतो,चैतू तिर्की,आकाश लोहरा, दीपक मिर्धा,सोहरनाथ महतो,निखिल महतो, शिवचरण महली आदि उपस्थित थे।

## शॉप्सी मेले में ग्राहकों की भागीदारी बढ़ी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी बाय फ्लिपकार्ट ने अपने सुपर शॉप्सी मेले का समापन किया, जिसमें रिकॉर्ड 41त्न ग्राहक वृद्धि दर्ज की गई। जनवरी में आयोजित इस कार्यक्रम में टियर 2 और उससे आगे के शहरों में ग्राहकों की बढ़ती भागीदारी देखी गई, जिसमें देश भर के स्थानीय विक्रेताओं ने लाखों ग्राहकों को सेवा देने के लिए सहयोग किया। इस आयोजन ने लाखों क्षेत्रीय विक्रेताओं के लिए आर्थिक विकास को गति दी। टियर 2+ शहरों ने सबसे अधिक मांग में योगदान दिया, कटक, गुवाहाटी, गोरखपुर, मेदिनीपुर और मुजफ्फरपुर जैसे शहरों ने मांग को बढ़ाया।शॉप्सी मेले में रुपये से शुरू होने वाले उत्पाद शामिल हैं। पूरे प्लेटफॉर्म पर 9/- की कीमत पर, साड़ी, पुरुषों की टी-शर्ट और स्पोर्ट्स जूते सबसे अधिक खरीदे जाने वाले उत्पाद हैं।

## क्राफ्टेड बाय भारत के सातवें संस्करण की घोषणा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने 26 जनवरी, 2024 को भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले अपने प्रमुख बिक्री कार्यक्रम, क्राफ्टेड बाय भारत के सातवें संस्करण की घोषणा की है। यह कार्यक्रम सांस्कृतिक रूप से प्रसिद्ध ब्रांडों के हस्तशिल्प और हथकरघा की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन करके भारत की जीवंत संस्कृति और समृद्ध विरासत का जश्न मनाता है। यह कार्यक्रम विभिन्न पारंपरिक कला रूपों को उजागर करेगा, जैसे कि बंगाल से तांत, बिहार से भगलपुरी, आंध्र प्रदेश से कलमकारी, छत्तीसगढ़ से डोकरा और मध्य प्रदेश से गोंड।

## जय जशपुरिया काड़ा पूजा मेले में लोगों की उमड़ी भीड़



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिकिदिरी की हराटू पंचायत अंतर्गत जशपुर गांव की आस्था का प्रतीक ऐतिहासिक जय जशपुरिया काड़ा पूजा मेला का आयोजन रविवार को परंपरागत रीति-रिवाज के साथ किया गया।मेले का आयोजन जय जशपुरिया बाबा मेला समिति जशपुर की ओर से किया गया था। काड़ा पूजा मेले में आसपास के गांवों सहित कई जिलों के काफी संख्या में लोग मेला देखने पहुंचे थे।आयोजन समिति के अनुसार मेले में करीब 40 हजार की भीड़ थी।कोटवार सुरेंद्र सिंह व पुजारी मनीजर पाहन ने जय जशपुरिया बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना कर व काड़ा की बलि देकर मेले की शुरुआत की।मेले में अलग-अलग कई गांवों और जिलों से आए लोगों ने तीन भेड़ा,एक काड़ा और 1100 बकरे की बलि देकर अपनी आस्था का परिचय दिया।काड़ा पूजा मेले में आसपास के तीन दर्जन गांवों सहित रांची,बोकारो,रामगढ़,चतरा,लातेहार व हजारीबाग जिले के महिला और पुरुष मेला देखने पहुंचे थे।मेले में ,रांची यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार अमर कुमार चौधरी ,रामधन बेदिया व जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा भी शामिल हुए।संचालन शिवधर रजवार व फारुक खान ने किया।मेले के सफल आयोजन में आयोजन समिति के संरक्षक पारसनाथ भोगता,अध्यक्ष श्रवण कुमार मुंडा,सचिव मनीराम रजवार,जयनंदन सिंह,फारुक खान,व्यवस्थापक सिकंदर रजवार,मुखिया राजेंद्र बेदिया,रथुवा मुंडा,पंसस विनोद रजवार,चमरू बेदिया,प्रकाश कुमार यादव,सोमनाथ बेदिया,गणेश रजवार,श्रीनाथ महतो,दुतिलाल बेदिया,नंदलाल राम,प्रदीप रजवार,सुरेश करमाली,सीताराम रजवार,मनोज बेदिया,राज कुमार सिंह,महेश महतो,मनी मुंडा,भोला सिंह,मनोज मुंडा,महावीर भोगता,मनोज पाहन,मदन महतो,राजू करमाली व बालेश्वर भोगता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समापन समारोह में पिपरवार एरिया को मिला कई पुरस्कार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल के तापीन साउथ परियोजना के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में संपन्न हुए वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में सीसीएल के अशोक परियोजना पिपरवार एरिया को कई पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया है।जानकारी के अनुसार पिपरवार एरिया को ओपेन कास्ट मांइस वर्किंग ग्रुप ऐ मे विजेता का पुरूस्कार प्रदान किया गया है।एक्सावेटर एंड शावेल मे दुसरा पुरूस्कार, एक्सावेशन वर्कशॉप मे दुसरा पुरूस्कार और ओभर ऑल ओपेन कास्ट माइंस ग्रुप ए मे तीसरा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया है।समारोह में शामिल पिपरवार एरिया के अधिकारियों ने पुरस्कार प्राप्त किया।

पिपरवार एरिया को पुरस्कार मिलने पर यहां के अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी की लहर देखी जा रही है।पुरस्कार वितरण समारोह में पिपरवार एरिया से एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषांग,एसओ माईनिंग सुभोजित हलदर, अशोक परियोजना के खान प्रबधंक संजय कुमार सिंह, कार्मिक प्रबधंक हेमचन्द महतो,परियोजना अभियंता उत्खनन मिथिलेश कुमार, परियोजना अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक शंभू शरण प्रसाद,जगदीश मंडल सहित श्रमिक प्रतिनिधियों में सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह,एसके चौधरी,दिलीप गोस्वामी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

# रैयत विस्थापित मोर्चा के महासचिव सैनाथ गंझु का बचरा मे हुआ स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव सैनाथ गंझु का रविवार को बचरा मे जोरदार स्वागत किया गया।मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।जानकारी के अनुसार एनके एरिया मे आयोजित मोर्चा के वनभोज सह मिलन समारोह मे शामिल होने के लिए मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सैनाथ गंझु शामिल होने के लिए बचरा पहुंचे थे।इस दौरान केन्द्रीय महासचिव सैनाथ गंझु ने बचरा मे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली।

बैठक मे क्षेत्र के विस्थापित रैयतो की लंबित नौकरी, मुआवजा, पुर्नवास केन्द्र मे मूलभूत सुविधा,रोजगार सहित कई बातो पर चर्चा की।साथ ही सभी विस्थापित रैयतो को एकजुट होने का आहवान किया गया।इस मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,रामचन्द्र उरांव,प्रेमचन्द कुमार, मोहम्मद जुल्फाम सहित मोर्चा के कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड की संस्कृति का प्रतीक और स्वाभिमान है टुसू : चंद्र प्रकाश चौधरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** टुसू हमारी झारखंड की संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है।टुसू की अलग-अलग रंग-बिरंगी आकृति झारखंड की एकता को दर्शाता है।उक्त बातें आजसू नेता सह सूबे के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कही। चौधरी रविवार को युवा युवा महोत्सव सह टुसू मेला सिरका में आयोजित टुसू मेले में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि पूर्वजों के इस विरासत को आगे भी सहेज कर रखने की आवश्यकता है।कहा कि किसी भी समाज के रीति-रिवाज,संस्कृति व परंपरा को जारी रखने के लिए इस प्रकार का आयोजन का होना आवश्यक है। आयोजन समिति के अध्यक्ष रौशन लाल मुंडा ने कहा कि टुसू मेला हमारी संस्कृति की अहम धरोहर है।हमें अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाने के लिए संगठित होना होगा।

कहा कि संगठित होकर ही हम अपनी संस्कृति और परंपरा को बचा सकते हैं। आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि इस टुसु मेला को विकसित करने की आवश्यकता है।इसकी पहचान बनाने के उद्देश्य से ही स्थानीय युवकों की ओर से यहां हर साल टुसू मेला का आयोजन किया जाता है।मेले में कई गांवों के लोग सुंदर और मनमोहक टुसू लेकर पहुंचे थे।इस अवसर पर लोगों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर जम कर नृत्य किया।

## मांडर में भी एकलव्य स्कूल के निर्माण स्थल को लेकर भारी विवाद

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंदरो पंचायत के बखार स्थित मंदरो टोंगरी में निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने धंसा दिया। घटना पच्चीस जनवरी की रात की है। बताया जाता है कि रात के करीब एक से डेढ़ बजे की बीच पहुंचे दर्जनो लोगों ने यहां पर आरएमसी प्लांट व प्लांट के कंट्रोलर केबिन में तोड़फोड़ की, कंट्रोलर केबिन के आगे और पीछे के शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही आरएमसी प्लांट के केबल को भी काट दिया। इसके अलावा निर्माण के लिए खोदे गए नींव को भी समतल कर दिया। साइट इंचार्ज राकेश कुमार के अनुसार निर्माण स्थल पर तोड़फोड़ करने वाले लोग साइट पर रखे गैस सिलेंडर, क्युरिंग पाइप, गैंती फावड़ा व तसला भी चुराकर ले गये। घटना की सूचना नरकोपी पुलिस को दे दी गयी है। **शुरू से ही ग्रामीण कर रहे विरोध :** बता दें कि मंदरो टोंगरी में मॉडल एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माण का ग्रामीणों का एक दल शुरू से ही विरोध कर रहा है। ग्रामीणों के विरोध के चलते ही 30 नवंबर 2023 को विद्यालय का शिलान्यास करने पहुंचे विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को बिना शिलान्यास किए लौटना पड़ा था वहीं सांसद आधे रास्ते से ही विरोध की सूचना मिलने पर वापस लौट गए थे। इसके बाद विरोध कर रहे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। **निर्माण स्थल को पूजा स्थल बताया जा रहा :** विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थल पर ग्रामीण वर्षो से पूजा पाठ करते आ रहे हैं। उनके विरोध के बावजूद भी निर्माण कराया जा रहा है जो गलत है। कई ग्रामीणों का कहना था कि रात में उनके सपने में टोंगरी बुढ़िया आ रही है और वही निर्माण कार्य नहीं होने देने की बात उनसे बोल रही है। **चान्हो में भी हुआ था दो करोड़ का नुकसान :** प्रखंड के सिलागाई में भी एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य का भी पूजा स्थल बताते हुए घोर विरोध किया गया था। विद्यालय की चहारदीवारी को धंस दिया गया था, तीन बार एनएच जाम किया गया था तब वहां से विद्यालय को अन्यत्र ट्रांसफर कर दिया गया था। **अभिजीत कुमार, नारकोपी थाना प्रभारी :** मामले को लेकर पूछे जाने पर नरकोपी थाना प्रभारी अभिजीत कुमार ने बताया कि तोड़फोड़ को लेकर अभी तक कोई लिखित शिकायत नही मिली है, मौखिक सूचना मिली है। पुलिस जांच कर रही है।

# बचरा रेलवे पुल बंद होने के बाद लोगों की बड़ी परेशानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे पुल में रेलवे के द्वारा कार्य किए जाने को लेकर पुल बंद कर दिया गया है,जिसके बाद अब पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के लोग पुरानीराय रेलवे फाटक एवं बचरा बस्ती रेलवे पुल से आवागमन कर रहे हैं।इधर बचरा बस्ती का रेलवे पुल पूरी तरह से जर्जर हो चुका है,जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के मुताबिक पंचवटी के बगल बचरा बस्ती रेलवे पुल के अंदर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसमें जल जमाव होने के कारण लोगों को गड्ढे का अनुमान नहीं हो रहा है और लोग गिरकर घायल भी हो रहे हैं।बचरा रेलवे पुल बन्द होने के बाद अब टंडवा,बहेरा, कल्याणपूर,बेंती,बिजैन, किचटो, कारो, बिलारी, चिरैयाटांड़,बचरा सहित अन्य दर्जनों गांव के लोग वर्तमान में बचरा बस्ती रेलवे पुल से रांची रामगढ़ सहित अन्य जगहो के लिए आवागमन कर रहे हैं,लेकिन पुल के अंदर बड़े-बड़े गड्ढे और पुल के दोनों छोर पर दलदल और कीचड़ो का अंबार रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी दो पहिया एवं छोटे-छोटे चार पहिया वाहनों को हो रही है। कई वाहन गड्ढों में फंस रही है जिसके कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पुल के अन्दर सड़क मरमति को लेकर सीसीएल प्रबंधन को पत्र दिया गया है,लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।पुल के अंदर गडडो के कारण आवागमन करने वाले लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और काफी खराब हो जाती है।ग्रामीणों ने कहा कि बचरा बस्ती में रहने वाले लोगों का यह एकमात्र रास्ता है,जिससे लोग आवागमन करते हैं।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्पिकमैके द्वारा छऊ नृत्य का प्रदर्शन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री तारापद रजक और उनकी मंडली द्वारा छऊ नृत्य का प्रदर्शन सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ''स्पिकमैके'' सोसायटी द्वारा आयोजित छऊ नृत्य की प्रस्तुति हुई। स्कूल के छात्रों को श्री तारापद रजक और उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य का बेहद आकर्षक प्रदर्शन देखने का सुनहरा अवसर मिला। कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित तारा पद रजक और उनकी मंडली द्वारा प्रस्तुत नृत्य मनमोहक था। छात्रों को उत्कृष्ट लोक नृत्य शैली छऊ के बारे में बताया गया और उनके द्वारा कुछ उत्कृष्ट नृत्य स्टेप भी सिखाए गए। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों को राज्य की सांस्कृतिक विरासत के बारे में याद दिलाया और ऐसे नृत्य रूपों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## धूमकुड़िया भवन का छत ढलाई किया गया

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखरा टोली में रविवार को धमकुड़िया भवन के छत का ढलाई किया गया। सरना युवा संघ के अध्यक्ष बीरा उरांव के नेतृत्व में इटकी अखरा टोली, कठहल टोली, बिड़पी टोली, झाखरा टोली, खोरखा टोली, महुआ टिकरा और चाकबाड़ी के आदीवासी समुदाय के लोग छत ढलाई कार्य मे शामिल होकर श्रमदान किया। छत ढलाई कार्य से पूर्व पाहन अमन उरांव और पनभरा बीजो उरांव ने विधिवत पूजा अर्चना किया।

# तमाड़ में हजारों कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तमाड़ :** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के रायडीह मोड़ में कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की बहुचर्चित भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता और तैयारी के बाबत तमाड़ विधानसभा बूथ प्रतिनिधियों का एक सम्मेलन तमाड़ के पुर्व विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कालीचरण सिंह मुंडा की अगुवाई में रखा गया जिसमें हजारों की संख्या में नौजवान बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हुए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और विशिष्ट अतिथि के तौर कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की पहुंचे जिनका गर्मजोशी से पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा कि हम सब के लिए ये सौभाग्य की बात है कि झारखंड में राहुल गांधी जी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आमजनमानस से जुड़ेंगे उनके दुःख तकलीफ को सुनेंगे हक,अधिकार और न्याय के इस संघर्ष को तेज करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि मणिपुर से मुंबई तक के इस सफर में राहुल गांधी जी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकल चुके हैं और झारखंड उनके स्वागत के लिए पुरी तरह से तैयार है करोड़ों भारतीयों की आंखों में आज राहुल गांधी जी एक आश के रूप में दिखते हैं वो जुल्म के विरुद्ध न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं हम सब उनके कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेंगे पत्रकारों के बिहार की राजनीतिक उठा-पटक के सवाल पर उन्होंने कहा आया राम गया राम की क्या बात करें कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने अपने संबोधन ने अपने चुटीले अंदाज से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं खुब जोश भरा उन्होंने बताया की किस तरह से देश की वर्तमान सरकार आदिवासीयों मूलवासियों को लूटने का काम कर रही है झारखंड से भाजपा के बारह सांसद हैं पर किसी में ये हिम्मत नहीं है की एचईसी की बदहाली पर बात करे जो अब बदहाली के कागार पर है।मौके पर रांची जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण,अजय साहु,संजय सेठ,मनोहर महतो,बसंत सेठ सहित पार्टी के हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डॉ0 परमेश्वर भगत के द्वारा चान्हो व मांडर प्रखंड के विभिन्न क्रिकेट प्रेमियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो और मांडर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्रिकेट प्रेमियों के बीच उनके मनोबल को और बढ़ाने के लिए खेल के प्रति हमेशा तत्पर रहने हेतु क्रिकेट बैट और बॉल का वितरण समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने किया और इन्होंने सभी खेल प्रेमियों को कहा की पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। खेल से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है, करियर भी बनाया जा सकता है। मौके पर डॉ नाफर अली, कृष्णा उरांव, परतो उरांव, सुजन उरांव, सुनना उरांव, इज़हारुल अंसारी, तस्लीम अंसारी, फिरोज अंसारी, किशुन उरांव, राज उरांव, प्रकाश उरांव, राज उरांव, सलमान अंसारी, फिरोज अंसारी और अनेक लोग उपस्थित हुए ।

## आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड कार्यालय मे पदाधिकारीयों की हुई बैठक



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के द्वारा प्रारंभ की गई आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम में रांची जिले में चुने गए एकमात्र प्रखण्ड मांडर में शनिवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में सभी प्रखण्ड स्तर के पदाधिकारी, नीति आयोग के आकांक्षी प्रखण्ड फेलो और पिरामल फाउंडेशन के सदस्यों ने भाग लिया । बैठक में सभी 39 सूचकांक पर गहन विचार विमर्श किया गया। प्र.वि. पदा. द्वारा ह्रष्ट रजिस्ट्रेशन पर जोर देने और गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को न्यूट्रीशन लेने हेतु जागरुकता फैलाने का निर्देश दिया गया। अस्पताल, अंगनवाडी, स्कूलो में पानी की व्यवस्था जल्द से जल्द कराने के लिए जल जीवन मिशन को तेजी से हर एक पंचायत में पहुँचाने का निर्देश दिया। सॉइल हेल्थ कार्ड द्वारा किसानों को सहायता पहुंचने की भी बात कही गयी। स्वच्छता को वरियता देते हुए ओ.डी.एफ. के लिए किये जा रहे कार्यों को तेज करने और व्यवहारिक बदलाव हेतु जन जन को जागरूक करने कहा गाया। डिजीटल साक्षरता के लिए स्कूलों के बच्चों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी संबंधित विभागाध्यक्ष को दिया गया । 10 फरवरी से शुरू हो रहे फाईलेरिया उन्मुक्तिकरण के तहत पंचायतो में कैंप लगने जा रहे है। जिसमे फाइलेरिया, एवम स्वास्थय संबंधित अन्य सुविधाये जैसे उच्च खत चाप, डायबीटिज की जाँच भी होगी। इस संबंध में पीरामल फाउंडेशन के सदस्यों ने सभी पंचायतों के उपस्थित सदस्यों को जानकारी प्रदान की। सभी सदस्यों ने आकांक्षी प्रखण्ड को आकांक्षी से बढ़ कर एक प्रेरणादायक प्रखण्ड बनाने के लिए इस कार्यक्रम को एक जन आंदोलन बनाने का प्रण लिया।

## पेंशनर समाज के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया



**ईटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में आये दिन हो रहे सड़क दुर्घटना को लेकर झारखड़ राज्य पेंशनर समाज इटकी शाखा के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के मौके पर हेलमेट लगाओ-जीवन बचाओ यात्रा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पेंशनर समाज के प्रतिनिधियों के अलावे क्षेत्र के विभिन्न समाज सेवी शामिल हुए, अभियान की शुरूआत बाजार टांड़ स्थित जे पी चौक पर आयोजित नुक्कड़ नाटक के द्वारा जानकारी देते हुए हेलमेट के साथ बाईक की सवारी करने की अपील की गयी . जत्थे को थाना प्रभारी अमीत प्रशान्त, पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, विनोद कुमार सिन्हा के द्वारा सयुंक्त रूप से झंडी दिखाकर कर यात्रा में शामिल जत्थे को रवाना किया गया. जो गुलजार रोड, त्रिबिंधा चौक , साहेब मोड़ , प्रखंड मुख्यालय , पावर हाउस, स्टेशन रोड , देवी मण्डप चौक होते हुए पुनः जे पी चौक पर आकर धन्यवाद ज्ञापण के साथ सम्पन्न हो गया. अभियान कार्यक्रम में शामिल लोगों के द्वारा हेलमेट लगाओ,जीवन बचाओ, भारत माता की जय, ना कोई शौक,और ना कोई मजबुरी, हेलमेट है बेहद जरूरी का नारा लगा कर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया . इस बीच पावर हाउस मोड़ पर पुनः नुक्कड नाटक का आयोजन कर बाईक सवारों को हेलमेट लगाकर ही बाईक चलाने का संदेश दिया गया. मौक़े पर पेंशनर समाज के अध्यक्ष हाजी मुश्ताक अहमद, बिनोद सिन्हा, देवेंद्र महतो, अजीत केशरी, बलराम गोप, हाजी मुजाहिद, शिबू महतो, सरिता, सरोज, शतीश होरो, जगदीश गोप, किशोर गोप, मों सज्जाद, सहित अन्य शामिल थे।

## एकल अभियान संच की बैठक संपन्न



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महादानी मैदान रंगमंच में रविवार को रातु अंचल अन्तर्गत एकल अभियान बेड़ो संच की बैठक संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में ग्राम विकास कैसे हो इस पर अध्यक्ष समेत सभी समिति सदस्यों ने कई उपाय सुझाव दिया। साथ ही आगामी14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाने का संकल्प लिया गया। बैठक के बाद उपस्थित सभी आचार्य एवं सभी समिति सदस्यों ने झारखंड का प्रसिद्ध पकवान पीठा का आनन्द लिया। बैठक में उपस्थित जय कुंवर, नवरत्न प्रसाद, भोला महतो, रंजीत खत्री, विकास कुमार, मुन्नी लकड़ा, रूप रानी देवी, सुषमा देवी, लक्ष्मी देवी, गीता देवी, मिथिला देवी, लक्ष्मण महली, जगमोह, विष्णु,विमला टोपनो, संदीप कुजूर, रीता देवी, सरिता उरांव, संस्कार प्रमुख मुकेश कुमार रॉय, बुधमनी उरांव, आरती कुमारी, सुषमा केरकेट्टा समेत सभी आचार्यों ने भाग लिया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जेपी स्कूल मानगो में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो संकोसाई स्थित जेपी स्कूल में जेपी स्कूल में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया। विद्यालय प्रांगण में झंडोत्तोलन मुख्य अतिथि उलीडीह थाना प्रभारी सोनू कुमार एवं अधिकारी मुकेश कुमार ने किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के सचिव अर्जून शर्मा ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता और सॉल ओढाकर सम्मानित किया। मौके पर अभिभावक, शिक्षक, शिक्षिका, छात्र, छात्राएँ उपस्थित थे।

## एमपीएल को उत्कृष्ट पीएलएफ रैंकिंग के साथ ग्रिड स्थिरता के लिए मिली सराहना



**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के अनुसार, टाटा पावर और दामोदर वैली कॉरपोरेशन के संयुक्त उद्यम, मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) ने अप्रैल से दिसंबर, 2023 तक की अवधि में इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स (स्वतंत्र बिजली उत्पादकों) में प्लांट लोड फैक्टर में तीसरा स्थान हासिल किया है। पीएलएफ पावर प्लांट की दक्षता और प्रदर्शन को मापने का एक मीट्रिक है। मैथन पावर लिमिटेड ने बिजली उद्योग में अपनी परिचालन उत्कृष्टता और नेतृत्व को प्रदर्शित करते हुए, दिसंबर 2023 के पीएलएफ में आईपीपी में चौथा स्थान हासिल किया है। दिसंबर 2023 में, मैथन पावर लिमिटेड को अपने 1,050 मेगावाट के मैथन प्लांट में रिएक्टिव पावर के असाधारण प्रबंधन के लिए ईस्टर्न रीजन लोड डिस्पैच सेंटर से सराहना मिली। यह प्रशंसा विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि यह प्लांट ग्रिड स्थिरता बनाए रखने में योगदान देता है। इसके अलावा, एमपीएल को 2022-2023 में टिकाऊ प्रथाओं में असाधारण प्रदर्शन के लिए इंडियन चौंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए प्लेटिनम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## सिएट का दो नए वेरिएंट स्पोर्टरेड व क्रॉसरेड लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिएट दोपहिया वाहनों के लिए नई टायर रेंज लेकर आई है। कंपनी ने स्टील रेडियल टायर में दो वेरिएंट स्पोर्टरेड और क्रॉसरेड लॉन्च किए हैं।




टायरों की यह प्रीमियम रेंज हाई परफॉर्मेंस बाइक्स की क्षमता का अधिकतम फायदा उठाने के लिए तैयार की गई है। स्पोर्टरेड रेंज तेज रफ्तार और महीन मोड़ काटने के लिए डिजाइन की गई है और क्रॉसरेड एक मल्टी टेरेन हाई ग्रिप टायर है। क्रॉसरेड टायरों के सेट की कीमत 4,300 रूपये है। वहीं स्पोर्टरेड टायरों के सेट की कीमत 12,500 रूपये है। इस संबंध में सिएट के एमडी और सीईओ अर्नब बनर्जी ने कहा कि स्टील रेड रेंज इनोवेशन और क्वॉलिटी के प्रति सिएट की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। इसके साथ हम मोटरसाइकिल के टायरों का एक नया युग पेश कर रहे हैं, जो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का परफॉर्मेंस के जुनून के साथ मेल है।

## चामी मुर्मू का नाम पद्मश्री अवार्ड में आने के बाद उन्हें सम्मानित करने पहुंच रहें है नेता



**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार द्वारा समाजसेवी सुश्री चामी मुर्मू का नाम पद्मश्री अवार्ड की घोषणा के बाद उन्हें सम्मानित करने के लिए रविवार को भाजपा नेता रमेश हांसदा अपने कार्यकर्ताओं संग बगराई साई गाँव पहुंचे। और उन्हें बुके व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बता दे कि राजनगर प्रखंड की कर्मठ ,जुझारू एवं अपने जीवनकाल संघर्षों के साथ निस्वार्थ भावना से समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाजसेवी सुश्री चामी मुर्मू का नाम पद्मश्री अवार्ड के चुने जाने के बाद पूरे राजनगर प्रखंड में हर्सोल्लास का माहौल है। वहीं पद्मश्री अवार्ड में नाम आने के बाद उनके कर्मक्षेत्र बगराईसाई में उन्हें सम्मानित करने का दौर शुरू हो गया है।

## बीएनएमएच ने किया मुफ्त हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, जमशेदपुर द्वारा रविवार को पूर्णिमा नेत्रालय,आदित्यपुर में एक निःशुल्क हार्ट चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अजय अग्रवाल एवं डॉ अखलाक अहमद ने 75 मरीजों की जांच की। कैंप में फ्री ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं ईसीजी की जांच की गई। कैंप के संचालन में मनोज अग्रवाल एवं कपिल अग्रवाल ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आते ही हसदेव अरण्य की कटाई तेज, पीएम के नाम ज्ञापन बीडीओ को सौंपा



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत सरगुजा जिला के हसदेव अरण्य कटाई की रोक-थाम को लेकर शनिवार को ग्राम सभा मंच कुचाई के द्वारा प्रधानमंत्री के नाम कुचाई बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया। मांगपत्र में कहा गया है कि मोदी सरकार छत्तीसगढ़ राज्य में अच्छा काम करेगी, लेकिन भाजपा सरकार आने के तुरंत बाद हसदेव अरण्य की कटाई काफी तेज हो गई है। नीजी लाभ के लिए घने हसदेव अरण्य को बेरहमी से काटने व चीर- फाड़ कर कोयला निकालने के लिए अडानी को हसदेव अरण्य कटाई करने का अनुमति वन विभाग के मंजूरी के बाद केन्द्र सरकार ने अधिकार दे दिया है। प्रधानमंत्री से मांग है इसे निरस्त कर जंगल कटाई पर रोक लगाए। इस दौरान मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सोहनलाल कुम्हार, मुखिया करम सिंह मुंडा, ग्राम मुंडा भरत सिंह मुंडा, कैलाश मुंडारी, कुंडिया गागराई, प्रधान सिंह सोय, राम कृष्ण मुंडारी आदि उपस्थित थे।

### विस्थापित अधिकार मंच के सम्मेलन में निर्णय, मांग पूरा नहीं हुआ तो

# आगामी लोकसभा चुनाव का 116 गांव करेगा बहिष्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के दियांडीह मोदी टोला मैदान में विस्थापित अधिकार मंच द्वारा विस्थापित सम्मेलन न्यायालय उल्गुलान सह मीडिया सम्मान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 84 मौजा के 116 गांवों के विस्थापित अपने हक अधिकार को लेकर हुंकार भरी। सम्मेलन में विस्थापित एकता मंच द्वारा अधिवक्ताओं व मीडिया कर्मियों को अंगवस्त्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राजेश रंजन महतो ने किया। वहीं समारोह का संचालन मुखिया अभिराम हेम्ब्रम ने किया। अधिवक्ताओं द्वारा विस्थापितों को एकजुट होकर न्यायालय के माध्यम से लाल कार्ड, विशेष पैकेज, नियोजन सहित अन्य लाभ लेने हेतु न्यायालय में हर तरह का न्यायिक सुझाव भी दिया। वहीं विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो ने विस्थापितों को 11 सुत्री मांगों को लेकर चट्टानी एकता बनाए रखने का आह्वान किया गया। वहीं विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष क्रांतिकारी राकेश रंजन महतो व मंजु गोराई ने कहा कि हमे 40 वर्षों के इस कालखंड में सिर्फ छला गया है। उन्होंने कहा कि चांडिल डैम के विस्थापित दर दर ठोकर खाने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव से पहले अगर विस्थापितों का मांग को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं तो पुरे 84 मौजा के 116 गांवों में चुनाव बहिष्कार किया जाएगा। मौके पर झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रितेश महतो, अधिवक्ता विश्वनाथ कालिंदी, षष्ठी रंजन महतो, मदन महतो, संतोष कुमार महतो, सोमवारी महतो, गीता रानी महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नीतीश बाबू में नैतिकता नाम की चीज नहीं : सुधीर

### नीतीश ने कहा था कि मर जाएंगे मगर भाजपा के साथ नहीं जाएंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** नीतीश कुमार ने भाजपा से हाथ मिलाकर नैतिकता की हदे पार कर दी है उनमें नैतिकता नाम की चीज नहीं है। बिहार की जनता उन्हें लोकसभा और विधानसभा में सबक सिखा देगी। नीतीश ने कहा था कि मर जाएंगे मगर भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। इस तरह कुर्सी की लालच में हदे पार कर देना उनकी फितरत में है उन्होंने जनता के समक्ष अपना विश्वास खो दिया है। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर एनडीए के साथ मिलकर मुख्यमंत्री का तीसरी बार शपथ लेना अनुचित है। भाजपा और जदयू ने कुर्सी के लिए हाथ मिलाकर जनता के साथ विश्वास घात किया है। उक्त टिप्पणी शहर के जाने-माने अधिवक्ता और सामाजिक न्याय के चिंतक सुधीर कुमार पप्पू ने बिहार की राजनीतिक घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आगे कहा कि सजा देने का काम जनता के हाथ में है जनता की अदालत में नीतीश कुमार को जरूर सजा मिलेगी। सामाजिक न्याय के पक्षधर जनता कदापि माफ़ नहीं करेगी। बिहार की जनता से अपील है कि नीतीश कुमार को सबक सिखा कर राजनीतिक से उनका विदाई समारोह कर दे। नीतीश को साथ मिलने से भाजपा की भी किरकिरी हो रही है आगामी चुनाव में इसका नतीजा देखने को मिलेगा नीतीश के चले जाने से भी इंडिया गठबंधन में कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

## डोबो में शिव महापुराण कथा स्थल का मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोनारी के डोबो में पांच दिवसीय 5 से 9 फरवरी तक होने वाले श्री शिव महापुराण कथा स्थल का रविवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने निरीक्षण किया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने श्री त्रिकाल दर्शी सेवा समिति द्वारा आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान की सभी तैयारियों की जानकारी ली। समिति की रंजीता बर्मा ने विस्तार से मंत्री बन्ना गुप्ता को सभी जानकारी दी। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने आयोजन समिति के सदस्यों को हर संभव पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के रांची एयरपोर्ट से शहर आने के दौरान भी पुरी सुरक्षा दी जाएगी।

## गोपाल सिंह मेमोरियल फुटबॉल में विक्की बॉयज को हराकर एमके स्पोर्टिंग बना विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता



**तिरुलडीह :** रविवार को कुकडु प्रखंड क्षेत्र के कूदा तिरुलडीह फुटबॉल मैदान में स्वर्गीय गोपाल सिंह मुंडा मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल एमके स्पोर्टिंग व विक्की बॉयज के बीच खेला गया जिसमें एमके स्पोर्टिंग ने विक्की बॉयज को हराकर खिताब जीता। आयोजन कमिटी की ओर से विजेता टीम को 50 हजार मगद व उप विजेता टॉम को 40 हजार रुपये नगद व तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम क्रमश बागेश्वर धाम टीम व बंगाल टाइगर को 20 बीस हजार नगद पुरस्कार दिया गया। डिजिटल वर्ल्ड की संचालक संतोष प्रसाद ने विजेताओं को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। मौके पर पूर्व जीप उपाध्यक्ष अशोक साव ने कुकडु प्रखंड क्षेत्र के सभी पत्रकारों को अंग वस्त्र एवं कलम देकर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन शिक्षक माणिक बेनर्जी, धन्यवाद ज्ञापन अशोक साव ने किया। मौके पर थाना प्रभारी चित्तरंजन कुमार, मुखिया राम बालक सिंह, मुखिया रामलाल सिंह, उप प्रमुख एकराम अंसारी, शिक्षक माणिक बेनर्जी , विकास ठाकुर आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी मुस्तफा ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** ठंड के मद्देनजर समाजसेवी मुस्तफा अंसारी द्वारा आदित्यपुर इमली चौक के समीप वृद्ध, असहाय और विकलांग महिलाओं के बीच कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने 25 गरीब, असहाय व विकलांग महिलाओं को कम्बल उपलब्ध कराया। मौके पर उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वे असहाय और विकलांग लोगों की हरसंभव सहायता करने के लिए तैयार हैं। इस दौरान समाजसेवी युसुफ अंसारी, विमल दास, आदि थे।

## उत्तम झारखंड बनाएगी आजाद समाज पार्टी : काशिफ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** रविवार को मुसाबनी के बदिया में आज़ाद समाज पार्टी के द्वारा आयोजित सभा में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने कहा कि आज़ाद समाज पार्टी झारखंड के माटी पुत्रों के सपनो का झारखंड बनाने के लिए जनता के बीच जाकर उन्हें झारखंड के असल मुद्दों को समझाने का काम कर रही है, जनता के हक़ और अधिकार की लड़ाई लड़ रही है। इसी कारण बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और आमजन आज़ाद समाज पार्टी के संघर्ष को सराह रहे है और पार्टी से जुड़ रहें है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्वी सिंहभूम ज़िला अध्यक्ष दुर्योधन महतो, भीम आर्मी के वरिष्ठ प्रदेश महासचिव उत्पल विश्वास, आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव आकाश मुखी, प्रदेश संगठन सचिव नसीम साज़, प्रदेश संगठन सचिव नईम खान युवा महिला नेत्री प्रिय महाली, सराईकेला खरसावां प्रभारी इम्तियाजुद्दीन, ज़िला युवा उपाध्यक्ष शेख शकील, सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद गुलाम और कई साथी उपस्थित थे।

## विभागीय भक्त सम्मेलन को लेकर कोल्हान स्तरीय बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ :** 19 से 21 फरवरी तक ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुन्द्रीलोंग हरी मंदिर प्रांगण में श्री श्री 108 स्वामी निगमानंद सरस्वती देव प्रवर्तित मानुष मुड़िया विभागीय भक्त सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर कोल्हान स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तीन दिवसीय कार्यक्रम को लेकर महिला व पुरूषों का अलग-अलग विभाग बनाया गया। भक्त सम्मेलन में श्री श्री 108 परमहंस स्वामी निगमानंद सरस्वती देव के आसाम बंगीय सारस्वत मठ हालिशहर के पूज्यपाद महत श्रीमत स्वामी ब्रजेशानंद सरस्वती ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष संन्यासी विमलानंद सरस्वती व दर्जनों संन्यासी, ब्रह्मचारी बृन्द उपस्थित रहेंगे। वहीं समिति के सदस्य अनिता पारित ने बताया कि हमारे यहां तीन दिवसीय भक्त सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला क्षेत्र के भक्त शिष्य उपस्थित है। मौके पर अध्यक्ष बासुदेव चटर्जी, दिजपद पारित, अजित कुमार महतो, सुधा निधि महतो, सुब्रत बोस, उत्म सेन, खीतीज बेज, कन्हाई गोराई, जयनंदन तिवारी, भरत गोराई, भोलानाथ गोराई आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## ऑल झारखंड ड्राइवर महासंघ की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा के बालीडीह, पदमपुर में ऑल झारखंड ड्राइवर महासंघ की बैठक जिला सभापति अनिल महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को एकजुट रखते हुए संघ के विस्तार और मजबूती पर चर्चा की गई। इस दौरान चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। इस मौके पर उपस्थित झारखंड राज्य सभापति इरफान खान ने कहा कि हम सभी चालक गरीब तबके से ताल्लुक रखते है। हमारे पास इतना धन नहीं है कि नए हिट एंड रन क़ानून के तहत

**कांड्रा के बालीडीह, पदमपुर में ऑल झारखंड ड्राइवर महासंघ की बैठक जिला सभापति अनिल महतो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।**

जुर्माना भर सके। इस मौके पर झारखंड राज्य संचालक विष्णु चरण स्वाइन, सूरज तांती, पंकज रावत, सुखदेव केसरी, ओम प्रकाश प्रमाणिक, कार्तिक प्रधान, पंकज रावत, सुखदेव गोप, शंकर दास, शशि राय समेत उड़ीसा, चतरा, चांडिल, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, जमशेदपुर, चाईबासा आदि क्षेत्रों से चालक संघ के सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड के राज्यपाल ने सीसीआर डीएसपी रहे अरविंद कुमार को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर रांची के मोराबादी स्थित राजकीय समारोह में जमशेदपुर सीसीआर डीएसपी के पद पर रहे अरविंद कुमार को झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन के द्वारा राष्ट्रपति पुलिस पदक एवं गृह मंत्री असाधारण सूचना पदक से अलंकृत किया गया। बात दें कि, डीएसपी अरविंद कुमार 1989 में पुलिस सेवा में पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे। प्रशिक्षण उपरांत एकीकृत बिहार के औरंगाबाद एवं झारखंड के जमशेदपुर, पलामू, से सिमडेगा, धनबाद, गुमला, सरायकेला एवं चाईबासा जिला में पदस्थापित रहे हैं। उग्रवाद प्रभावित जिला में पदस्थापन के दौरान उग्रवादियों के साथ इनकी कई बार मुठभेड़ भी हो चुकी है, साथ ही साथ ये शहरी अपराध पर भी नियंत्रण रहने में सफल पुलिस पदाधिकारी रहे हैं। पूर्व में इन्हें वीरता के लिए मुख्यमंत्री पदक, सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पदक एवं विशिष्ट सेवा पदक से अलंकृत किया जा चुका है। विशेष शाखा चाईबासा जिला में पदस्थापन के दौरान माओबादियों के विरुद्ध सटीक आसूचना संकलन की गई, परिणाम स्वरूप राज्य मुख्यालय स्तर से कई सफल ऑपरेशन चलाया गया जिस कार्य हेतु गृह मंत्री भारत सरकार द्वारा आसाधारण सूचना पदक से नवाजा गया है।

## सारेगामापा की बेस्ट फीमेल सिंगर्स विजेता अदिति हुई सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वोदय समिति की ओर से टेल्को हुडको डैम में वनभोज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा नेता अभय सिंह ने सी गणेश राव (कोरोना काल में मानवीय संवेदना को जीवित रखने के लिए लोगों का खूब सहयोग किया), प्रशांत सिंह (बॉडी बिल्डर के क्षेत्र में झारखंड में परचम लहराने के लिए) तथा सुश्री अदिति कुमारी को (सारेगामापा कार्यक्रम में बेस्ट फीमेल सिंगर्स का खिताब जितने के लिए) सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर अभय सिंह, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आर के सिंह, अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर , आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, श्रीकांत सिंह, पंकज सिंह, मुन्ना चौबे , के एल गिरी, संजय यादव, करुणानिधान तिवारी , ज्योतिषाचार्य राजेश पाठक, सर्वोदय समिति के महामंत्री मनोज कुमार सिंह, अध्यक्ष रियाजुद्दीन ख़ान, अरुण कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## गालुडीह में दो दिवसीय फुटबॉल व खेलकूद टूर्नामेंट संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**खरसावां :** गणतंत्र दिवस पर कुचाई प्रखंड अंतर्गत ग्रीन एथलेटिक्स क्लब गालुडीह-रेगाडीह की ओर से दो दिवसीय फुटबॉल एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई. फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटपानी प्रखंड प्रमुख सह जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य सिद्धार्थ होनहागा एवं विशिष्ट अतिथि में बंदोलोहर पंचायत के मुखिया देवचरण हाईबुरू शामिल हुए. फाइनल युक्त क्लब तिलोपदा एवं नाईन स्टार तेजस ब्रदर्स के बीच खेला गया. जिसमें 1-0 गोल से तिलोपदा की टीम विजेता रही. इसके अलावा खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों का दौड़, छोटी बच्चियों का दौड़, लड़कियों का सुई धागा रेस, लड़कियों का बैलून फोड़, बच्चों का मेंढक रेस, बच्चों का चम्मच रेस, लड़कियों का हांडी फोड़ आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई. मौके पर जय प्रकाश गागराई, हरिश्चंद्र बानरा, संजय हाईबुरू, चुम्बरू हाईबुरू, आदि थे।

# नीतीश के शतरंजी चाल से सभी पस्त

बिहार की राजनीति में सियासी उठापटक नया नहीं है। हाल के दिनों में हुए घटनाक्रम और सामने आए बयानों के बाद बिहार में जदयू एक बार फिर एनडीए में शामिल हो गया है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब नीतीश कुमार महागठबंधन को छोड़कर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के साथ आए हैं। इससे पहले तीन बार जदयू ने साथी बदला है। लेकिन दिलचस्प है कि नीतीश कुमार हर बार मुख्यमंत्री रहे। भले उनकी पार्टी के विधायकों की संख्या उनके सहयोगी से कम रही हो।नीतीश कुमार के राजनीतिक उड़ान पर गौर करना लाजिमी है। जनता दल से अलग होकर 1994 में जॉर्ज फर्नांडिस और नीतीश कुमार ने समता पार्टी की शुरुआत की। 1996 के लोकसभा चुनावों में समता पार्टी ने भाजपा के साथ गठबंधन किया। समता पार्टी को इस लोकसभा चुनाव में आठ सीटों पर जीत मिली। इनमें से छह बिहार में और एक-एक उत्तर प्रदेश और ओडिशा में थी। 1998 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में समता पार्टी ने 12 सीटें जीतीं। इनमें बिहार से 10 और उत्तर प्रदेश से दो सीटें शामिल थीं। मार्च 2000 में नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए एनडीए का नेता चुना गया। उन्होंने केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के कहने पर पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 324 सदस्यीय सदन में एनडीए और सहयोगी दलों के पास 151 विधायक थे जबकि लालू प्रसाद यादव के पास 159 विधायक थे। दोनों गठबंधन बहुमत के आंकड़े यानी 163 से कम थे। सदन में बहुमत साबित नहीं कर पाने के चलते नीतीश ने इस्तीफा दे दिया। महज सात दिन बाद ही वह सत्ता से बाहर हो गए। 2003 नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली समता पार्टी का पहले ही कई टुकड़ों में बंट चुके जनता दल में विलय हो गया। विलय की गई इकाई को जनता दल (यूनाइटेड) नाम मिला और राज्य में एक नई पार्टी अस्तित्व में आई। 2005 में बिहार में विधानसभा चुनाव हुए। इस चुनाव के लिए पहली बार भाजपा और जदयू को चुनावी सफलता हासिल की। 243 सदस्यीय विधानसभा में इस चुनाव में भाजपा ने 55 सीटें जबकि जदयू ने 88 सीटें जीतीं। राजद के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार को हराने के बाद जदयू नेता नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री बने। 2009 के लोकसभा चुनाव में भी गठबंधन को बड़ी सफलता मिली। 40 लोकसभा सीटों वाले बिहार में जदयू 25 और भाजपा 15 सीटों पर लड़ी। इनमें से 32 सीटों पर इस गठबंधन को सफलता मिली। भाजपा के 15 में से 12 उम्मीदवार जीतने में सफल रहे। वहीं, जदयू के 25 में से 20 उम्मीदवार जीतकर लोकसभा पहुंचे।साल 2010 में बिहार विधानसभा चुनाव हुए। भाजपा-जदयू ने एक बार फिर एक साथ चुनाव लड़ा और जबरदस्त सफलता हासिल की। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में भाजपा-जदयू गठबंधन ने 206 सीटों पर जीत दर्ज की। जदयू ने 115 सीटें तो भाजपा ने 91 सीटें जीतीं। इस जीत के साथ नीतीश एक बार फिर राज्य के मुख्यमंत्री बने। लालू यादव की पार्टी राजद को महज 22 सीट से संतोष करना पड़ा। जबकि, केंद्र की सत्ता में बैठी कांग्रेस चार सीटों पर सिमट गई। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले देश की राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ। दरअसल, 2014 आम चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को बना दिया। इस फैसले के विरोध में नीतीश कुमार ने बिहार में भाजपा के साथ 17 साल पुराना गठबंधन तोड़ दिया। जदयू अध्यक्ष शरद यादव और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जून 2013 को एक संवाददाता सम्मेलन में गठबंधन खत्म करने की घोषणा की। भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद भी नीतीश की पार्टी सत्ता में बनी रही। उनकी पार्टी की सरकार को राजद और कांग्रेस ने बाहर से समर्थन दिया। लोकसभा चुनाव में इन दलों के साथ मिलकर नीतीश ने चुनाव नहीं लड़ा। उनकी पार्टी राज्य की 40 में से 38 सीटों पर चुनाव लड़ी, लेकिन जीत केवल दो सीटों पर मिली। वहीं, भाजपा ने लोजपा, रालोसपा जैसे दलों के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा। यह गठबंधन 31 सीटें जीतने में सफल रहा। इसमें भाजपा ने 22 सीटें, लोजपा ने छह और उपेंद्र कुशवाहा वाली राष्ट्रीय लोक समता पार्टी ने तीन सीटें जीतीं। 2014 में भाजपा के प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतने के बाद नीतीश ने जेडीयू की हार की जिम्मेदारी ली और जीतम राम मांझी को सीएम नियुक्त करते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। मई 2014 में लालू यादव की पार्टी राजद और कांग्रेस ने जदयू का समर्थन किया और विधानसभा में बहुमत परीक्षण में सफल रहे। इस तरह से जदयू, कांग्रेस और राजद ने महागठबंधन का गठन किया। 2014 में महागठबंधन बनाने के बाद 2015 में बिहार विधानसभा चुनाव हुए। इस चुनाव में राज्य में महागठबंधन के तहत राजद ने 80 सीटों पर, जदयू ने 71 सीटों पर और कांग्रेस ने 27 सीटों पर जीत दर्ज की। उधर भाजपा महज 53 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी। इसके साथ नीतीश कुमार फिर बिहार के मुख्यमंत्री बने और तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री चुना गया। गठबंधन में राजद के महत्व से असंतुष्ट नीतीश 2016 में फिर से सुर्खियों में आये। एक बार फिर उनका झुकाव भाजपा की नोटबंदी और जीएसटी संबंधी नीतियों की ओर हुआ। जबकि गठबंधन में शामिल दलों ने इसका विरोध किया। इसी बीच सीबीआई द्वारा लालू यादव और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले दर्ज करने के बाद उनके गठबंधन से निकलने का रास्ता बन गया। नीतीश ने गठबंधन में शामिल तेजस्वी यादव का इस्तीफा मांग लिया, जिनका नाम सीबीआई के आरोपपत्र में आया था।

### वाल्मीकि महाराज स्वयं अपनी राम कथा में बार-बार यह बताते रहते हैं

# आखिर राम अपने पैतृक घर पहुंच गए

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> रामचंद्र जी को परिवार की भीतरी कलह के कारण अयोध्या का राज्य मिलते-मिलते रह गया था।वे चाहते तो अपने पिता की आज्ञा का उल्लंघन भी कर सकते थे।परिवार के भीतर ही उन्हें कुछ ने ऐसा ही करने की सलाह भी दी थी।लेकिन रामचंद्र जी ने राज्य त्याग दिया और पुत्र धर्म का पालन किया। उनकी अद्र्धांगिनी सीता जी को उनके साथ वनों में जाने की कोई जरूरत नहीं थी।लेकिन वे भी राज महल त्याग कर अपने पति के साथ बनवास में ही रहीं। उन्होंने अपने स्त्री धर्म का पालन किया। राम का जीवन आदर्श जीवन कहा जा सकता है।

नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा कि राम अपने घर में पहुंच गए हैं। मैं जिस राम की बात कर रहा हूं, वे वाल्मीकि के लौकिक राम हैं जिन का अयोध्या में महाराज दशरथ के घर में माता कौशल्या के गर्भ से नवमी के दिन जन्म हुआ था। वे सूर्यवंश से ताल्लुक रखते थे और महाराजा रघु के कुल से होने के कारण रघुवंशी भी कहे जाते थे। रामचंद्र जी को परिवार की भीतरी कलह के कारण अयोध्या का राज्य मिलते-मिलते रह गया था। वे चाहते तो अपने पिता की आज्ञा का उल्लंघन भी कर सकते थे। परिवार के भीतर ही उन्हें कुछ ने ऐसा ही करने की सलाह भी दी थी। लेकिन रामचंद्र जी ने राज्य त्याग दिया और पुत्र धर्म का पालन किया। उनकी अद्र्धांगिनी सीता जी को उनके साथ वनों में जाने की कोई जरूरत नहीं थी। लेकिन वे भी राज महल त्याग कर अपने पति के साथ बनवास में ही रहीं। उन्होंने अपने स्त्री धर्म का पालन किया। राम का जीवन आदर्श जीवन कहा जा सकता है। वाल्मीकि महाराज स्वयं अपनी राम कथा में बार-बार यह बताते रहते हैं। ऐसे श्री रामचंद्र जी हमारे पूर्वज थे। वे केवल हमारे ही पूर्वज नहीं थे, बल्कि उन्होंने अपने शासन काल में जो राज काज के मानदंड स्थापित किए, वे आज भी दुनिया भर के आदर्श कहे जा सकते हैं। अयोध्या में हज़ारों साल से हमारे पूर्वज श्री रामचंद्र जी का स्मृति स्थल बना हुआ था। वह स्मृति स्थल सारे देश को प्रेरणा व ऊर्जा देता था। श्री राम भारत के मानस की अभिव्यक्ति थी। विदेशियों ने भारत के शरीर और मानस दोनों को ही तोडने की कोशिश की। बाबर ने पानीपत की लड़ाई में भारत के शरीर को घायल किया और उसके बाद द्वितीय चरण में अयोध्या में भारत के मानस पर प्रहार किया। मानस पर प्रहार के लिए उसे किसी ऐसे प्रतीक की जरूरत थी जो समन्वित रूप से भारतीय आत्मा के जुड़ा हुआ हो। अयोध्या में श्री रामचंद्र जी के स्मृति स्थल/मंदिर से बेहतर प्रतीक कौन सा हो सकता था? बाद में मुगल इतिहासकारों ने लिखना शुरू कर दिया कि मीर बाकी ने वहां मस्जिद का निर्माण करवाया। यह ठीक इतिहास नहीं है। यदि बाबर की मंशा मस्जिद बनाने की होती, तो वह अयोध्या में कहीं भी मस्जिद बनवा सकता था। वहां वह और मध्य एशिया से आए उसके सैनिक नमाज़ भी पढ सकते थे। लेकिन उसका उद्देश्य मस्जिद बनाना नहीं, बल्कि राम का मंदिर/घर गिरा कर भारतीय मानस को घायल करना था। जब मंदिर गिरा तो उसी के मलबे से जो ढांचा खड़ा किया था, उसको



मध्य एशिया के इतिहासकारों, अंग्रेज़ इतिहासकारों और बाद में कम्युनिस्ट इतिहासकारों ने भी बाबरी मस्जिद कह कर प्रचारित करना शुरू कर दिया। मुगलों, अंग्रेज़ों की सत्ता समाप्त हो जाने के बाद, भारतीयों ने 'भारत' के शरीर और मानस पर उस दौर में जो घाव हो गए थे, उनकी मरहम पट्टी शुरू की। इसके सबसे बड़े शल्य चिकित्सक सरदार पटेल थे। उन्होंने बिना समय गंवाए सोमनाथ से यह काम चालू कर दिया। लेकिन भारतीयों के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा जब 'भारतीय आत्मा' से कट चुके कुछ भारतीय सत्ताधारियों ने ही उसका विरोध करना शुरू कर दिया। दुर्भाग्य से पटेल जल्दी ही गोलोकवासी हो गए। लेकिन भारतीयों ने सामूहिक रूप से मरहम पट्टी का यह काम जारी रखा। उस शल्य चिकित्सा में बाबर द्वारा अयोध्या में बनाए गए एक ढांचे को गिराना भी शामिल था। लेकिन यह किसी मजहब के इबादत खाने को गिराने का मामला नहीं था। यह आक्रमणकारियों द्वारा फैलाए गए प्रदूषण को साफ करने का मामला था। लेकिन भारत में रह रहे एटीएम यानी अरब, तुर्क और मुगल मूल के मुसलमानों ने इसे अपने पूर्वजों द्वारा भारत की विजय को अब पराजय में बदलने की क्रिया के रूप में माना। वे समझ तो गए कि भारत में अब अरबो, तुर्कों और मुगलों का युग बीत चुका है। जवाहर लाल नेहरू भी अब नहीं हैं। इसलिए बाबर की स्मृतियों को संभालने के लिए भारत के देसी मुसलमानों को मैदान में उतारना पड़ेगा। इसलिए जब बाबर की इस निशानी को जब गिराया गया, तो एटीएम के लोगों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया कि बाबरी मस्जिद गिरा दी गई है, इससे भारत का मुसलमान आहत हो गया है। भला भारत के देसी मुसलमान का बाबर से क्या रिश्ता है? मध्य एशिया से आए हुए कुछ गिनती के मुसलमानों को छोड़ कर, जो अपने आप को बाबर के वंशज कह सकते हैं, शेष मुसलमान तो यहीं के देसी मुसलमान है, उनका राम से संबंध है न कि बाबर से। तो वे बाबर के बनाए ढांचे के गिरने से नाराज़ या आहत क्यों होंगे? वे हुए भी नहीं, बल्कि अपने वक्त में उनके पूर्वज तो उस समय दुःखी हुए होंगे जब बाबर के सैनिक राम का मंदिर गिरा रहे होंगे। मोटे तौर पर भारत के देसी मुसलमान इस बार एटीएम के झांसे में नहीं फंसे। अयोध्या में बना वह बाबरी ढांचा गिरा तो सभी को लगा कि अब जल्दी ही रामचंद्र जी की स्मृति में पुराना मंदिर एक बार फिर साकार हो जाएगा। लेकिन हद तो तब हो गई जब राम नवमी की छुट्टी देने वाली भारत सरकार ही चिल्लाने लगी कि अयोध्या में रामचंद्र नाम का कोई व्यक्ति कभी पैदा ही नहीं हुआ था। यह सब काल्पनिक कहानी है। इतना साहस तो बाबर और उसके बाद के मध्य एशिया के हमलावर भी नहीं कर सके थे। यदि राम काल्पनिक होते तो बाबर की सेना को भारत में उनकी स्मृति से जुड़े स्थानों को गिराने की जरूरत ही नहीं थी। अरब देशों और तुर्कों ने भी चीखना चिल्लाना शुरू किया। इससे एटीएम भारत में और ज्यादा ज़ोर से ढोल पीटने लगा। लेकिन इससे एक लाभ भी हुआ। भारत का देसी मुसलमान समझ गया कि इस देश में रह रहा अरब, तुर्क और मुगल मूल का मुसलमान अपने आपको भारत के देसी मुसलमान से नहीं जोड़ता, बल्कि अपने आप को विदेश के अरब और तुर्क के ज्यादा नज़दीक मानता है। वह अभी भी अपने आप को भारत को जीतने वाले विदेशियों से जोड़ता है। देसी मुसलमानों ने स्वीकार किया कि हमारे पुरखे तो इसी देश के रहने वाले थे। उन्होंने अपना मजहब बदला था, राष्ट्रीयता नहीं। भारत के देसी मुसलमानों ने राम के मामले में पहली बार एटीएम के सैयदों के आदेश को मानने से इंकार कर दिया। यही कारण है कि भारत का देसी मुसलमान अयोध्या में राम के आने पर बाकी देशवासियों के साथ जश्न मना रहा है। श्रीनगर तक में लाल चौक पर वे मुसलमान जिन के पूर्वजों ने कभी मजहब बदल लिया था, राम के अयोध्या आने पर बधाइयां देते देखे गए। पांच सौ साल बाद राम अयोध्या में वापस आए हैं, यह निश्चय ही भारतीय अस्मिता के पुनः जागरण के काल के उदय का संकेत है। नरेंद्र मोदी ने सही कहा है। यह अवसर किसी फिरके की जीत या किसी फिरके की हार का नहीं है। बल्कि यह भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत है।

दृष्टि कोण

# विपक्षी गठबंधन का हवाई किला इतनी जल्दी ढहने की उम्मीद किसी को नहीं थी

इंडी गठबंधन के बारे में राजनीति की समझ रखने वाले अधिकतर व्यक्तियों के अनुमान सही साबित हुए। गठबंधन की पहली बैठक के बाद से ही उसके भविष्य के बारे में जो कुछ कहा जा रहा था, वो शब्दशः धरती पर उतरता दिख रहा है। वास्तव में, इंडी नामक विपक्षी गठबंधन में चूंकि वैचारिक साम्यता नहीं है इसीलिए इसकी एकजुटता प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति बनी हुई है। एक तरफ तो भाजपा अपनी व्यूह रचना मजबूत करती जा रही है वहीं विपक्षी दलों में सीटों के बंटवारे की गुत्थी उलझती जा रही है। सीट के बंटवारे की वेला समीप आते ही, गठबंधन तिनकों की तरह बिखरता जा रहा है। भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति हम जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के




बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी। लेकिन इतनी छोटी होगी कि वो चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा, इसकी उम्मीद तो किसी को भी नहीं थी। विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के लगभग सात माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं हो सका है। अब तो अलगाव की नौबत भी आ गई है। बंगाल के अलावा, पंजाब की घोषणा भी अलगाववादी है। बिहार से भी जो समाचार आ रहे हैं, उनके मुताबिक नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन का साथ छोड़कर एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। विपक्ष के सामने चुनौती है कि कैसे भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने से रोका जाए और तमाम सर्वे कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा ये अहम प्रश्न है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणाएं की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। अलबत्ता उन्होंने 'इंडिया' का हिस्सा बने रहने की भी घोषणाएं की हैं। अपने प्रभाव क्षेत्रों के बाहर गठबंधन के मायने क्या हैं? यदि ये घोषणाएं 'अंतिम' हैं, तो भाजपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ सकती हैं। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं। आश्चर्य यह है कि बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। वह छुटभैया नेता नहीं हैं, बल्कि लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता हैं। वह ममता बनर्जी को 'अवसरवादी नेता' करार देते रहे हैं और बार-बार बयान देते हैं कि ममता कांग्रेस की कृपा और मदद से ही पहली बार सत्ता में आई थीं। कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ने में सक्षम है। ममता 'इंडिया' की भीतरी राजनीति से क्षुब्ध थीं। उनके प्रत्येक प्रस्ताव को खारिज किया गया। गठबंधन में वाममोर्चे के नेताओं का प्रभाव ज्यादा है और वे हरेक बैठक को 'तारपीडो' करते रहे हैं। ममता का आरोप है कि राज्य में कांग्रेस की रैलियां की जा रही हैं। उनके खिलाफ ज़हर उगला जा रहा है। राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' की न तो उन्हें जानकारी दी गई और न ही कोई आमंत्रण मिला। बंगाल में 'न्याय यात्रा' और राहुल गांधी के जो पोस्टर लगाए गए थे, ममता की घोषणा के बाद उन्हें फाड़ना शुरू कर दिया गया। दोनों दलों के बीच विषैला अलगाव इस सीमा तक पहुंच चुका है। अंततः ममता ने फैसला किया कि उनकी तृणमूल कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस के साथ, कोई गठबंधन नहीं करेगी और सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बयान देकर पार्टी का नरम रुख जताया कि ममता के बिना 'इंडिया' गठबंधन की कल्पना तक नहीं की जा सकती। बहरहाल, तृणमूल कांग्रेस बंगाल की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत है। 2019 के आम चुनाव में 43 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल कर उसके 22 सांसद जीते थे, जबकि कांग्रेस के 5.5 फीसदी वोट के साथ मात्र 2 सांसद ही संसद तक पहुंच पाए थे।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन हेतु रविवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कैथा क्षेत्र में संत अन्ना स्कूल, बाजारटांड स्थित राम प्रसाद चंद्रभान विद्यालय, छावनी प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़, गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़, अग्रसेन डीएवी भरेचनगर, छोटा नागपुर महाविद्यालय, कुज्जु प्लस टू उच्च विद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों




उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों आदि अभी जायजा लिया।गौरतलब हो कि झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (JGGLCCE-2023) दिनांक 28.01.2024 एवं दिनाक 04.02 2024 को तीन पालियों में, प्रथम पाली 8ः30 बजे पूर्वाहन से 10ः30 बजे पूर्वाहन तक (पत्र-1 भाषा ज्ञान), द्वितीय पाली 11ः30 बजे पूर्वाहन से 1ः30 बजे अपराहन तक (पत्र-2 चिन्हित जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा) एवं तृतीय पाली 3ः00 बजे अपराहन से 5ः00 बजे अपराह्न तक (पत्र-3 (सामान्य ज्ञान) आयोजित होगी।झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (JGGLCCE- 2023) को स्वच्छ एंव कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने व अवांछनीय व्यक्तियों को परीक्षा केन्द्रों एवं उसके आस-पास जाने से रोकने के मद्देनजर अनुमण्डल दण्डाधिकारी, रामगढ़ शीलवंत कुमार भट्ट के द्वारा धारा 144 दं0प्र0सं0 के तहत रामगढ़ जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में दिनांक 28.01.2024 एवं दिनांक 04.02.2024 को परीक्षा समाप्ति तक धारा 144 दं0प्र0सं0 के अन्तर्गत निम्न निषेधाज्ञा जारी की गई है।

## ब्लू प्लानेट स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बंजारी स्थित ब्लू प्लानेट स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रंजन फौजी उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रंजन फौजी, भारत विकास परिषद अध्यक्ष नीरज पाठक, आचार्य त्रिपाठी व मुकुल शैलेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बुके देकर व बैच लगाकर उनका स्वागत किया।मौके पर मुख्य अतिथि अमित सिन्हा ने कहा की विद्यालय के वार्षिकोत्सव में शामिल होकर विद्यालय और यहां के बच्चों के बारे में जानने का मौका मिला। कहा की विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय में बच्चों के लिए शिक्षा की जो उत्तम व्यवस्था की है वह सराहनीय है। यहां के बच्चे संस्कारवान हैं। कहा की बच्चों ने अपने संस्कार की झलक विद्यालय के वार्षिकोत्सव के दौरान पेश किया। मुख्य अतिथि ने कहा की विद्यालय में बच्चों को प्रबंधन द्वारा बहुत ही बेहतर सुविधा और शिक्षा का माहौल प्रदान किया है। कहा की



आनेवाले समय में यह विद्यालय क्षेत्र में सफलता के नया इतिहास लिखेगा।इसके उपरांत विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। जिसकी उपस्थित लोगों ने खूब प्रशंसा की। वार्षिकोत्सव के दौरान अतिथियों द्वारा विद्यालय के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका पल्लवी, रोशनी, निशू, अंबिका, सुशीला, सुषमा, काजल, शिवानी ने अहम योगदान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक राम टहल महतो ने पत्नी हेमंती देवी के साथ कार्यक्रम में शामिल होनेवाले अतिथियों व गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।

## आकृति का पूजा ना कर प्रकृति का पूजा करे : शंकर बेदिया

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कोरांबे पंचायत अंतर्गत हेसल के लोहड़ी टुंगरी में शनिवार को बेदिया समाज का नये साल के उपलक्ष्य में वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष शंकर बेदिया व विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव अशोक कुमार बेदिया, ललन बेदिया शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वत्रंता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने समाज को जागरूक करते हुए कहा कि परिवार को खुशहाल रखने के लिए शराब का सेवन न करें। साथ ही जल, जंगल व जमीन को बचायें और आकृति का पूजा न कर प्रकृति का पूजा करें। हमलोग धर्म से भटक गए हैं सरना धर्म को अपनायें। आगे कहा कि हमलोग संथाल का एक अंग हैं। हमलोगों का मुख्य पर्व सोहराय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीपद बेदिया व संचालन दिनेश्वर बेदिया ने किया। मौके पर विशेश्वर बेदिया, सुकरा बेदिया, पूर्व मुखिया कौलेश्वर बेदिया, जयनंदन बेदिया, नारायण बेदिया,सरयू बेदिया तुलसी बेदिया, गणेश बेदिया, अरुण बेदिया, शिवा बेदिया, लक्ष्मण बेदिया, भोला बेदिया, दिनेश बेदिया, रोहित बेदिया, आनंद बेदिया, राजकुमार बेदिया, लालधन बेदिया, कृष्ण बेदिया, सुखदेव बेदिया, आशीष बेदिया, सुरेंद्र बेदिया, निर्मल बेदिया, शिवा बेदिया, संतोष बेदिया, मधु बेदिया सहित कोरांबे पंचायत सहित अन्य पंचायतों के सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।



## ऋषिकेश सिंह को भारत सरकार रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड का सलाहकार समिति सदस्य बनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के निवासी ऋषिकेश सिंह को भारत सरकार रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड का सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रांक नंबर नंबर2023/TG -/SCC/25 Ne2 Delhi 22.12.2023 भारत सरकार रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड के नामित सदस्य बनाए गए हैं ऋषिकेश सिंह ने बताया भारत सरकार रेल मंत्रालय रेल बोर्ड समिति सदस्य में उनका नाम बड़कीपोना रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर के द्वारा फोन पर बताया गया कि आपको भारत सरकार, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड का सलाहकार समिति के सदस्य बनाया गया है तथा केंद्र में रेलवे मिनिस्टर अश्वनी वैष्णव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा का आभार धन्यवाद दिया इव लोगो ने खुशी जाहिर किया।



## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड गुगुण प्लेज मे कांग्रेस कि एक बैठक हुइ जिसके अध्ययक्षता संतोष सोनी ने संचालक जाकिर अंसारी ने किया कांग्रेस और राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से मुंबई तक निश्चित है। यह यात्रा झारखंड के गोला प्रखंड रामगढ़ जिला होते हुए रांची की ओर जाएगी। गोला प्रखंड में राहुल गांधी जी की यात्रा के स्वागत कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रखंड कांग्रेस कमेटी गोला की एक तैयारी बैठक प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी के अध्यक्षता में की गई संचालन जाकिर अख्तर ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर पूर्व अध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने महत्वपूर्ण विचार दिए और यह यात्रा को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से कई लोग मौजूद थे।

# कोयला ढुलाई का ग्रामीणों ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** एनटीपीसी प्लांट से कोयले की राख (फ्लाई ऐश) के ट्रांसपोर्टिंग करने के लिए टंडवा में एक महीना पूर्व खूब हाई वोल्टेज ड्रामा किया गया था। पब्लिक रूट से एनटीपीसी के राख का ढुलाई पर कई नेताओं के विरोध के कारण बंद हो गया था। शनिवार को दोपहर गुप्त तरीके से नारियल फोड़ के एनटीपीसी के राख को सार्वजनिक सड़क से ढुलाई शुरू करने के फिराक में लगे रहने का सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने विरोध कर भंडाफोड़ कर दिया। राहम टंडवा गाडिलोंग के ग्रामीणों ने बताया पूर्व में कई नेताओं पंचायत के प्रतिनिधियों विरोध करके ग्रामीणों को गुमराह किया गया। शनिवार को दोपहर में गुप्त रूप से नारियल फोड़ का रखा (फ्लाई ऐश) का ढुलाई शुरू किया गया। इस ढुलाई में कई नेता और पंचायत के प्रतिनिधि शामिल है। वही राहम के उप मुखिया मोहन टोपो ने बताया की गांव के कई लोग इसका अभी भी विरोध कर रहे हैं। जो नेता और जनप्रतिनिधि ग्रामीणों को गुमराह कर कोयले के राख को सार्वजनिक सड़क से ढुलाई शुरू करने में जुटे हैं इसका विरोध कर के गुमराह करने वाले नेताओं जनप्रतिनिधियों का चेहरा बेनकाब किया जाएगा। बताया गया है कि इस खेल में पूर्व में कहीं नेताओं जनप्रतिनिधि ग्रामीण को गुमराह करने के लिए ड्रामा रचा था। इस ड्रामा का अब सच्चाई सामने आने पर सार्वजनिक सड़क से कोयले के राख को ढुलाई करने के लिए अब गांव में गुटबाजी कराने पर आतुर है।

## राष्ट्रीय तिंरगे को सलामी के साथ गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमण्डल क्षेत्र के सभी सरकारी संस्थान से लेकर निजी एवं उर्दू मदरसे में देश की आन बान शान राष्ट्रीय तिंरगे को सलामी के साथ गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन किया गया। सिमरिया में सबसे पहले नेता जी सुभाष चन्द्र बोष के प्रतिमा पर संयुक्त रूप से मालार्पण किया गया वहीं अनुमण्डल कार्यालय में अनुमण्डल पदाधिकारी सन्नी राज ने राष्ट्रीय ध्वज को डोर खींच झंडोतोलन किया इसके उपरांत अनुमण्डल पुलिस कार्यालय में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने झंडोतोलन किया उसके बाद प्रखण्ड कार्यालय सह अंचल कार्यालय में प्रमुख रोहन साहू ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर झंडोतोलन किया। इसके बाद पुलिस निरीक्षक कार्यालय में एडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने झंडोतोलन किया वहीं थाना परिसर में थाना प्रभारी विवेक कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज का डोर खींच देश की शान तिंरगे को सलामी दी। साथ हीं रेफरल अस्पताल सिमरिया, वन विभाग सिमरिया के अलावे क्षेत्र के सभी सरकारी संस्थानों एवं कार्यालयों में झंडोतोलन की कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

## कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की जिला स्तरीय बैठक बारिसाखी प्लस टू विद्यालय में हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में संचालित प्लस टू हाई स्कूल में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज का जिला स्तरीय बैठक रविवार को किया गया।जहां कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय पांडेय के निर्देशानुसार परमानंद शर्मा ने किया।संचालन सचिव राजन पांडेय ने किया।कार्यक्रम में परशुराम की चित्र समीप दीप प्रज्वलित कर स्वस्तिवाचन करते हुए शंख ध्वनि के साथ शुरुआत की गई। जहां सर्वप्रथम पिकनिक स्टॉक को लेकर लोगों से तरह-तरह के विचार आए। उसके बाद सभी लोगों ने विधि व्यवस्था को देखते हुए बलबल बागेश्वरी मंदिर प्रांगण में सुनिश्चित किया। जो 8 फरवरी को पिकनिक के साथ साथ समाज की एक साल पूर्ण हो जाने के उपलक्ष में महासम्मेलन करने का भी लोगों ने प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने को लेकर जिलाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रखंड के अधिकारियों द्वारा सहयोग राशि जमा करने की भी बात पारित की गई है। बैठक की समापन गायत्री मंत्र के साथ ओम शांति करते हुए की गई। जहां जिला संरक्षक कृष्ण देव पांडेय अक्षवट दयाल शर्मा देव प्रसाद पाण्डेय कृष्ण कुमार पांडेय राम विनय पाठक मथुरा पांडेय बैजनाथ पांडेय सत्यदेव पान्डेय दिनेश पांडेय सत्येंद्र पांडेय गिद्धौर से अध्यक्ष संजय पांडेय जिला कार्यकारी सदस्य विकास पांडेय यदुनंदन पांडेय अयोध्या पांडेय विपिन पांडेय मिथुन पान्डेय लक्ष्मी पांडेय प्रदीप पांडेय मुकेश पाण्डेय एवं दर्जनों विप्र बंधु बैठक में उपस्थित थे।

## कुन्दा में धूमधाम से मना 75 वां गणतंत्र दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा में 75 वाँ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर समस्त सरकारी व गैरसरकारी शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। साथ ही प्रोग्रेसिव एकेडमी,सन राइजिंग पब्लिक स्कूल, मां शारदे पब्लिक स्कूल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेदवाडीह, समेत कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखण्ड कार्यलय परिसर में प्रखण्ड प्रमुख कमला देवी ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दिया।थाना परिसर में थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह, कस्तूरबा में वार्डेन इंदु भारती, वन विभाग में वनपाल मुन्ना उरांव, कुन्दा पंचायत सचिवालय में मुखिया मनोज साहू, नवादा में मुखिया भरत यादव, सिकीदाग में मुखिया अनिता देवी, मरगड्डा पंचायत सचिवालय में मुखिया उपेन्द्र पासवान, बौधाडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया अनिता देवी ने झंडोतोलन कर तिरंगे को सलामी दी। वही अमर सेनानियों याद किया। वही थाना क्षेत्र विभिन्न स्थानों पर झंडोंतोलन किया गया।

# कुंदा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** जनता हाई स्कूल खेल मैदान में रविवार को कुन्दा प्रीमियर लीग प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन संयुक्त रूप से सभी स्पोंसर्स ने विधिवत रूप से मंच पर फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया।जनता हाई स्कूल मैदान के लिए पाँच एकड़ जमीन दान देने वाले महावीर साव के चित्र पर सर्वप्रथम उनके बड़े सुपुत्र रंजीत सौंडीक ने पुष्प अर्पित कर नमन किया।उसके पश्चात उपस्थित अतिथियों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर समाज के प्रति महान सोच रखने वाले व्यक्ति को नमन किया।वही मैच के आयोजक स्पोंसर्स डालमिया डायमंड सह कुन्दा मुखिया मनोज साहु ने बैटिंग कर कर मैच का आगाज किया।उसके पश्चात लायंस किंग्स स्पोंसर्स सह मजदूर संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव, पिंक पैंथर के प्रायोजक बबलू गुप्ता, डबल बुल हीरोज र्स्पोंसर्स संतोष यादव, जगुआर हंटर र्स्पोंसर्स राहुल रंजन, मैथन स्टील वारियर्स र्स्पोंसर्स अनुज गुप्ता सभी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वही पिंक पैंथ 'टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया।डबल बुल हीरोज ने बैटिंग करते हुए 138 रन बनाकर पिंक पैंथर को 139 रन का लक्ष्य दिया था।जिसे पिंक पैंथ 'सफलता पूर्वक लक्ष्य को भेदते हुए जीत हासिल की। मौके पर समाजसेवी अखिलेश यादव, सुरेन्द्र यादव, प्रदीप साव, नगीना सिंह भोक्ता, बिनोद महतो, सौरभ ठाकुर, एम्पायर पंकज गुप्ता, एम्पायर आशीष कुमार व खिलाड़ी रूपेश कुमार, पवन कुमार, विक्की विक्रान्त, समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्टिंग ड्रिंक पीने से बच्चा बीमार, इलाज के दौरान बच्चें की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना मुख्यालय के अंतर्गत ऊपर टोला निवासी विनय दांगी का पुत्र चंदन कुमार 15 वर्षीय का शनिवार सुबह 11:00 बजे मौत हो गई। बताते चलें कि उनके परिजनों का कहना है। की बाजार में मिलने वाली स्टिंग बच्चा रेगुलर उपयोग करता था पिता था। उसके बाद बच्चा का अचानक तबीयत खराब हो गया। और परिजनों ने आनंद फानन में सदर हजारीबाग इलाज के लिए ले गए। जहां तकरीबन 11 दिन तक भरती रहा।और इलाज चलता रहा उसके बाद भी तबीयत में सुधार नहीं आई।तो झारखंड नर्सिंग होम हजारीबाग में भर्ती कराया गया।वहां भी बच्चा 10-12 दिन भरती रहा। परंतु बच्चा का तबीयत ठीक नहीं हुआ। और बिगड़ गया। और बच्चा रेगुलर स्टिंग पीने के लिए अपने परिजनों से मांगता रहा। तबीयत ना सुधार होने के बाद और बेहतरीन इलाज के लिए बच्चा को रांची क्युरिशटा अस्पताल में भर्ती कराया गया।वहां भी बच्चा का तबीयत ठीक नहीं हो पाया। एवं डॉक्टर ने कुछ भी बताने से इनकार कर गए।तब परिजनों ने बच्चे को रांची रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां एक माह तक इलाज किया गया। परंतु कोई सुधार नहीं हुई। और डॉक्टरों ने बच्चे की स्थिति देख जवाब दे दिया।और अंत में बच्चे की मृत्यु हो गई। मृत्यु की खबर सुनकर गांव में मातम छा गया है। और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है।

# लातेहार की खबरें

## उपायुक्त हिमांशु मोहन ने किया झंडोत्तोलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला खेल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया द्य उन्होंने सभी जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामना दिया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा स्वतंत्रता सेनानियों के अथक प्रयास एवं बलिदान से देश को अंग्रेजों से 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली द्य परन्तु आजाद हुये भारत देश का स्वरुप तथा शासन व्यवस्था कैसा होगा इसका निर्धारण 26 जनवरी 1950 को लागू किये गये संविधान से तय हुई द्य संविधान के द्वारा देश लोकतान्त्रिक गणराज्य घोषित हुआ द्य संविधान के द्वारा भारत देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों एवं संवैधानिक अधिकारों का निर्धारण हुआ द्य जिनके रक्षा का दायित्व सरकार का है द्य नागरिकों के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए नीति निर्देशक तत्वों से सम्बंधित प्रावधान भी हमारे संविधान में है द्य हम सभी को अपने संविधान निर्माण के इतिहास एवं संविधान में वर्णित प्रावधानों के बारे में जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस देश की एकता - अखंडता बनाये रखने, देशवासियों के बीच बंधुत्व एवं संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रण लेने का राष्ट्रीय त्यौहार है। उपायुक्त लातेहार ने अपने सम्बोधिन में जिले में किये जा रहे कार्यों में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों के बारे जानकारी दिया। उन्होंने जानकारी दिया कि मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 100000 घर के श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराते हुये 51,82000 मजदूरों का कार्य दिवस उपलब्ध कराया गया है द्य बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत 2800 योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है द्य बिरसा मुण्डा आम बागवानी योजना के तहत 1500 एकड़ में बागवानी किया गया है।

# विधायक लातेहार ने सेरक सड़क मरम्मती कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के कामता-सेरक सड़क मरम्मती कार्य की शिलान्यास, विधायक बैद्यनाथ राम ने विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान दो वर्ष पहले से कामता - सेरक सड़क कि निर्माण कराने कि मांग कर रहे थे। इसके लिए अयुब खान ने 15 अक्टूबर 2022 में मंत्री बादल पत्रलेख, उपायुक्त लातेहार को ज्ञापन सौंप चुके हैं। गौरतलब हो कि कमता - सेरक सड़क की मरम्मत कार्य एनएच 99 न्यु 22 कामता चेकनाका से कामता होते हुए सेरक तक साढ़े बारह किलोमीटर की हैं, इसका प्राक्कलन एक करोड़ पच्चीस लाख रुपए है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत विशेष ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से यह सड़क का मरम्मती किया जाना है। शिलान्यास के अवसर पर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहु, संवेदक लवकुश सिंह, संतोष सिंह, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य पपन खान, जिला सचिव समशुल होदा, जिला परिषद सदस्य बीनोद उरांव, प्रखंड बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, अंकित पांडेय, मो0 ईजहार, रसीद खान, शिकेश्वर यादव, विजय जयसवाल, बिक्रम लाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बारियातू में कांग्रेसीयों ने चलाया विकास परामर्श यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के साल्वे, टोटी व सिबला पंचायत में पुर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कांग्रेस प्रखंड अध्यक्षा की नेतृत्व चलाया विकास परामर्श यात्रा. परामर्श के दौरान त्रिपाठी ने साल्वे टोटी व सिबला पहुँच कर ग्रामीणों से आर्शीवाद लिया साथ ही कहा की कांग्रेस पार्टी के अलावे आज तक जो भी सांसद चुन कर गए हैं वे चुनाव जितने के बाद क्षेत्र में नहीं आते हैं. यदि पार्टी टिकट देती है तो आप सबों का आर्शीवाद चाहिए। भाजपा सरकार बनाने से पहले नौकरी रोजगार देने सहित अनगिनत वायदे किए थे। परन्तु कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से भाजपा सरकार को तुलना किया जाय तो महंगाई और बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम सीमा पार है। कांग्रेस ने आधुनिक भारत निर्माण करने की मिशन पर काम किया है जो हर जगह देश में दिख रहा है. अभी देश कई गुना कर्ज में डूबा हुआ है. देश को आगे ले जाना है और महंगाई व बेरोजगारी से मुक्ति पाना है तो कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाना होगा। साथ ही ग्रामीणों को कहा की कांग्रेस पार्टी के साथ कदम में कदम मिलाकर चलें और आपलोगों का आशीर्वाद चाहिए।

# गांव चलो अभियान कार्यशाला सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में गांव चलो अभियान कार्यशाला माको डाक बंगला लातेहार में संपन्न हुआ।सर्वप्रथम श्रद्धा से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रवजलन, पुष्पांजलि एवं वंदे मातरम गीत के साथ प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ सभी अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि गांव चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आम जनता के लिए सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में गांव-गांव जाकर बताना है साथ ही साथ नव मतदाताओं को नमो नव मतदाता कार्यक्रम से जोड़ना है,गांव चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता को गांव-गांव में प्रवास कर मतदाता सूची का निरीक्षण, बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों का कार्य का निर्धारण,विगत चुनाव में प्राप्त मतों के आधार पर समीक्षा, अनुसूचित जाति जनजाति मोहल्ले में जाना, लाभार्थी से संपर्क उनकी वार्ता का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करना, शहीद सैनिक एवं नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों से मुलाकात करना, दीवार लेखन तथा भूत कमेटी का सत्यापन करना, एवं 11 फरवरी 2024 को बूथ/गांव में सभी बूथों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि मनाना जैसे अनेको महत्वपूर्ण कार्य करना है, सभी मंडल अध्यक्षों के सहयोग से गांव चलो अभियान के मंडल स्तरीय संयोजक, सह संयोजक के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाना है। मुकेश निरंजन सिन्हा बृजमोहन राम, राजधानी प्रसाद यादव ने कार्यक्रम में संबोधित एवं मार्गदर्शीत किये। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन गांव चलो अभियान कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक सरोज देवी ने किया। मौके पर जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा,अनुसूचित जाति मोर्चा के झारखंड प्रदेश प्रभारी बृजमोहन राम, प्रदेश का समिति सदस्य राजधानी यादव, महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री नीलम यादव , गांव चलो अभियान के जिला संयोजक संतोष यादव, सह संयोजक प्रियंका कुमारी, भाजपा के जिला पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष गण, सभी मंडल अध्यक्ष, गांव चलो अभियान के मंडल स्तर के संयोजक, सह संयोजक, सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल, तीन रिम्स रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र में रविवार को हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। पहली घटना बालूमाथ चतरा एनएच 22 मुख्य पथ पर बारीखाप के समीप घटी। जहां एक मोटरसाइकिल में सवार होकर भानु टाना भगत 50 वर्ष पिता स्व.लालजीत टाना भगत एवं रामदास टाना भगत 55 वर्ष पिता स्व.नारायण टाना भगत दोनों ग्राम कैमा लातेहार से अपने रिश्तेदार के घर रहिया ग्राम जा रहा था ।इसी बीच एक अनियंत्रित कार ने टक्कर मार कर फरार हो गया। घटना के बाद बालूमाथ पुलिस ने दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया पहुचाया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना बालूमाथ सेरेगड़ा पथ पर नर्सरी के समीप घटी अपने पुराना घर बेलवाड़ीह से मोटरसाइकिल में सवार होकर लौट रहे भुवनेश्वर प्रसाद 69 वर्ष पिता स्वर्गीय वृंदा साब एवं उसकी पत्नी रंभा देवी 65 वर्ष को विपरीत दिशा से आ रहा मोटरसाइकिल चालक विकास कुमार 21 वर्ष पिता महरंग गंझू ग्राम बुकरु ने टक्कर मार दिया जिससे तीनों घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां भुवनेश्वर प्रसाद का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया।

## हेमंत सरकार को ईडी द्वारा समन भेजे जाने के विरोध में झामुमो ने निकाला मशाल जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** केंद्र सरकार के द्वारा हेमंत सरकार को ईडी द्वारा 10वां समन भेजे जाने के विरोध में जेएमएम कार्यकर्ताओं के द्वारा बीते शनिवार की शाम लातेहार जिला मुख्यालय के मुख्य पथ पर मशाल जुलूस निकाला गया। इसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव एवं स्थानीय विधायक बैधनाथ राम ने किया। वहीं मशाल जुलूस बाजारटांड से प्रारंभ होकर धर्मपुर मोड़ होते हुए समाहरणालय के मुख्य पथ पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार होश में आओ , तेरी मनमानी नहीं चलेगी, ईडी और सीबीआई का दुरूपयोग करना बंद करो आदि नारे लगाये। वहीं विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि राज्य में पूर्ण बहुमत की चल रही हेमंत सोरेन की सरकार को केंद्र सरकार के द्वारा ईडी और सीबीआई के माध्यम से बार-बार समन भेज कर परेशान करने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार चाहे जितने बार सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर हेमंत की सरकार को सिर्फ परेशान कर सकती है लेकिन उनका हौसला को कमजोर नहीं कर सकती है। आगे श्री राम ने कहा कि आज राज्य सरकार के द्वारा आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सभी जिले के गांव-गांव टोला टोला में पदाधिकारी को उनके बीच पहुंचाने का काम किया । युवाओं और महिलाओं को रोजगार देने का काम किया जा रहा है । उनके इस नेक कार्य से माताएं एवं बहने काफी प्रभावित हो रहे हैं । लेकिन केंद्र सरकार को आज हजम नहीं हो रहा है वे हेमंत की सरकार के हौसले को कमजोर करने के लिए बार-बार ईडी और सीबीआई के माध्यम से परेशान करने का काम किया जा रहा है लेकिन अब समझ चुकी है इसका मुह तोड़ जवाब देगी। जिला अध्यक्ष मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी व सीबीआई जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर झारखंड की चुनी हुई सरकार को अस्थिर करना चाह रही है। मगर वे लाख प्रयास कर ले उनके मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, झामुमो जिला सचिव समशुल होदा, जिला संयुक्त सचिव मो. इमरान, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय व बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, गोपाल सिंह, समेत कई नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही की जनता को जल्द मिलेगी सप्लाई पानी, 30 जनवरी को रखी जाएगी आधारशिला



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):**बरही विधायक उमाशंकर अकेला बरही वासियों का चिरपरिचित मांग पीएचडी विभाग से पेयजल आपूर्ति जल्द शुरू करने हेतु अपने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ बरही पीएचडी विभाग का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पीएचडी विभाग में चल रहे प्रगति कार्य का भौतिक निरीक्षण किया। वहीं उपस्थित पीएचडी विभाग के ठेकेदार से इस संदर्भ में पूछताछ की और उक्त कार्य को यथासीघ्र निपटाने का निर्देश दिया । मौके पर विधायक उमा शंकर अकेला ने कहा कि बरही पीएचडी से सप्लाई पानी में चल रहे धीमी गति का कार्यों का कवायत तेज गति से शुरू हो गई है। जिसका 30 जनवरी को बरही पीएचडी कार्यालय में शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बरही की जनता दशकों से पीएचडी सप्लाई पानी के बिना उपेक्षित है, हमने बरही की जनता से सप्लाई पानी देने का वादा किया था, उसे मैं अपने इसी कार्यकाल 2024 में ही पूरा कर रहा हूं। सबसे पहले बरही की जनता को सप्लाई पानी मिले, बाद में फिल्टर पानी की व्यवस्था हो जाएगी। वहीं ठिकेदार ओम प्रकाश ने बताया कि इंटेक वेल से डबलूटीपी (वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट) तक रेजिंग पाइप आ चुका है। साथ ही पटना रोड पेट्रोल पंप तक रेजिंग पाइप भी बिछाया जा चुका है। करीब 300 मीटर रेजिंग पाइप पीएचडी विभाग के कार्यालय तक लाना है,जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। टोले मोहल्ले में डिस्ट्रीब्यूशन पाइप पाइप बिछाया जा चुका है। उक्त कार्य पूरा होने की दिशा में प्रगिति है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनन वारसी, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू,अशोक सिंह, मुखिया में सिकंदर राणा, छोटन ठाकुर, प्रमोद सिंह, सुशील कुमार, गुड्डू निषाद, मिथिलेश कुमार उपाध्याय, पप्पू ठाकुर,राजेश सोनी सहित कई लोग उपस्थित हुए।

### चुनाव संचालन समिति की घोषणा, रेस हुई भाजपा

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):**भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश, रांची के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव संचालन समिति की घोषणा किया गया। हजारीबाग लोकसभा चुनाव संचालन समिति में लोकसभा के संयोजक के रूप में भाजपा हजारीबाग के पूर्व जिला अध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, सांसद प्रतिनिधि सह कोडरमा जिला संगठन प्रभारी टुन्नू गोप की घोषणा से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि टुन्नू गोप कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देते हुए उनकी बातों को समझने वाले व्यक्ति हैं। इनको लोक सभा के संयोजक के रूप में पाकर हम कार्यकर्ताओं मे एक नई ऊर्जा मिली है। हमें पूर्ण विश्वास है की टुनु गोप के सफल संचालन से हम लोकसभा के पांचो विधानसभा में प्रचंड बहुमत के साथ रिकार्ड मतों से जीत हासिल कर हजारीबाग लोक सभा का परचम पूरे देश में लहराएंगे। कार्यकर्ताओं ने टुन्नू को भरोसा दिलाया कि विगत चुनाव में जो जीत का अंतर 5 लाख के करीब था, उससे भी अधिक मतों से जीत दर्ज किया जाएगा। टुन्नु गोप ने सर्व प्रथम प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,भाजपा संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, सहित हजारीबाग के लोकप्रिय सांसद जयंत सिन्हा को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सबों ने जो मुझ पर विश्वास कर यह दायित्व सौंपा है, उस पर मैं खरा उतरने का अपना भरपूर प्रयास करूंगा। इस अवसर पर टुन्नू गोप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप जैसे समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत है।आपके दम पर मैं यह भरोसा देता हूं कि प्रदेश नेतृत्व में जो मुझ पर विश्वास कर मुझे हजारीबाग लोकसभा के संयोजक का दायित्व सौंपा है उस पर मैं खडा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। भारतीय जनता पार्टी नेताओं की पार्टी नहीं है, यह कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां सभी के मान सम्मान को ध्यान में रखते हुए अपना निर्णय लेती है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भैया अभिमन्यु प्रसाद, सांसद जयंत सिन्हा के निजी सचिव आशीष सिंह, सांसद जयंत सिन्हा के विशेष सचिव हिमांशु कुमार, सांसद प्रतिनिधि प्रफुल कुमार, सांसद प्रतिनिधि राजेश कुमार जुगनू, सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार बिगन, के पी ओझा भरत भूषण विपिन कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश पाठक, बरही के मंडल अध्यक्ष अमित साहू भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, राजेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साहू, मंडल अध्यक्ष चौपारण मुकेश कुमार सिंह,सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार, गजाधर प्रसाद, सुरेश राम, गुलचंद महतो, वेद प्रकाश, सत्यजीत वर्मा, सनी सिंह, सुबोध पासवान, सासंद प्रतिनिधी राजेंद्र प्रसाद राजा, एवं सांसद प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## झारखंड प्राइवेट एसोसिएशन विष्णुगढ प्रखण्ड इकाई का किया गया गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** रविवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के झारखंड शांतिनिकेतन खरना में झारखंड प्राइवेट एसोसिएशन प्रखंड इकाई विष्णुगढ़ की एक अहम बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता वरीय शिक्षक राजीव मिश्रा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड प्राइवेट एसोसिएशन प्रखंड इकाई विष्णुगढ़ की नवनिर्मित गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद नकुल मंडल,सचिव मुकेश प्रजापति सह सचिव मुकेश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष विजय कुमार बरनवाल उर्फ (गुड्डू सर), उपाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा,मीडिया प्रभारी यशवंत मिश्रा,संरक्षक नवल किशोर वर्मा का चयन किया गया। सर्वसम्मति से बैठक में सभी सदस्यों ने निर्णय लिया गया कि शिक्षक स्वर्गीय सुनील सोनी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया जाएगा।साथ ही एक सहयोग राशि के रूप में प्रत्येक सदस्य एक -एक सौ रुपए जमा करके उसके निवास स्थान जाकर उसकी परिवार को दिया जाएगा।



वही अगली बैठक में जो नये स्कूल के सदस्य आते हैं, तो उन्हें इस नई समिति में अगली बैठक में शामिल किया जाएगा।साथ ही आगामी बैठक 25 फरवरी जे0 सी0 बोस (नकुल मंडल) के विद्यालय में की जाएगी। जिसकी समय सुबह ग्यारह बजे होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से नकुल मंडल, विजय कुमार बरनवाल उर्फ ( गुड्डू सर), अमित कुमार, मुकेश कुमार, दुलारचंद महतो, महेश कुमार महतो, संजीव कुमार मुकेश कुमार ,दिवाकर प्रसाद, राजीव कुमार मिश्रा, उदित कुमार, यशवंत मिश्रा समेत अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।

## शांतिपूर्ण तरीके से झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता की हुई परीक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारू :** दारू प्रखंड में झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। दारू प्रखंड में सरस्वती हाई स्कूल व महेशरा उच्च विद्यालय में परीक्षा की केंद्र बनाई गई थी। परीक्षा की तैयारी को लेकर विद्यालय में निगरानी के लिए सी.सी.टी.वी की व्यवस्था की गई, पीने के लिए पेयजल की व्यवस्था, मोबाइल व बैग आदि रखने की व्यवस्था की गई थी। सरस्वती उच्च विद्यालय में कुल 312 अभियार्थी में से 219 अभियार्थी उपस्थित थे वही महेशरा उच्च विद्यालय में कुल 300 अभियार्थी में से 191 अभियार्थी उपस्थित थे। परीक्षा के व्यस्थापक परितोश कुमार थे वही रामेश्वर प्रसाद परीक्षा नियंत्रक थे। सरस्वती उच्च विद्यालय में निरीक्षक के रूप में कामेश्वर



सिंह, रंजू सिंह, राजेश राय, जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय, बासुदेव मंडल, मनीशा कुमारी, कांति करकेरा, नंदकिशोर सहित कई शिक्षकों ने अपना सहयोग दिया वही महेशरा उच्च विधालय में नितिन सिन्हा, अशोक ठाकुर, ममता कुमारी, विशुन ठाकुर, राजेंद्र कुमार, वसीर आलम, मंजू कुमारी, स्वेता कुमारी सहित कई शिक्षकों ने अपना सहयोग दिया।

## सेंगेल अभियान ने बहराम हांसदा को तीन जिलों का जोनल हेड बनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** आज आदिवासी सेंगेल अभियान की एक बैठक हजारीबाग जिले के टाटीझरिया प्रखंड करीचट्टानी स्कूल प्रांगण में की गई। जिसकी अध्यक्षता हजारीबाग जिला सेंगेल परगना लालजी सोरेन ने किया तथा संचालन हजारीबाग जिला अध्यक्ष बहाराम हांसदा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के प्रकृति पूजक लगभग 15 करोड़ आदिवासियों के अस्तित्व,पहचान,हिस्सेदारी की जीवन रेखा है। आदिवासियों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस और बीजेपी दोनो दोषी हैं।1951 की जनगणना तक यह प्रावधान था।जिसे बाद में कांग्रेस ने हटा दिया और अब भाजपा जबरन आदिवासियों को हिन्दू बनाना चाहती है।2011 की जनगणना में 50 लाख आदिवासियों ने सरना धर्म लिखाया था जबकि जैन की संख्या 44 लाख थी ।

## मांडू कृषि विज्ञान केंद्र में नाबार्ड के द्वारा कृषि मेला सह कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** शनिवार को मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू कृषि विज्ञान केंद्र में नाबार्ड के द्वारा कृषि मेला सह कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया। नाबार्ड द्वारा किए गए कृषि मेला के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित हुए। मांडू विधायक के द्वारा कार्यक्रम में सबसे पहले पौधारोपण किया गया। जिसके बाद मांडू विधायक ने नई तकनीक जिससे किसानों को सुविधा पहुंच रही है ड्रोन स्प्रिंगलर से होने वाले



खेतों में छिड़काव को देखा तथा उसके बारे में जानकारी प्राप्त की। जानकारी देते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने विधायक को बताया कि इस तकनीक के आ जाने से किसानों को काफी सुविधा मिल रही है लगभग एक एकड़ के खेतों में 5 से 5 मिनट के अंदर ही दवाई तथा कीटनाशकों का छिड़काव किया जा सकता है जिससे समय की भी काफी बचत होती है और किसानों को भी आराम होता है। वही मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार हर तरह से किसानों के लिए तत्पर है चाहे वह किसी भी नई तकनीक से हो या फिर किसानो की अन्य समस्याओं से मोदी जी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में प्रदेश ही नहीं देश में हर जगह के किसान उन्नति कर रहे हैं। इन सभी चीजों के बाद मांडू विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा कृषि मेला में आए हुए किसानों को संबोधित किया।

## हमें बेहतर समाज बनाना है तो शिक्षा पर विशेष ध्यान दें गार्जियन : फुलवा देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति प्रखंड स्तरीय वनभोज सह भुईयां समाज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन प्रखंड सचिव शंकर भुईयां एवं महावीर भुईयां ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी ने कहा की बेहतर समाज बनाना है तो घर परिवार के बाल बच्चा को पढ़ने लिखने पर गार्जियन विशेष रूप से ध्यान दें। शराब से दूर रखें तभी हमारा समाज का विकास हो सकता है। जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी ने कहा समाज के लोग कम से कम उम्र वाले बच्चे शराब की ओर बहुत ही ज्यादा जा रहे हैं । उसको रोकना बहुत



जरूरी है। नुनुलाल भुईयां ने कहा हमारे समाज के लोग राजनीतिक में बहुत कम ही आते हैं राजनीतिक में आना चाहिए, वार्ड सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति, प्रमुख बनने के बाद ही हमारी समस्या को ग्राम सभा में उचित न्याय दिया जाएगा।

## छः धामो की यात्रा पर पैदल निकले विजय मंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बराँय निवासी विजय मंडल ने देवघर, काशी विश्वनाथ, अयोध्या, वृंदावन, वैष्णों देवी और अमरनाथ तक कि 3,500 किलोमीटर की छह धामो की यात्रा पैदल तय कर उपरोक्त धामो में माथा टेकने का संकल्प लेकर 27 जनवरी 2024 को अपने बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लेकर हरिहर धाम में पूजा अर्चना कर अपनी संकल्प यात्रा के तहत इन धामो में शीश नवाने को निकल चुके। इस मौके पर विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए हरिहर धाम में विजय मंडल की अगुवानी करते हुए फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया।वहीँ शेख तैयब ने इस अवसर पर उनकी इस कठिन यात्रा के लिए मंगल कामना करते हुए उनके दृढ़संकल्प को सलाम किया। विजय मंडल के साथ बराय से सैकड़ो की संख्या में लोग उनके साथ जत्थे में



हरिहर धाम पहुँचकर उनका उत्साहवर्धन किया।इस मौके पर बहुत सारे लोगो ने यथाशक्ति के अनुसार विजय मंडल को रास्ते के लिए बहुत सारी चीजें उपहार स्वरूप भेंट की ।

## झुमरा साप्ताहिक बाजार में चुंगी वसूली के विरोध में बैठक का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारू :** राष्ट्रीय मानवाधिकार सह आरटीआई संगठन के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) देव कुमार राज के अध्यक्षता में झुमरा बाजार से अवैध तरीके से चुंगी वसूली के विरोध में रविवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दारू, हरली, पेटो ,गोपलो, तिलैया, रामदेव खरिका, झुमरा, कवालु, जोनिहया, महेशरा, जिनगा एवं अन्य कई गांव के गणमान्य लोग शामिल थे। देव कुमार राज ने कहा कि झुमरा साप्ताहिक बाजार का कई वर्षों से टेंडर नहीं हुआ है,बावजूद चुंगी वसूली का सिलसिला जारी है। इसे लेकर हम सभी ग्रामीण इसका विरोध करते है साथ ही उन्होंने कहा कि जिला परिषद कार्यालय हजारीबाग द्वारा एक पत्र निर्गत किया गया जिसमें निर्देश दिया गया है कि विभागीय चुंगी वसूली किया जाएगा। इसे लेकर दारू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य के पति सोनु साव द्वारा बाजार का चुंगी वसूली किया जा रहा है। वही ज़िला परिषद सदस्य गीता देवी ने कहा कि ज़िला परिषद हजारीबाग द्वारा झुमरा बाजार बंदोबस्ती को लेकर कई बार विज्ञापन प्रकाशित करने के बावजूद भी किसी भी व्यक्ति द्वारा बंदोबस्ती में भाग नहीं लिया गया इसे लेकर जब तक झुमरा बाजार की नियमानुसार बंदोबस्ती नहीं हो जाती है तब तक विभागीय रूप से ज्ञापन 598 द्वारा चुंगी वसूली का आदेश निर्गत किया गया है। देव कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य में यह पहला मामला है कि बिना टेंडर के विभागीय चुंगी वसूली किया जा रहा है। झुमरा बाजार किसानों का बाजार है सब्जी, बकरा, बकरी, मुर्गी, पशु एवम् अन्य सामाग्री ऋय विक्रय के लिए लोग बाजार आते हैं। बाजार में चुंगी के नाम पर रू 20 से रू 500 तक वसूली किया जाता है। ऐसे में गरीब किसानो पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता जा रहा है। पिछले 10 वर्षो से झुमरा बाजार के किसानों से चुंगी नहीं लिया जाता था। बाजार समिति झारखंड राज्य के अध्यक्ष ने चुंगी वसूली पर रोक लगाया था इसके बावजूद चुंगी वसूली किया जा रहा है। इसे लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव कृषि मंत्री, उपायुक्त हजारीबाग, आरक्षी अधीक्षक हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी सदर हजारीबाग, अंचल अधिकारी दारू, प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू इत्यादि को आवेदन देने की बात कहा।

## किसी भी क्षेत्र की जानकारी के लिए जो पढेंगा वही बढेगा : चन्द्रनाथ भाई पटेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत करगालो के एंजिल्स पब्लिक स्कूल में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह अधिवक्ता चन्द्रनाथ भाई पटेल ने 75 वें गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन किया।इस पावन अवसर पर लोगो को सम्बोधित करते हुए श्री पटेल ने 75 वें गणतंत्र दिवस की लोगो को बधाई देते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय उत्सव को सिर्फ उत्सव की भाँति मनाना ही हमारा लक्ष्य नही होना चाहिए बल्कि सविंधान से मिले अधिकारों को जानना और उसका अपने जीवन मे उपयोग करना बेहद जरूरी है।आज की युवा पीढ़ी इस बात से बिल्कुल अंजान है,जिसे सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई के माध्यम से जाना जा सकता है। इसलिए मेरा यही कहना है,जो पढ़ा वहीं बढ़ा। इस मौके पर मुख्य रूप से झामुमों युवा नेता गौरव पटेल,मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, मुखिया मोतीलाल मजतो,पंसस युगल पटेल,द्वारिका महतो,बालेश्वर शर्मा,लालकिशुन साव,खूबलाल साव,जितेंद्र महतो समेत विद्यालय के शिक्षक,छात्र एवं काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि पूजा समिति का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के विख्यात महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ महाशिवरात्रि पूजा मनाया जाएगा। जिसको लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में रविवार को बैठक रखा गया। बैठक की अध्यक्षता बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता एवं संचालन प्रकाश कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, सचिव शशि कुमार, कोषाध्यक्ष सत्यजीत विद्या अलंकार, मुख्य संरक्षक बालेश्वर महतो, कीनू महतो, बुद्धिनाथ, संरक्षक जयशंकर मेहता, दामोदर प्रसाद मेहता , सहेश कुमार, अरविंद कुमार, शिबू मेहता, नार्शिंग मेहता, प्रकाश कुमार, रविंद्र कुमार, द्वारका महतो, भीम प्रकाश, रामधनी महतो, अवध किशोर कुमार, देवनाथ कुमार, रामचंद्र




महतो, सुधांशु शेखर, संदीप कुशवाहा, जयहिंद महतो, उप संयोजक केदार प्रसाद दांगी, उपाध्यक्ष उदय मेहता, उपसचिव बंधु महतो, उपकोषाध्यक्ष डेविड कुमार, पुजारी विशेश्वर महतो, माधव महतो, इंद्रनाथ महतो, लालशाही महतो, तुलसी महतो, जय नंदन महतो, कन्हाई महतो, धर्मनाथ महतो, मिट्ठू महतो, मीडिया प्रभारी पिंटू कुशवाहा दिनकर, राजकिशोर सोनी, झांकी प्रभारी हुलास प्रसाद दांगी, संतोष कुमार, देवनाथ कुमार, राजेश कुमार, उमेश कुमार मौर्य सहित दर्जनों लोगों को कार्यकारिणी सदस्य में रखा गया। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से इस बार भव्य तरीके से महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। हजारों की संख्या में बड़कागांव राम जानकी मंदिर से जुलूस के शक्ल में सिरमा छवनिया होते हुए बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचेगी। इसके साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी बड़कागांव प्रखंड वासियों से अपील किया है कि इस बार के महा शिवरात्रि पर में बढ़कर हिस्सा ले और पूजा को सफल बनाएं।

## हेमंत सोरेन को ईडी सम्मन के खिलाफ है झामुमो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड के मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के खिलाफ किए जा रहे केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की कार्रवाई को लेकर हजारीबाग में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह जिला संयोजक मंडली मुख्य सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए मशाल जुलूस निकाला गया। यह मशाल जुलूस झारखंड



मुक्ति मोर्चा कार्यालय हीरा बाग चौक से शुरू होकर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक, इंद्रपुरी चौक, पैगोडा चौक होकर झंडा चौक पर विशाल जनसभा के रूप में तब्दील हो गया जहां पर हेमंत सोरेन के समर्थन और ईडी के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि ईडी के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलनरत होकर आवाज बुलंद करने का काम कर रही है क्योंकि बेवजह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बदनाम करने की साजिश के तहत प्रवर्तन निदेशालय काम कर रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा इसका पुरजोर विरोध करती है झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड का चहुंमुखी विकास किया है और जनकल्याणकारी योजनाओं की बयार सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम पायदान तक के व्यक्ति तक पहुंचाई गई है जिससे हेमंत सोरेन की और झारखंड मुक्ति मोर्चा की लोकप्रियता बढ़ी है। जिससे घबराकर विपक्षी दलों की सोची समझी साजिश के तहत प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई की जा रही है। हम झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिपाही जिसका पुरजोर विरोध करते हैं। इस मौके पर जिला संयोजक मंडली के सदस्य प्रखंड, संयोजक मंडली सदस्य, नगर संयोजक मंडली सदस्य सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई वरिष्ठ नेता व सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे।

## वेक्टर क्लासेस का 10वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही के पूर्वी पंचायत भवन में वेक्टर क्लासेस कोचिंग संस्थान का दसवां स्थापना दिवस 27 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मानने के साथ ही 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अयोजन किया गया। जिसमे संस्थान की छात्रा रूहत फातमा, सानिया प्रवीण, सचिन कुमार, सिया कुमारी, काजल कुमारी, मुस्कान कुमारी द्वारा विभिन्न विषयों पर जैसे वर्तमान शिक्षा व्यवस्था, देश की हालात, ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों में अच्छी शिक्षा का उत्थान सहित वेक्टर क्लासेस संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं के लिए दी जा रही इंटर विज्ञान की बेहतरीन शिक्षा आदि विषयों पर गंभीरता पूर्वक बातें रखी गई।



## एसोसिएशन ने मंत्रालय से तरबूज के बीजों के आयात की अनुमति देने का आग्रह किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह किया कि तरबूज के बीज का उपयोग राजस्थानी मिठाइयों और नमकीन बनाने में बड़े पैमाने पर किया जाता है, जिसका स्थानीय स्तर पर उपभोग किया जाता है और दुनिया भर के बाजारों में निर्यात भी किया जाता है, तरबूज के बीज की महंगी खरीद ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार दोनों में बड़ा व्यवधान पैदा किया है। बलदेवा ने कहा कि संबंधित वर्ष की स्थितियों और संबंधित फसल की कटाई के अनुसार निर्णय लिए जा सकते है ताकि जमाखोरी पर नियंत्रण किया जा सके द्य कृषि किसान एवं व्यापार संघ के अध्यक्ष, सुनील बलदेवा कहते हैं, ÷तरबूज के बीज की मांग का एक बड़ा हिस्सा सूडान की उपज के आयात से पूरा होता है, जिसकी आयातकों को फिलहाल अनुमति नहीं है।इस मांग का आधा हिस्सा राजस्थान (जोधपुर, बाड़मेर और बीकानेर) की घरेलू उपज से पूरा होता है, इस वर्ष सभी क्षेत्रों में साल भर कम वर्षा हुई है जिसके परिणामस्वरूप 20-25 हजार टन की उपज हुई जो अन्यथा 60-70 हजार की मेट्रिक टन की होती है यदि उक्त क्षेत्रों में अनुकूल मात्रा में वर्षा होती है, इसके परिणामस्वरूप कीमत में ?150 की वृद्धि हुई है यानी जो उपज पहले ?250 की कीमत पर बिक रही थी वह अब बाजार में ?400 की कीमत पर पहुंच गई है।

## आईआईसीसी और आईएनआईएफडी संस्थान ने झंडोत्तोलन किया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेन रोड स्थित आईआईसीसी और आईएनआईएफडी संस्थान में गणतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोतोलन किया गया. हर साल की तरह इस साल भी गणतंत्रता दिवस बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर हमारे वीर सपूतों को भी याद किया गया और उनके त्याग और बलिदान का उल्लेख किया गया एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गए कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस अवसर पर इस्टिट्यूट के डायरेक्टर महबूब आलम ने विद्यार्थियों को जीवन मे सफलता पाने का मन्त्र दिया और प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर शिक्षकगण में आफरीन इरशाद, आमिर आरफीन, नासिर हुसैन, हरेंद्र कुमार, शिखा सराओगी आदि उपस्थित थे।

## कुर्मी कुड़मी पुकार महारैली सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थर्मल में कुर्मी विकास मोर्चा की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता भुवनेश्वर महतो तथा संचालन वकील महतो ने किया बैठक में मुख्य रूप से कुर्मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार एवं कुर्मी विकास परिषद के केंद्रीय महासचिव राजेंद्र महतो मुखिया किशोर कुमार महतो उपस्थित थे। बैठक में 18 फरवरी 2024 को कुरमी/कुडमी पुकार महारैली को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। ज्ञात हो कि 18 फरवरी 2024 दिन रविवार को कुडमी/कुरमी हुंकार महारैली मोराबादी मैदान रांची में आहुत है।तथा मुख्य मांग टोटेमिक कुडमी/कुरमी महतो जनजाति अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करो कुरमाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करो।बैठक में मुख्य रूप से कामेश्वर महतो,वकील महतो दिनेश महतो,संजय महतो,धनेश्वर महतो, गोविंद महतो,शंकर महतो,जलेसर महतो,नंदकिशोर महतो,जागेश्वर महतो,सुरेंद्र महतो,राजू महतो,कॉलेज शर्मा,गुलशन महतो,राजेश महतो,सूरज महतो,बैजनाथ महतो, मनीष कुमार,गोपाल महतो उपस्थित थे।

## सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र खनन में रहा ओवरऑल चैंपियन



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना को खनन कार्य में प्रथम पुरस्कार मिला है।यह पुरस्कार हजारीबाग के तापीन परियोजना में 66वा सप्ताहिक खान सुरक्षा सप्ताह समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में दिया गया है। बरकासयाल क्षेत्र को पुरस्कृत किए जाने पर महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि सयाल डी परियोजना के साथ साथ बिरसा परियोजना, उरीमारी परियोजना, भुरकुंडा परियोजना का भी बहुत ही अच्छा सहयोग रहा है। और यह उपलब्धि हमारे कामगार मजदूर व अधिकारियों की देन है। महाप्रबंधक अजय सिंह ने समग्र खनन पर पुरस्कृत होने पर सभी को धन्यवाद दिया।वहीं इस मौके पर महिला संगीनी मंडल अध्यक्ष सुधा सिंह,सयाल डी परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज पाठक, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार व बरकासयाल क्षेत्र में कार्यरत सभी कर्मी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना आत्मनिर्भर बनाने में करेगी मदद : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड सिकनी पंचायत सचिवालय परिसर में झारखण्ड सरकार के कृषि, सहकारिता तथा पशुपालन विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को लेकर दुलमी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने लाभुकों के बीच बकरी वितरण किया। 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत अनुदान पर 8 महिलाओ लाभूको के बीच बकरी व 3 युनिट सुकर का वितरण किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश कहा कि बकरी पालन एक अच्छा मुनाफा वाला व्यवसाय है।मुख्यमंत्री पशुधन योजना तहत किसानों को आर्थिक रूप आत्मनिर्भर बनाने के लिए बकरी वितरण किया गया। साथ ही किसानों को सरकारी योजना का लाभ लेने व योजना के माध्यम से आय वृद्धि करने का सुझाव दिया। मौके पशुपालन पदाधिकारी शशी सिन्हा सिकनी पंचायत के मुखिया मोनिका देवी रामकुमार महतो आदि।

## बेहतर समाजिक कार्य के लिए सिटीजेन फोरम विद्यालय प्रबंधन समिति ने महाप्रबंधक को किया सम्मानित



**गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिटीजेन फोरम पब्लिक स्कूल, गिद्दी ए में सीसीएल अरगडा क्षेत्र के महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडेय को गणतंत्र दिवस समारोह के दिन उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्य, शैक्षणिक - सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अरगडा क्षेत्र को प्रेरित करने के लिए शॉल ओढ़ाकर एवं श्रीमद् भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जी. एम. अरगडा ने अपने आशीर्वचन में सीमित संसाधनों के बावजूद सिटीजेन फोरम विद्यालय के द्वारा उत्कृष्ट सामाजिक गतिविधियों में सीसीएल को सहयोग देने के लिए प्रबंधन एवं बच्चों को बधाई दी। शिक्षिका कुमकुम ने बच्चों को बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहयोग किए! कार्यक्रम में शिक्षिका नीलिमा, सीमा देवी, निशिका एवं शिक्षक अरविन्द कुमार, मदन सिंह, अशोक कुमार, लखीन्दर कुमार तथा धर्मेन्द्र सिंह ने सक्रिय रूप से सहयोग दिया।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव ने करोड़ों भारतीयों को एक सुत्र में बांधा है : नरेन्द्र मोदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मन की बात कार्यक्रम जो प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन से प्रसारित होती है में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से सीधे संवाद करते हैं तथा देश के विकास के बारे में जानकारी देते हैं। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के वार्ड नंबर 06 के प्रखंड मुख्यालय मध्य विद्यालय के समीप रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 109 वीं कड़ी को सुबह 11 बजे वार्ड अध्यक्ष अरविन्द सिंह के अगुवाई में सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि मन की बात कार्यक्रम द्वारा हमारे प्रधानमंत्री दिन प्रतिदिन के शासन के मुद्दों पर नागरिकों के साथ संवाद करते है। मन की बात कार्यक्रम में आज जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का विशेष चर्चा करते हुए कहा कि 22 जनवरी को रामोत्सव ने करोड़ों भारतीयों को एकसुत्र में पिरोया तथा



रामदीपक प्रज्ज्वलित कर दीपावली मनाई वहीं स्वछता के प्रति उनके अभियान में जनभागीदारी द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लेने पर हर्ष व्यक्त किया। 75 वें गणतंत्र दिवस पर चर्चा करते हुए उन्होंने महिला शक्ति के प्रदर्शन का विशेष जिक्र किया। उन्होंने पद्म सम्मान , अर्जुन अवॉर्ड , खेल में नये नये आयाम स्थापित करने तथा विश्व पटल पर भारतीय खिलाड़ियों के बढ़ते प्रभाव,आयुष चिकित्सा पद्धति , बढ़ते मतदान को भारत में लोकतंत्र के मजबूत होने का भी जिक्र किया। उन्होंने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय तथा फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा को श्रद्धांजलि देते हुए उनके देश के लिए दिये योगदान को याद किया। कल 29 जनवरी को सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम परीक्षा में चर्चा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भाग लेने की अपील की । उन्होंने कहा कि मन की बात में हम ऐसे देशवासियों के प्रयासों को सामने लाते हैं जो निस्वार्थ भावना के साथ समाज तथा देश को सशक्त करने का काम कर रहे हैं । सामुहिकता की यही शक्ति हमारे देश को नयी उंचाई पर पहुंचाया है । आज के कार्यक्रम में नगर मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र कुमार शर्मा, किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव , अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरजीत सिंह छाबड़ा, किसान मोर्चा के विशेष आमंत्रित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मणिशंकर ठाकुर, युवा नेता ईश्वर पासवान राजेश कुमार,मन्नु कुमार,आकाश कुमार सहित वार्ड नंबर 06 के सभी बुथ अध्यक्ष मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन बुथ अध्यक्ष सुरजीत सिंह छाबड़ा द्वारा किया गया।

## सयाल के सनातनी युवाओं ने जमुरिया बाजार में महाप्रसाद का वितरण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल क्षेत्र के सनातनी युवा संघ के युवाओं ने शनिवार को सयाल जमुरिया बाजार हनुमान मंदिर के समीप करीब 2000 भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। यह महाप्रसाद वितरण अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण एवं प्राणप्रतिष्ठा की खुशी में किया गया। यहां प्रसाद में चार क्विंटल खिचड़ी का वितरण किया गया। इसदौरान सयाल के नौजवान युवाओं को धन्यवाद भी दिया गया कि उन्होंने 22 जनवरी राम मंदिर के उद्घाटन की संध्या पर सयाल शिव मंदिर परिसर व सयाल के सभी मंदिरों में 5100 दीप प्रज्ज्वलित ?किया और सभी युवाओं ने इस अवसर पर एकजुटता का परिचय दिया।सयाल के युवाओं ने तय किया कि अब कोयलांचल में सनातनी नव संघ अपनी शाखा का जल्द ही विस्तार करेगा और आने वाले सभी पर्व में बढ़ चढ़ कर सयाल के युवा हिस्सा लेंगे। वहीं इस मौके पर सयाल के अनूप कुमार पिन्टू सिंह, कृष्णा साव,दीपक अरोड़ा, सशि दुसाद, सतीश लाला, बिनोद कुमार, छोटन सिंह,भूषण शर्मा, अजय भगत, मोनू साव, बब्लू कुमार, मोनू राय, मुकेश भगत, अंकित,अमूल साव, गोलू, बंटी यादव, विक्की रॉय, जोंटी, पुनीत, मनीष, पिन्टू मुंडा, ऋषि, अंशु, मधेश यादव, रवि सिंह, अमित सिन्हा, फुछु, अमित यादव, मुकेश राणा,दीपक मेहता, रमेश, अजय साव,रोहित सिंह, मदन, गोलू सिंह, रोशन सिन्हा ,बिट्टू राणा, गोलू, नीरज, बॉबी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सेफ्टी के एलीट ग्रुप में गिददी सी परियोजना हुआ शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** सीसीएल के हजारीबाग एरिया में वार्षिक सेफ्टी वीक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इसमें अरगडा क्षेत्र के गिददी सी परियोजना को ग्रुप बी में स्टैंडर्ड ऑफ़ वर्किंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वही ओवर आल में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इससे परियोजना मे हर्ष का माहौल हैं। उक्त जानकारी गिददी सी के परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने दिया। साथ ही कहां कि इसके लिए परियोजना के सभी अधिकारी और कामगार को बधाई, आगे अब हमारा प्रयास प्रथम स्थान प्राप्त करने का होगा। अवसर पर खान प्रबंधक रामशीष राम, सेफ्टी अधिकारी राजेश कुलवी, अनिल कुमार, आरके ठाकुर, दिनेश मालाकार, अरविंद तिर्की, जितेंद्र कुमार, सर्वेश्वर हेमरोम, अभिषेक गौतम, रवि शेखर,अनिल कुमार, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य अरुण कुमार सिंह, कृष्णा कुमार सिंह, रमेश राजभर, चंदन कुमार, मंगरु महतो, कमलेश, जय प्रकाश राम आदि मौजूद थे।

## 19 फरवरी को महाजुटान घेराव आंदोलन होगा : मोर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** कटिया सरना स्थल में पीवीयूएन के विस्थापित प्रभावितों की सप्ताहिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद तथा संचालन संयुक्त रूप से भुवनेश्वर महतो एवं प्रदीप महतो ने किया। बैठक में कहा गया कि पीवीयूएन के विभिन्न विभागों के एच ओ डी अथवा इ आई सी गुप चुप तरिके से बाहर से अपने प्रिय लोगों को बुला कर स्थाई प्रकृति के कामों में बहाली कर रहे हैं।जो यह यहाँ के विस्थापित प्रभावितों के साथ घोर अन्याय है।जिसे यहाँ के विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण अब बर्दास्त नहीं करेंगे। अगर पीवीयूएन प्रबंधन शीघ्र इस पर रोक लगाते हुए वार्ता बुला कर समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो आगामी 19 फरवरी 2024 से होने वाले महाजुटान आंदोलन के दौरान ऐसे एचओडी अथवा इ आई सी को घेर कर तमाम विस्थापित-प्रभावितों के बीच पूछताछ किया जाएगा। कहा गया कि यदि प्रबंधन चाहता है कि औद्योगिक माहौल न बिगड़े तो शीघ्र व्यापक सकारात्मक सोंच दिखाते हुए छाई डैम, कटिया टाउनशिप, हेसला पाइपलाइन के समस्याओं का समाधान का पहल करे साथ ही सभी तरह की रिक्तियों में यहाँ के विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों की बहाली सुनिश्चित करे। अन्यथा 19 फरवरी से महाजुटान घेराव आंदोलन में तमाम ग्रामीणों का आक्रोश पीवीयूएन में दिखाई देगा।बैठक में मुख्य रुप से किशोर कुमार महतो, कौलेश्वर महतो,सुरेश साहू, मनु मुंडा, प्रिय नाथ मुख़र्जी, नंदकिशोर महतो, अशोक महतो,प्रेम मुंडा, राकेश मुंडा, कुलेश मुंडा, प्रकाश कुमार, मिलन मुंडा, रामकुमार सिंह, रंथू राम, संदीप कुमार, सनोज महतो, रमेश कुमार, रिंकू देवी, वीणा देवी, वेदप्रकाश महतो, जयकिशोर पाहन, असलम अंसारी, रमीज़ इक़बाल आदि उपस्थित थे।

## सब्जी विक्रेताओं द्वारा रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी का भव्य स्वागत किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के सब्जी विक्रेतावो के द्वारा विधायक सुनिता चौधरी का नव वर्ष पर अयोध्या नगरी में प्रभु श्री राम जी की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य स्वागत किया गया द्य मौके पर खुदरा सब्जी विक्रेताओं ने विधायक सुनिता चौधरी से कहा कि हमलोग आखिर कब तक सड़क किनारे सब्जी दुकान लगाकर जान जोखीम में डालकर सब्जी बेचकर अपने जीवन यापन चलाएंगे , हम लोगों को हमेशा डर लगा रहता है कि सड़क किनारे दुकान लगा रहे है कहीं कोई बड़ी अनहोनी घटना ना हो जाए ओर दिन भर बड़ी, छोटी गाड़ियों के आने जाने से धूल मिट्टी गर्दा खाने को हमलोग मजबूर हैं द्य हम लोगों की मांग है कि सभी खुदरा सब्जी विक्रेताओं को एक साथ वेंडिंग जोन में लाया जाए जिसे सभी खुदरा सब्जी विक्रेताओं को और सभी शहर वासियों को इसका लाभ मिले द्य क्योंकि आज करोड़ों की लागत से जिला प्रशासन ओर छावनी परिषद के द्वारा बनाई गई वेंडिंग जोन वीरान पड़ा हुआ है द्य मौके पर सुनिता चौधरी ने खुदरा सब्जी विक्रेताओं की मांग को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए असवस्त किया कि बहुत जल्द आपकी समस्याओं का समाधान के लिए जिला प्रशासन और छावनी परिषद से मिलकर समाधान कि जायेगी द्य स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज मंडल , कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष राजा सोनकर, नंदू महतो, मुकेश कुमार, राम प्रवेश साव, अजय कुमार, बसंत कुमार, संदीप कुमार , उमेश साहू , बबलू सोनकर, धर्मेंद्र शाह, लेखनाथ महतो, उमेश साब, प्रीतम कुमार, सोनू महतो, सविता देवी, झलकी देवी, तारा देवी, जानकी देवी, जमुना देवी, फुल कुमारी, रीना देवी, जीरा देवी सहित अन्य लोगों की उपस्थिति मुख्य रूप से हुआ।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगा ऐतिहासिक : ज़ोया परवीन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक के ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन के निर्देश पर रविवार को गोला स्थित पूर्व विधायक कार्यालय में गोला प्रखंड कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की बैठक रखी गई जिसमे भारत जोड़ा न्याय यात्रा को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य रूप से ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन , रामगढ़ के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बजरंग महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महासचिव ज़ाकिर अख़्तर, प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष माशूक अली एंव संचालन सुभानी अंसारी ने किया। मौके पर रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष अल्पसंख्यक ज़ोया परवीन ने कहा हमारे पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गाँधी झारखंड में आ रहे है। पूरे देश में इतेहाशिक भारत जोड़ो यात्रा फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर पूरे भारत के लोगों को यह संदेश दे रहें है कि कांग्रेस पार्टी पूरे भारत के लोगों के साथ खड़ी है और ज़रूरत पड़ने पर भारत के लोगों के लिए अपनी जान भी लगा देंगे। वहीं उन्होंने कहा झारखंड प्रदेश में हमारे झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष मंज़ूर अंसारी ने झारखंड के अल्पसंख्यको को मज़बूत करने का काम किए हैं और प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर पूरे ज़िले में




हर प्रखंड पर कमिटी जल्द गठन किया जाएगा और संगठन को और मजबूत किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा झारखंड में भारत जोड़ा न्याय यात्रा को सफल बनाने में हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है और हमारे नेता राहुल गांधी जी को बताना हैं की इस ऐतिहासिक भारत जोड़ा न्याय यात्रा में हम सभी आपके साथ हैं। मौके पर गोला प्रखंड कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक के उपाध्यक्ष मो नाइमउद्दीन, मो मुस्तर अंसारी एवं महासचिव मो लुकमान व सचिव बनाये गए। इस दौरान वरीय उपाध्यक्ष केसर इमाम, इजराइल अंसारी, मो आशिक, वाहिद अली, यासीन अंसारी, इसराइल अंसारी, हसन इमाम, गुलाम सरवर, तसलीम अहमद, कौसर राजा, गुलाम जिलानी, कूदूस अंसारी, जब्बार अंसारी, अनवर अंसारीइज़राइल असराफ़ी, शमीम जावेद सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 75 वें गणतंत्र दिवस को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 75 वें गणतंत्र दिवस को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि सरदार प्रीतपाल सिंह कालरा और अन्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम कर लोगों को देशभक्ति का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि प्रितपाल सिंह कलरा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देशभक्ति की भावना व राष्ट्र प्रेम का संदेश देता हैं।सर्वप्रथम विद्यालय के प्रांगन में तिरंगी को लहराकर राष्ट्रगान के साथ सलामी दी गई। बालिकाओं ने स्वागत गान गाया। विद्यालय के वाईस चेयरमैन सरदार कुलजीत सिंह कालरा के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। बालिकाओं ने देशभक्ति गीत पर अद्भुत नृत्य कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

## झापा पार्टी में सामिल हुए कई राजनीतिक दलों के लोग



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पार्टी कार्यालय सांडी रामगढ़ में भाजपा छोड़ के झापा में शामिल हुए सूरज कुमार विक्की राम संतोष करमाली राहुल राम रामगढ़ जिला अध्यक्ष सोमदेव करमाली ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल किया। मौके पर सोमदेव करमाली ने कहा झारखंड पार्टी में रोज नए लोग जुड़ रहे हैं इसमें पार्टी और भी रामगढ़ जिला में मजबूत हो रही है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित केंद्रीय सदस्य भवानी शंकर गुप्ता सुभाष राम करमाली रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन रामगढ़ जिला उपकोषाध्यक्ष चंद्रशेखर पोद्दार रामगढ़ जिला सदस्य मुरली रजवार संतोष करमाली इत्यादि उपस्थित हुए।




जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

JAI HIND

बिंदु पोद्दार

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गिद्धौर चतरा



जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

JAI HIND

कृष्ण कुमार सिंह

वार्ड सदस्य पंचायत कोटाम, प्रखंड गारु



जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

JAI HIND

धर्मेंद्र सिंह

नवजागरण सेवा केन्द्र स्वयंसेवी संस्था जिला समन्वयक।



जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

JAI HIND

राजु परहिया

समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि चुँगरु बरवाडीह



जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

JAI HIND

विक्रम कुमार

समाजसेवी ग्राम जानी, लातेहार



जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

JAI HIND

चंद्रदेव प्रसाद

प्रखंड विकास पदाधिकारी पंडवा पलामू।

केपीटीएल परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

JAI HIND

## रोटरी क्लब ऑफ कपल की ओर से बिग फन विंटर कार्निवाल का आयोजन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल की ओर से शहर के स्वर्ण चित्र मंदिर सिनेमा मैदान के पास बिग फन विंटर कार्निवाल का आयोजन किया गया है. कार्निवाल का उद्घाटन रविवार को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी के द्वारा किया गया. कार्यक्रम में बच्चों के मनोरंजन के साथ उनके खाने पीने के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया है. इस कार्यक्रम में बच्चों के लिये कई तरह के झूले के साथ अन्य मनोरंजन की व्यवस्था की गई है. बताया गया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जो पैसे एकत्रित किए जायेंगे उसका उपयोग किसी गरीब छात्रा के उच्च शिक्षा पर की जाएगी. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल की तरफ से बच्चियों को उच्च शिक्षा में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम के उद्घाटन मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, सोनम जैन, वैभव शाहाबादी , हरिंदर मोंगिया, शीतल गौरीसरिया, विकास जैन, तरनजीत सिंह सलूजा, अनित खंडेलवाल, सतविंदर सिंह सलूजा, सिद्धार्थ गौरीसरिया, गुरप्रीत कौर, शालिनी खंडेलवाल, रश्मि सलूजा, जोरावर सिंह सलूजा रामनप्रीत सलूजा, स्त्यादीप सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के बाघमारा प्रखंड वरीय उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान ने मैथन में वन भोज का आयोजन किया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के बाघमारा प्रखंड के वरिय उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान ने बन भोज का आयोजन मैथन में किया जिसमे सैकड़ों कार्यकर्ता सामिल हुए। 4 फरवरी के जेएमएम के स्थापना दिवस के तैयारी को लेकर कार्यकर्ता को एक वन्य भोज के कार्यक्रम रखा गया। सभी कार्यकर्ता काफी उत्साहित और जोश में दिखे। इस प्रोग्राम के जिम्मेवारी और तैयारी पार्षद प्रत्यासी अंसारुल हक के नेतृत्व में किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ता स्वादिष्ट खाने का मजा लिए और ये प्रोग्राम मैथन डेम के बीच टापू में किया गया। इसमें पप्पू सहाय, अंसारुल हक (जेएमएम संयुक्त सचिव), अरुण चौहान, गुड्डु अंसारी, शहजादा आलम, अरमान मलिक, अरविंद चौहान,अजय चौहान, राजन चौहान, डब्लू रवानी, आजाद, गोल्डन,सोनू अंसारी, रिजवान, प्रदीप हरि, संतोष चौहान, पप्पू अंसारी, अनिल सिंह, सत्येंद्र जुगनू, अताऊल रहमान, तस्लीम मल्लिक, आदि उपस्थित थे।

## कतरास में गाजे-बाजे के साथ निकाली राणी सती दादी का निसान यात्रा



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी समाज के तत्वावधान में राणी सती दादी जी की भव्य निशान यात्रा पश्चिम बंगाल कोलकाता से चलकर रविवार को कतरास नदी किनारे सूर्य मंदिर पहुंची. यात्रा राणी सती दादी मंदिर झुंझुन राजस्थान तक जाएगी.नदी किनारे सूर्य मंदिर से मारवाड़ी समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए कतरास राणी सती दादी मंदिर पहुंची.जहां मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने महाआरती कर राणी सती दादी की पूजा अर्चना की. शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया सूर्य मंदिर कमेटी तथा खेतान टावर के मालिक श्रवण खेतान एवं धर्मपत्नी मीणा खेतान ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया.शोभायात्रा में डॉ बी एन चौधरी, अधिवक्ता डीएन चौधरी, संतोष जलान, राजकुमार मधु,राजू शर्मा, रास बिहारी शर्मा,रेखा राजगढ़िया, मनीषा अग्रवाल, अनीता केडिया, लक्ष्मी अग्रवाल, रेखा अग्रवाल,धनश्याम झा, उदय वर्मा कमलेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, विशाल खेतान आदि शामिल थे।

## पत्नी ने प्रेमिका से मिलकर कराई थी पति की हत्या : पुलिस निरीक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कांड्रा पंचायत के दास टोला के पीछे स्थित खेत में पत्नी ने प्रेमिका के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कराई।मालूम हो कि दिनांक 23 जनवरी 2024 की सुबह को मोदीडीह आधारी निवासी मोहन नापित की लाश पुलिस को मिली थी। जिसका उद्भेदन महुदा पुलिस ने एक सप्ताह के बाद कर दिया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक अलविनूस इंवार महुदा अंचल ने एक प्रेस वार्ता कर बताया कि मृतक मोहन नापित की पत्नी ममता देवी के लिखित आवेदन पर अज्ञात अपराधीकर्मी के विरोध कांड संख्या 6/2024 धारा 120 (बी)/ 302 /201 मामला दर्ज किया गया। उसके बाद मोबाइल कॉल डिटेल्स के अनुसार भाटडीह क्षेत्र के नागदा निवासी देव प्रमाणिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बाद कड़ी जुड़ती गई , उसके बाद बंगाल



के पुरूलिया जिला से निखिल मांझी, श्रीमंतो प्रमाणिक, विष्णु प्रमाणिक को गिरफ्तार करके महुदा थाना लाया गया। उक्त लोगो से पूछ ताछ के बाद यह बात सामने आई की नागदा के देव प्रामाणिक और मृतक की पत्नी ममता देवी के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था ।इसी दरमियान मृतक मोहन नापित की पत्नी द्वारा ?60000 प्रेमी देव प्रमाणिक को पति मोहन नापित को मारने के लिए दिया। प्रेमी देव कुमार प्रमाणिक ने बंगाल पुरूलिया जिला से कुछ युवकों को बुलाकर और खेत में मोहन नापित को बुलाकर मदिरापान करवाया गया उसी दरमियान मीट काटने का लोहा का चपड़ा और लोहे के चक्कू से उक्त युवकों ने मोहन नापित के सिर गर्दन और चेहरा पर कई बार, वार करते हुए मोहन नापित की हत्या कर दिया गया । पुलिस ने मीट काटने का लोहा का चपड़ा और लोहे के चक्कू और अभियुक्तों से 4 मोबाइल बरामद कर लिया हैसभी पांच अभियुक्त को पुलिस ने जेल भेज दिया है इस कांड के उद्भेदन करने में पुलिस निरीक्षक अलविनूस इंवार महुदा अंचल। महुदा थाना प्रभारी योगेश कुमार महतो शिवकुमार महेंद्र राम नारायण चंद्र महथा, शुकुल देव उरांव, बबलू कुमार रवानी, संजय कुमार सिंह, रमेश राजा, सुबीर मुखर्जी सीडीपीओ सेट टीम के जगन्नाथ मुंडा मनोज बड़ा मुकेश गुप्ता ,दीपक कुमार महतो ने मिलकर इस कांड का उद्भेदन किया है।

## कैंब्रिज स्कूल आफ लर्निंग में स्पोर्ट्स एवं साइंस एग्जीबिशन का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कैंब्रिज स्कूल आफ लर्निंग वासेपुर में स्पोर्ट्स एवं साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर सचिव अबू तारिक और झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन उपस्थित हुए। स्कूल द्वारा क्रिकेट, कबड्डी, कराटा, और अनेक प्रकार के खेलकूद एवं संस्कृति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## एलआईसी धनबाद शाखा 1 में अभिकर्त्ता व्यवसाय संरक्षण दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एलआईसी धनबाद शाखा 1 में अभिकर्त्ता व्यवसाय संरक्षण दिवस मनाया गया। जिसमें शाखा के 100 से अधिक संख्या में अभिकर्त्ता उपस्थित हुए। इस अवसर पर लियाफी हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष समेत विभिन्न पदाधिकारी गण भी मौजूद थे। लियाफी हजारीबाग मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की एलआईसी अभिकर्ता एलआईसी कंपनी की रीढ़ है। आज एलआईसी कंपनी इतनी सफल हो पाई है तो उसका एकमात्र कारण एजेंट हैं। अभिकर्ताओं ने ही एलआईसी को आज इतनी ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, लेकिन अफसोस की बात है कि अभी भी एलआईसी अभिकर्ताओं को जो सम्मान मिलना चाहिए था वह सम्मान नहीं मिल पा रहा है।मुख्य अतिथि धनबाद शाखा 1 के विक्रय प्रबंधक नरेश कुमार ने अभिकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की अभिकर्ताओं को अपने संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता है क्योंकि बिना संगठन के आपकी समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। इसलिए आपको यूनिटी दिखानी होगी आपको संगठित रहना होगा। इसके साथ ही उन्होंने अभिकर्ताओं को बहुत सारी जानकारियां दी कि किस तरह



से उनका व्यवसाय आगे बढ़ाया जा सकता है और किस तरह से एलआईसी अभिकर्ता और सफल हो सकते हैं। वहीं लियाफी धनबाद शाखा 1 के सचिव दिनेश उपाध्याय ने कहा कि हम लियाफी में थे लियाफी में है और हमेशा लिफाफि में रहेंगे। कुछ लोग अलग संगठन बनाकर के एलआईसी अभिकर्ताओं को भ्रमित कर रहे हैं। ऐसे लोग अपने मंसूबे पर कभी कामयाब नहीं हो सकते हैं।सभा में हजारीबाग लियाफी अध्यक्ष सूर्यकांत सिंह, सेक्रेटरी विष्णुकांत तिवारी, संजय कुमार, विनोद कुमार दुबे, धनबाद शाखा 1 के लियाफी अध्यक्ष विनोद ठाकुर, सचिव दिनेश उपाध्याय, उपाध्यक्ष पिनाकी रंजन दत्त, भास्कर शर्मा, दशरथ साव, संयुक्त सचिव विशाल जैन, जलाल प्रसाद आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मॉडर्न इंग्लिश एकैडमी स्कूल ने मनाया गणतंत्र दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मॉडर्न इंग्लिश अकैडमी स्कूल के प्रांगण में 75वें गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के निदेशक मो हसनैन अख्तर ने झंडोत्तोलन कर के किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने अपने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के निदेशक ने गणतंत्र दिवस के महत्व को बताते हुए 26 जनवरी के सम्पूर्ण इतिहास और देश के संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्कूल के सैकड़ों बच्चों सहित उनके



अभिभावकगण, विद्यालय समिति के सदस्य अब्दुल जब्बार, जहांगीर ख़ान, शमशेर ख़ान, अली हसन, चांद आलम, सद्दाम हुसैन, वसीम बारी, ज़ीशान अख्तर, प्राचार्य निशात अख्तर और सभी शिक्षकगण मौजूद थे। दर्शक दीर्घा से अभिभावकों ने कार्यक्रम का ख़ूब लुत्फ़ उठाया।

## ओबीसी एससी एसटी माइनॉरिटी व भारतीय ओबीसी की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** रविवार को ओबीसी, एससी, एसटी एवं माइनॉरिटी भारतीय ओबीसी ने संयुक्त रूप से जामाडोबा, डुमरी 2., नंबर टाटा वाटर पॉइंट के पास कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता वाल्मीकि प्रसाद एवं संचालन गोपाल यादव ने किया।जिसमें मुख्य रूप से आर के प्रसाद,गोपाल यादव,राम प्रवेश यादव, राजेंद्र रजवाड़, महेंद्र सिंह मीनू, कृष्ण देव कुमार पासवान, संजय राम, रंजीत यादव, मोतीलाल हेमराम, हरे राम पंडित मो सागिर, ओम प्रकाश शाह, अशोक कुमार, सरयू प्रसाद, रंजीत दास, चिंटू शर्मा ने समाज के प्रति जागरूक पैदा करने के लिए शिक्षा, रोजगार एवं एकजुटता पर बल देकर बैठक में संयुक्त रूप से नारा दिया आवाज दो हम सब एक हैं।

## दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही जीवन जीने की कला बतायेगी फिल्म जगतगुरु श्री रामकृष्ण : गजानंद पाठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** फिल्म जगतगुरू श्री रामकृष्ण 16 फरवरी को झारखंड के हजारीबाग,रामगढ़, एवं गिरिडीह जिला में पहले रिलीज की जायेगी और उसके बाद धीरे - धीरे पुरे भारत में रिलीज की जायेगी।इस बात की जानकारी फिल्म के निर्माता गजानंद पाठक ने दी।उन्होंने बताया कि फिल्म जगतगुरु श्री रामकृष्ण युवाओं में उत्साह, शक्ति, भक्ति, आत्म श्रद्धा, आत्म विश्वास के साथ आत्म साक्षात्कार की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।हजारीबाग झारखंड के कलाकारों द्वारा अभिनित यह फिल्म श्री रामकृष्ण परमहंस के दिव्य व्यक्तित्व से परिचय कराती हैं।श्री



रामकृष्ण परमहंस जन्म से ही अपने दिव्यता प्रकट करते हैं। उनके जीवन में मां काली के दर्शन की व्याकुलता रहती हैं।वे मां काली की भक्ति में डूब जाते हैं और स्वयं मां कालीमय हो जातें हैं।इस फिल्म में जगतगुरू श्री रामकृष्ण किस प्रकार अपने शिष्य नरेंद्र को स्वामी विवेकानन्द बना देने का प्रशिक्षण देते हैं और अन्य युवाओं को किस प्रकार अध्यात्म की गहराई तक ले जातें हैं।इसे सुंदर अभिनय और गीत संगीत द्वारा फिल्माया गया है। भजन सम्राट अनूप जलोटा,सुरेश वाडकर एवं महालक्ष्मी अय्यर ने बहुत ही सुन्दर गायिकी का परिचय देते हुए श्री रामकृष्ण परमहंस के जीवन की घटनाओं को जीवंत कर दिया हैं।फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक दर्शकों को अध्यात्मिक दुनिया में ले जायेगा। गीतकार डॉ हरे राम पांडेय और इस फिल्म के निर्देशक डॉ बिमल कुमार मिश्र हैं।फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन का पूरा काम मुम्बई में हुआ हैं।श्री राहुल पाठक ने फिल्म का छायांकन किया है।फिल्म की गुणवत्ताअच्छी हैं।धर्म,अध्यात्म,योग और ध्यान पर आधारित श्री रामकृष्ण परमहंस के जीवन पर इस फिल्म को बनाया गया हैं।यह फिल्म दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ - साथ जीने की कला भी बताने का काम करेगी ।आज के वर्तमान युग में श्री रामकृष्ण परमहंस एक युगावतार के रुप में आए हैं।यह उनके जीवन को देखने ऐसा ही लगता है।उन्होंने स्वयं कहा है कि जो श्रीराम, श्रीकृष्ण हैं।वहीं इस बार श्री रामकृष्ण परमहंस हैं।स्वामी विवेकानंद ने उन्हे अवतार वरिष्ठ कहा है।फिल्म रिलीज की ख़बर मिलने के बाद कलाकारों और युवाओं में उत्साह हैं।

### मदरसा अहले सुन्नत आलिया कादरिया शमशेर नगर में इकरा कांफ्रेंस 3 फरवरी को

## मुल्क भर के उलमा शोअरा होंगे उपस्थित : मुफ्ती रिजवान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मदरसा अहले सुन्नत आलिया कादरिया शमशेर नगर वासयपुर धनबाद के प्रिन्सिपल मुफ्ती रिजवान अहमद रजवी ने प्रेस रिलीज से बात करते हुए कहा की दिनाँक 03 फरवरी 2024 दिन शनिवार रात 8 बजे मिन्जानिब मदरसा अहले सुन्नत आलिया कादरिया शमशेर नगर वासयपुर धनबाद झारखंड स्थाना शमशेर नगर ईदगाह में इकरा कांफ्रेंस व जशने दस्तार बंदी का प्रोग्राम रखा गया है जिसमें 15 विद्यार्थी को



हाफिज ए कुरान की दस्तार बंदी दी जाएगी (पूरा कुरान याद करने पर) इस अवसर पर मुल्क ए हिन्दुस्तान भर के उलमा शोअरा उपस्थित होंगे। इस कांफ्रेंस में, शिक्षा, समाज सुधार, एखलाक, प्रेम, भाई चारगी एवं नई नस्ल के नौजवान विकास की तरफ कैसे बढ़े आदि पे ख़िताब (भाषण) होंगे। ये कांफ्रेंस मदरसा अहले सुन्नत आलिया कादरिया के प्रिन्सिपल हज़रत मुफ्ती रिजवान अहमद रजवी की सदारत और खतीबो इमाम रज़ा जमा मस्जिद शमशेर नगर कारी इमरान रजा जियाइ की निजामत मे और मदरसा की कमेटी की अध्यक्षता में होगी।

## केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर झारखंड सरकार को गिराने का प्रयास करना लोकतंत्र का अपमान है : संजय सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** रविवार को झामुमों ज़िला कार्यालय में एक अहम बैठक की गई । इस बैठक की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने की और संचालन ज़िला सचिव महालाल सोरेन ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार जिस तरह से केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर झारखंड के लोकप्रिय सरकार को गिराने का प्रयास किया जाना लोकतंत्र का अपमान करने जैसा है इसी के विरोध में गिरिडीह से हज़ारो की संख्या में झामुमो के साथी राँची में आयोजित राज भवन घेराव व विशाल रैली में सम्मिलित होने के लिए 31 जनवरी को राँची मोरहाबादी मैदान के लिये प्रस्थान करेंगे।ज़िला सचिव महालाल सोरेन ने




कहा कि ज़िला समिति सभी प्रखंड अध्यक्ष/सचिव को निर्देश दिया गया है कि अपने प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं के घर घर जाकर उन्हें राँची ले जाने का इंतज़ाम करे और ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में जुटान करे। मौके पर उपस्थित अजीत कुमार पप्पू, अखिलेश महतो उर्फ़ राजू महतो, हरगौरी साव, राधेश्याम मदक, चाँदमल मरांडी, दिलीप मंडल, शफ़ीक़ अंसारी, अभय सिंह, रॉकी सिंह, मो0 ज़ाकिर, सुमन सिन्हा, विवेक सिन्हा, गोपाल शर्मा, रिंकू बरनवाल, मनोज यादव, मजीद अंसारी, रवि वर्मा, भैरव वर्मा, हलधर राय, युवराज महतो, निरंजन सिंह, दिलीप रजक, कलाम अंसारी, चीना ख़ान, अजय कुमार सिंह, मो0 महताब मिर्ज़ा, नूरुल होदा, उपेन्द्र प्रसाद महतो सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## 75 वें गणतंत्र दिवस के जश्न में डूबा डीएवी मॉडल स्कूल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में हर्षोल्लास के साथ 75 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं देशभक्ति गीतों के द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी खुशी एवं कर्तव्य को प्रकट किया। देश के द्वितीय राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जे के पाण्डेय, चीफ साइंटिस्ट, सिंफर के कर कमलो द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। अद्भुत व्यक्तित्व की धनी प्राचार्या श्रीमती महुआ सिंह ने उपस्थित सभी को 75 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी तथा लोकतंत्र के भाव को समझाते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारी आन-बान-शान है। इस अवसर पर



मुख्य अतिथि के द्वारा रोशन कुमार, छोटू कुमार, हर्ष कुमार, शिवम कुमार को प्रशस्ति पत्र दिया गया जिन्होंने डीएवी के हैंडबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, बालक वर्ग, अंडर 17 (एसजीएफआई) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। मौके पर इन बच्चों के प्रशिक्षक संतोष कुमार सिंह भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि महोदय ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह गणतंत्र दिवस हमारे लिए पवित्र पर्व है,साथ ही सभी को बधाई दी तथा हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने शहीदों के पद चिह्नों पर चलते हुए देश को महान बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया तथा देश के प्रत्येक नागरिक को अपना कर्तव्य को निष्ठा पूर्वक पालन करने के लिए भी कहा।

## टाटा डीएवी जामाडोबा में छात्रों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** टाटा डीएवी जामाडोबा में गणतन्त्रदिवस के पावन दिवस पर प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा के निर्देशन में विद्यालय में सभी विषयों से सम्बन्धित आकर्षक एवं उत्प्रेरक प्रदर्शनी का आयोजन बहुत ही धूमधाम से हुआ।सभी छात्रों ने अपने विषयशिक्षकों के मार्गदर्शन में अपनी रचनात्मक तथा क्रियान्वेषी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुये बहुत ही उम्दा प्रोजेक्ट तथा माडल्स प्रस्तुत किये।जिसे देख प्रदर्शनी में आये मुख्य अतिथि पंकज दास,झरिया प्रक्षेत्र के श्रमिक नेता संतोष महतो,नकुल सिंह, अशोक राय,डी ए वी सी एफ् आर आई की प्राचार्या महुआ सिंह एवं अभिभावकों ने भूरि भूरि प्रशंसा की। छात्रों के द्वारा प्रस्तुत सभी परियोजनाकार्यों का मूल्यांकन स्वयं कार्यक्रम के अतिथियों, प्राचार्यो, शिक्षकों के द्वारा किया गया । प्रदर्शनी में दूर दूर से आये अतिथि एवं अभिभावकों ने बडे ही उत्साहित होकर छात्रों से उनके द्वारा प्रस्तुत परियोजनाकार्यो से संबन्धित



प्रश्न किये जिनका उत्तर विद्यार्थियों ने बडे ही प्रखरता से दिया जिसे सुन सभी संतुष्ट हुये। विज्ञान विषय में बच्चों ने ब्लैक होल, कृत्रिम बर्फ़बारी, खून जांच जैसे अचंभित करने वाले परियोजनायें प्रस्तुत किये। संस्कृत में छात्रों ने अथर्ववेद के सूत्रों पर आधारित गणित, प्राचीन विज्ञान के सिद्धान्त,पशु पक्षी शरीरावयव के नाम तथा व्याकरण के नियमों को बडे ही सरलता से परियोजना के द्वारा प्रस्तुत किया।हिन्दी में छात्रों ने साहित्य का इतिहास, कविता, लेखकों और व्याकरण पर आकर्षक माडल्स प्रस्तुत किये। गणित में छात्रों ने गणितीय सिद्धान्त, परिमेय आदि गूढ बातों को माडल्स के माध्यम से प्रस्तुत किया। शारीरिक शिक्षा के माडल्स के द्वारा बच्चों ने स्वास्थ्य नियमों और खेलकूद के नियमों को प्रस्तुत किया। कम्प्युटर में छात्रों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा रोबोटिक्स पर माडल्स प्रस्तुत किये।अंग्रेजी में बच्चों ने अंग्रेजी साहित्य का इतिहास, सेक्सपियर की कविता, व्याकरण के गूढ नियमों को प्रस्तुत किया।सामाजिक विज्ञान में छात्रों ने प्राचीन इतिहास से लेकर आधुनिक इतिहास पर आधारित तथा वैश्विक भौगोलिक स्थिति पर आधारित माडल्स प्रस्तुत किये।प्राचार्य ए के मिश्रा ने प्रदर्शनी की सफ़लता में छात्रों के कठोर परिश्रम के लिये तथा अभिभावकों की भागीदारी के लिये सभी को साधुवाद दिया।उन्होंने कहा कि इस तरह के अवसर छात्रों को अपनी रचनात्मक बुद्धि के साथ साथ सर्वांगीण विकास में बहुत सहयोगी होते हैं। भविष्य में ये बच्चे ही देश की बागडोर संभालेंगे। जिससे हमारा देश और मजबूत होगा।

## केंद्र की योजनाओं को अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : मनीर उरांव

## लोकसभा चुनाव में परचम लहराना है तो बुथ लेवल को करना होगा मजबूत : विकास प्रीतम

# योजनाबद्ध तरीके से काम करोगे तो जीत निश्चित है : प्रवीण सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रितम और पूर्व विधानसभा प्रवीण सिंह जिला प्रभारी मनोज मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला की शुरुआत महापुरुषों की चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित एवं वंदेमातरम गीत के साथ की गई। कार्यशाला का विषय मुख्य रूप से गांव में पदाधिकारी वरिष्ठ अधिकारीयों का प्रवास एवं बूथ की मजबूती और योजनाओं का प्रसार को लेकर योजना बनी। बैठक का विषय पर प्रकाश डालते हुए जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से लगातार क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं अब वर्तमान में चुनाव को लेकर और भी सक्रिय होकर जनता के बीच अपने कार्यो की उपलब्धियां को ले जाना है।



और सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेवारियों के अनुसार कार्य का निष्पादन करना है। प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रितम ने भारतीय जनता पार्टी कि यह कार्यशाला सभी जिलों में हो रही है जिलों के बाद मंडल स्तर पर होनी है इसमें प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी सक्रिय रूप से भाग लेंगे प्रदेश द्वारा निर्धारित कार्यक्रम और कार्य स्वरूप को लेकर बूथ पर गांवों में कार्य करेंगे। हमारी पार्टी जो वायदे करती उसे पूरी करती आई और कर रही है। फिर मोदी जी की गारंटी यानी गारंटी होती है यह हम सभी जानते हैं। प्रवीण सिंह ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता योजना पर तरीके से सभी कार्यो को करें और जनता को हमारी केंद्र की योजनाओं का कैसे अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए तत्परता से सदैव की तरह योजनाबद्ध पर तरीके से प्रवास करेंगे। केंद्र सरकार ने बहुत सारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभुकों को दिया है। उनसे हमें अवश्य ही जाकर बातचीत करनी है। जिला प्रभारी मनोज मिश्रा ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को अक्षरसह पालन करेंगे जिस प्रकार पहले भी करते आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उर्जावान कार्यकर्ता होते हैं। वह लोगों की जरूरत के लिए हमेशा करता के साथ खड़े रहे हैं। राकेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता शुरू से आम जनता की परेशानियों का निष्पादन किया है। कार्यक्रम संयोजक सरिता देवी ने विषय पर परिचर्चा की कार्यशाला का मंच संचालन जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन हर्षनाथ महतो ने की। कार्यक्रम में उपस्थित विकास मोदक लोकसभा विस्तारक पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद राजमोहन राम,विकास मोदक लोहरदगा लोकसभा विस्तारक, हर्षनाथ महतो अनिल उरांव सरोज प्रजापति पशुपतिनाथ पारस, कैलाश महतो, सुदामा प्रसाद, लखन उरांव नवीन कुमार, अमरेश भारती, राजेश महतो, जयप्रकाश साहू, संजय चौधरी, गौरीशंकर नाथ शाहदेव, विवेक चौहान, राजकुमार मुंडा, शंकर प्रजापति, नासीर अंसारी कृष्णा मोदी, पंकज भारती, दीलीप साहू, अनुप वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात से पूरा देश लाभान्वित हो रहा है : अमरेश भारती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भाजपा नगर मंडल में पूरे उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात सुना गया आज वार्ड नं 4 में प्रदेश से आए हुए विधान सभा प्रभारी मंडल जी एवं लोकसभा प्रभारी विकाश मोदक जी उपस्थित हुए। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने किया।अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि माननीय मोदी जी की मन की बात आज पूरे देश में छिपे हुए प्रतिभाओं को सम्मानित कर रहा है।जो राजनित से ऊपर है। पद्मश्री पुरस्कार जिन्हे दिया गया अगर देखा जाए तो इसे मन को बात कार्यक्रम का खोज ही लगता है।मन की बात आज देश का मान सम्मान बढ़ाने वाला कार्यक्रम बन चुका है। अन्त में सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आनेवाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को भरी मतों से विजई बना कर दिल्ली भेजना है। जिससे मोदी जी के नेतृत्व में देश



जल्द से जल्द विश्व गुरु के स्थान पर विराजमान हो सके। लोकसभा विस्तारक श्री विकाश मोदक जी ने कहा कि देश मोदी जी के नेतृत्व में विकाश की गाथा लिख रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथों को वोट देकर मजबूत करना होगा। क्योंकि देह विरोधी पार्टियां देश को बर्बाद करने मे लगे हुए हैं। कार्यक्रम को विधानसभा विस्तारक मंडल जी, समेला भगत आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बिंदिया देवी, सरस्वती देवी, दीपक साहु, मीरा देवी, मीना बखला, देवनाथ भगत, अनुप कुमार, लीला देवी,नेहा देवी, मीना देवी, बसंती देवी, राखी गुप्ता, रेणु देवी, सोनी देवी, पुनम देवी, भारती देवी, बबली देवी, रीमा देवी, छोटे देवी आदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# नल जल योजना चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के पंडरा पंचायत मे नल जल योजना के तहत डीप बोरिंग करना था जिसमें संवेदक के द्वारा ट्रैक्टर बोरिंग किया जा रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी,भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सरजू कुमार साहू, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नासिर अंसारी एवं कांग्रेस नेता कमरुल अंसारी को दिया। मौके पर पहुंचे नेताओं ने यथाशीघ्र काम को बंद कराया इस बीच प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जो भी विकास की योजनाएं संचालित है उसे भ्रष्टाचार का भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा एवं पंडरा पंचायत में हो रहे नल जल योजना मे धांधली को जांच कराया जाएगा। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सरजू कुमार साहू ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात किया तो प्रखंड विकास पदाधिकारी इस मामले से साफ तौर पर पल्ला झाड़ते हुए दिखाई दिए एवं पेयजल विभाग से बात करने की बात कही ।मौके पर सरजु कुमार साहू पेयजल विभाग के स्कूटी इंजीनियर से बात कर मामले मे उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया और कहा कि केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना पर लीपा पोती बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सुखदेव भगत ने राहुल गांधी के यात्रा को लेकर कृषि मंत्री से किऐ विचार विमर्श



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देवघर सर्किट हाउस में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्र लेख से राहुल गांधी के झारखंड में होने वाले भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सफल बनाने के संदर्भ में विचार विमर्श किये। मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि झारखंड में होने वाली राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगा। इस यात्रा से राज्य के कांग्रेस जनों के साथ-साथ झारखंड की जनता काफी उत्साहित है। इस यात्रा में सभी वर्गों का व्यापक जन समर्थन मिलेगा। सभी वर्गो से राहुल गांधी मिलेंगे। मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू भी उपस्थिति थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा अप्पर बाजार चुन्नीलाल विद्यालय के समीप आज 85 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने वंदे मातरम,भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाऐ। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 27 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सेवा ही परमोधर्म है और कहा की नित्य दिन सुबह योग एवं व्यायाम करने से भी शरीर स्वस्थ रहने के साथ निरोगी रहता है। डॉ कुमुद ने कहा की हरी सब्जी एवं मुल्ली का सेवन करें, इससे शुगर एवं बी.पी भी कंट्रोल में रहेगा। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जयप्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है। लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, केशव महतो, चंदन मेहता, प्रकाश मिश्रा, अतुल सर्राफ, बालमुकुंद सिंह, गंगोत्री देवी, हेमंत वर्मा, संतोष अग्रवाल, अफरोज अंसारी, अंजलि सर्राफ, मीना देवी, मुकेश गुप्ता,किशोर अग्रवाल, उदय कास्यंकार, अनुराग मित्तल आदि थे।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन से जिले की पहचान बढ़ी : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा संत जेवियर कॉलेज पिछले दो दिनों से 21वी सदी में एंजलोफोन साहित्य में रुझान विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का रविवार को समापन किया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक का कॉलेज पहुंचने पर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ विधायक ने दीप जलाकर किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि एंजलोफोन साहित्य को लेकर सिमडेगा जैसे छोटे से शहर में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन सराहनीय पहल है। इससे जिले की पहचान दूर प्रदेशों तक बनेगी। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक स्कूलों का लगातार विकास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित स्कूलों में शिक्षकों की बहाली हो चुकी है। धीरे धीरे भवन का निर्माण किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसका असर ग्रमीण परिवेश में पलने वाले बच्चों में दिखेगा। उन्होंने कहा कि जिले में संत जेवियर कॉलेज का खुलना शिक्षा के क्षेत्र में एक वरदान साबित रहा है। आप सभी खुशनसीब हैं कि आप सभी को संत जेवियर जैसे महान संत का संरक्षण प्राप्त है। संत जेवियर कॉलेज ही एक ऐसा कॉलेज है जो आपको हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। विधायक ने कहा कि आप सभी इन तमाम अवसरों का लाभ लें। आप दिन दूनी रात चौगनी मेहनत करें।

# विद्या का मंदिर एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में हुई चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गत 25 जनवरी की रात एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा के कंप्यूटर लैब में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहां बच्चों को न सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान अपितु उनका सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक व व्यक्तित्व का समुचित विकास किया जाता है। विद्यालय में कई प्रयोगशालाएं भी होती है जिनमें विद्यार्थी प्रयोग कर प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करते हैं। वर्तमान युग में कंप्यूटर प्रयोगशाला विद्यालय का एक अहम हिस्सा होता है



जिसके बिना विद्यार्थियों की शिक्षा अधूरी है। किंतु समाज के कुछ दिशा भ्रमित लोगों ने विद्यालय में चोरी करके मानवता व समाज को शर्मसार कर दिया है। 25 जनवरी की रात लगभग 11:30 बजे 8 से 10 नकाबपोश चोरों के गिरोह ने विद्यालय में प्रवेश कर सर्वप्रथम सीसीटीवी कैमरे को नष्ट किया तथा लगभग 30 कंप्यूटर व प्रोजेक्टर से सुसज्जित कंप्यूटर लैब का ताला तोड़कर लैब में रखी 18 कंप्यूटर सीपीयू सहित व प्रोजेक्टर की चोरी कर विद्यालय व विद्यार्थियों को घोर क्षति पहुंचाई। डीएवी विद्यालय परिवार इस घटना से हुए विद्यार्थियों व समाज के नुकसान से शोकमग्न है।

## आगामी लोकसभा चुनाव के भाजपा घोषणा पत्र में शैक्षिक एवं अनुसंधानिक क्रियान्वयन हो सकतें हैं युवाओं के आकर्षण बिन्दु : अंकित कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गौरतलब है कि सिमडेगा जिला के प्रखर एवं कर्मठ भाजयुमो सोशल मीडिया प्रभारी अंकित कुमार, जो एक स्वतंत्र शैक्षिक एवं अनुसंधान नीति विश्लेषक भी है। वे प्रत्येक समय राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा एवं अनुसंधान विषय पर अपनी बात रखते हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के आगामी लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को शैक्षिक एवं अनुसंधान से संबंधित कई सुझाव पेश किए है। जिनके क्रियांवयन से देश की शैक्षिक एवं अनुसंधानिक व्यवस्था में वैज्ञानिक और साकारात्मक परिवर्तन आ सकते हैं। जो विकसित भारत के लिए रास्ता तैयार करेगा। भारत में अन्य पिछड़ा



वर्ग समुदाय के लोगों की जनसंख्या पचास फीसदी से अधिक है। लेकिन आज तक कोई भी सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग के समुदायों के लिए एसटी एवं एससी समुदाय की तरह आरक्षित केंद्रीय विश्वविद्यालय नहीं बनाएं है। देश में एसटी, एससी के लिए कई आरक्षित केंद्रीय विश्वविद्यालय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से सादर निवेदन है कि वे झारखंड, बिहार, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु एवं उड़ीसा में भी अन्य पिछड़ा वर्ग के समुदायों के लिए नरेंद्र दामोदरदास मोदी केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करें। जिससे अन्य पिछड़ा वर्ग के समुदायों का शैक्षिक विकास हो।प्रत्येक राज्य में एक नरेंद्र दामोदरदास मोदी अन्तर अनुशासनिक अनुसंधान विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए। जहां केवल पीएचडी कोर्स का संचालन हो। यहां कार्यरत शोध पर्यवेक्षक कम से कम प्रोफेसर रैंक के हो।केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पीएचडी पाठ्यक्रम में नामांकित प्रत्येक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण एवं राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा विहीन दोनों वर्गो के शोधार्थियों को नरेन्द्र दामोदरदास मोदी शोध छात्रवृत्ति प्रदान की जानी चाहिए।

# निर्माण कार्य में गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणो ने दिया उपायुक्त को ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत विजय कुमार साहु इंफ्राकचर द्वारा पीडब्ल्यूडी रोड सेरेंगहातु से बक्सीडीपा तक लगभग 5 किलोमीटर लम्बाई करोड़ो की लागत से बन रहे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित पथ निर्माण में अनियमितता के विरुद्ध आदित्य साहु के नेतृत्व में राजू साहु, फिरोज अंसारी, मनोज साहु, आजम अंसारी सहित अन्य ग्रामीणो ने उपायुक्त वाघमारे कृष्ण को सड़क निर्माण कार्य मे हो रहे



अनियमितता के बारे ज्ञापन दिया गया है। वही ग्रामीणो का कहना है की पीसीसी ढलाई में सीमेंट की जगह में डस्ट और काला पत्थर का उपयोग किया जा रहा है। तथा ढलाई का कार्य किया जा रहा है जो एक तरफ ढलाई किया जा रहा है दूसरे तरफ ढलाई किया हुआ उखड़ रहा है। जिस पर ठीकेदार से बात कर जानकारी लेने पर अभद्र व्यवहार करते हुए ठीकेदार द्वारा पिस्टल लहराते हुए धमकी भरे लहजे में कहा गया कि सामने कौन आता है। वही ज्ञापन मिलने के उपरान्त उपायुक्त ने ग्रामीणों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया है। मौके पर उपस्थित आदित्य कुमार साहू, राजू अंसारी, फिरोज अंसारी, आजम अंसारी मनोज साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## अविराम सचिन इंद्रजीत कुमार ने फहराया तिरंगा और दिया राष्ट्रसेवा का संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम समूह एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के सचिव इंद्रजीत कुमार ने अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन बीएड और डी एल एड, अविराम एकेडमी मराडीह, अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी टिको में तिरंगा फहराया और अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चो को पुरस्कृत किया। इंद्रजीत कुमार ने कहा कि ईमानदारी, अनुशासन, अपने कार्य के प्रति निष्ठा से ही व्यक्तिगत,संस्था गत और राष्ट्र की उन्नति संभव है। इस वर्ष टिको स्थित अविराम स्कूल



ऑफ एक्सीलेंसी की मान्यता के लिए भी संस्था ने सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली है जल्दी ही यहां छात्रावास होगा जहा और रांची, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, गुमला, लोहरदगा से भी बच्चे पढ़ने आयेंगे अविराम निरंतर क्षेत्र विकास के लिए कृत संकल्पित है और अपने नाम को चरितार्थ करते हुए राष्ट्र विकास को शिक्षा के द्वारा कर रहा है। इस अवसर पर लक्ष्मण, बीरेंद्र, नवल, डॉ प्रतिमा, पंकज, आफताब, रेणुका, जंगबहादुर, कुंदन, शशि, शिव, अजॉय, ऋतु, ममता, पवन, रीता, आरती, रौशन, सुनीता, संगीता, आदि उपस्थित थे सभी ने राष्ट्रगान और संविधान की प्रस्तावना दोहराते हुए प्रतिज्ञा ली राष्ट्र निर्माण की।

## प्रखंड प्रशासन की और से कैरो के हनहट में सद्भावना समारोह का हुआ आयोजन

# समारोह में जिला शांति समिति के सदस्यों को शाल व मोमेंटो देकर किया गया सम्मान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** 75 वें गणतंत्र दिवस के शुभअवसर पर 26 जनवरी शुक्रवार को कैरो प्रखंड प्रशासन के द्वारा आयोजित प्रखंड के हनहट ग्राम मे प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता मे झंडोत्तोलन सह सद्भावना समारोह का किया गया आयोजन। इस अवसर पर सर्वप्रथम हनहट पंचायत भवन मे हनहट पंचायत के मुखिया श्रवण मुंडा के द्वारा हनहट पंचायत भवन मे प्रविपदा0, पवन कुमार महतो, 20 सुत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान, थाना प्रभारी, जिला शांति समिति के माननीय सदस्य व हनहट ग्राम के गणमान्य मोहन साहू, प्रद्युम्न सिंह, सनाउल्लाह अंसारी व गणमान्य लोगो



के उपस्थिति मे लहराया गया तिरंगा एवं गाया गया राष्ट्रगान। तत्पश्चात झंडोत्तोलन के उपरांत प्रखंड प्रशासन द्वारा आयोजित सद्भावना समारोह मे कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो एवं थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव के द्वारा उक्त समारोह जिला शांति समिति के सद्स्य नजीर आलम खान,शरत कुमार विद्यार्थी,व सुरज मोहन साहू को शाल एवं मोमेंटो देकर प्रखंड क्षेत्र मे शांति सौहार्द बनाये रखने मे अहम भूमिका निभाने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रविपदा0 ने कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 मे भारत को एक संविधान मिला। संविधान के उल्लेखित नियम व कानुन को हम सभी का पालन करना मुख्य कर्तब्य है। आज के दिन हम सभी को देश की एकता, अखण्डता व सम्प्रभुता को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु हम सबको तिरंगे के नीचे संकल्प लेने की आवश्यकता है। वही जिला शांति समिति सदस्य नजीर आलम खान ने कहा कि इस तिरंगे के लिये बीर-सपुतो की बलिदानी हमे एक भारत-श्रेष्ठ भारत की सीख देती है,इसे निभाना हम सबका कर्तब्य है।पर्व त्योहार या सामुहिक आयोजन मे आप सभी एक दुसरे की भावनाओं का करें सम्मान। शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि क्षेत्र मे अमन शांति के बदौलत ही विकास को गति मिल सकता है,समाजिक सद्भाव एवं सौहार्द एक विकसित समाज का परिचायक है। सुरज मोहन साहू ने कहा कि 28 फरवरी 2009 से पहले हम सभी कुडु प्रखंड वासी थे,15 वर्ष इस नये प्रखंड के बने हुए हो गये,परंतु आज भी हम सभी मानव की बूनियादी मुलभुत सुविधाओं से कोसो दूर हैं,इसके लिये हम सभी को मिलकर संघर्ष करने हेतू आज के दिन संकल्प लेने की आवश्यकता है। समारोह मे 20 सुत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान,अन्जुमन के जमील अंसारी व समीद अंसारी के अलावा स्थानीय निवासी साधू उराँव व संनाउल्ला अंसारी के द्वारा भी सम्बोधन की गई। वही मौके पर ललिता खल्खो द्वारा देशभक्ति गीत गाकर सभी को राष्ट्रीयता का बोध कराया। कार्यक्रम संचालन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उराँव ने किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य उक्त सद्भावना समारोह मे उपस्थित थे।

# पालकोट प्रखंड के गोबर सिली में झारखंड पार्टी के कार्यकर्ता मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जाति धर्म से ऊपर उठकर झारखंड पार्टी विकास की राजनीति करती है आप सभी का सहयोग मिला तो पालकोट का भी चौमुखी विकास होगा। पूर्व मंत्री एनोस एक्का पालकोट प्रखंड के गोबर चिल्ली पर्यटन स्थल में झारखंड पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया था इस कार्यकर्ता मिलन समारोह में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का झारखंड पार्टी महिला युवा नेत्री आइरिन एक्का के साथ-साथ झारखंड पार्टी के जिला पदाधिकारी उपस्थित हुए सर्वप्रथम वहां के महिलाओं के द्वारा पारंपरिक तरीके से सभी आए हुए मेहमानों का स्वागत किया गया और उन्हें मंच तक



लाया गया मंच पर सभी पदाधिकारी का माला पहनकर स्वागत किया गया मंच का संचालन महादेव जी के द्वारा किया गया स्वागत भाषण में महादेव ने वहां उपस्थित सभी झारखंड पार्टी के कार्यकर्ता युवा और महिला को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक हम पलकोट से सिर्फ राष्ट्रीय पार्टी को वोट देते आए हैं हम अपने आप को धर्म के नाम पर वोट मांगने वालों के झांसे में आ जाते हैं और 5 वर्षों में जब चुनाव आता है तो कोई हिंदू के नाम पर भारतीय जनता पार्टी को वोट देता है और ईसाई और मुस्लिम धर्म के नाम पर कांग्रेस को वोट देता है सिमडेगा विधानसभा में आज तक सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रीय पार्टी के ही जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं परंतु जीतने के बाद में उन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं होता है जनता को एक छोटा सा कार्य करने के लिए उनके पीछे-पीछे दौड़ना पड़ता है हम लोगों का शुद्ध लेने वाला कोई नहीं होता है थककर हम फिर आने वाले 5 साल के बाद चुनाव का इंतजार करते हैं पर अब समय आ गया है।

## चलते चलते एक नजर

### भाजपा के गांव चलो अभियान के मंडल प्रभारियों की सूची जारी

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने आगामी गांव चलो अभियान कार्यक्रम को लेकर मंडल प्रभारी का सूची जारी किया। जारी सूची में गढ़वा के पुर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी को रमकंडा का प्रभारी बनाया गया है। साथ ही रीतेश चौबे को डंडा, मुकेश निरंजन सिन्हा को भंडरीया, शिवधारी राम को बड़गड़, ईश्वर सागर चंद्रवंशी को कुण्डी, प्रेमानंद त्रिपाठी को हरिहरपुर, रामलला दुबे को बरडीहा, भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को मझीआंव शहरी, ओमप्रकाश तिवारी को मझीआंव ग्रामीण, मुकेश चौबे को विशुनपुरा, विकास स्वदेशी को रमना, राजीव रंजन तिवारी को डंडई, लक्ष्मन राम को धुरकी, इंद्रमणि जायसवाल को सगमा, रघुराज पाण्डेय को श्री बंशीधर नगर मंडल, शारदा महेश प्रताप देव को श्री बंशीधर नगर ग्रामीण, भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही को भवनाथपुर मंडल, उमेन्द्र यादव को केतार, रामकृपाल दुबे को खरौंधी, गिरीनाथ सिंह को चिनियां, मुरारी यादव को रंका दक्षिणी, संतोष दुबे को रंका उत्तरी, राजीव राज तिवारी को मेराल उत्तरी, सुरज गुप्ता को मेराल दक्षिणी, जवाहर पासवान को गोवावल मंडल, हरेंद्र दुबे को नगर मंडल गढ़वा का प्रभारी बनाया गया है।

### भाजपा का सबसे बडा डर अरविंद केजरीवाल : भगवत मान

**जींद** : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली में स्कूल बनवाने पर मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया। भाजपा को यह भी डर सताता है कि जहां भी केजवरीवाल जाता है तो वहां भाजपा का सूपडा साफ हो जाता है। चलो केजरीवाल को ईडी का नोटिस भेज दो ताकि वो डर जाएं लेकिन भाजपा को कौन समझाए कि वो डरने वाले नही है।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को जींद के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। एक मौका केजरीवाल को बदलाव के नाम पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री मान ने कहा कि भाजपा केजरीवाल को डराने के लिए बार-बार ईडी का नोटिस भेज रही है। उन्होंने भाजपा को ललकारा कि हम वो पत्ते नहीं कि जो शाख से टूट कर गिर जाएं, भाजपा की आंधियों को बोल दो औकात में रहें। उन्होंने कहा कि जो भी अच्छा काम करते हैं, भाजपा उन लोगों को जेल में डालने का काम करती है। संजय सिंह को जेल में डाल दिया गया, लेकिन वो डरने वाले नही है। क्योंकि हम देश को प्यार करते हैं और देश की आन-बान और शान के लिए कुछ भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब सरकार के कार्यो को गिनवाते हुए कहा कि पहले जब भी पंजाब में नई सरकार आती थी तो घाटा ही घाटा दिखाया जाता था, लेकिन अब पंजाब में आप की सरकार है तो उल्टी गंगा बहा दी गई है। पहली बार सरकार ने थर्मल प्लांट खरीदा है और कहा है कि इस प्लांट को हम चला कर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें जनता का साथ चाहिए। वो केवल जनता के लिए काम करना चाहते हैं। उनका न तो किसी व्यापार में हिस्सा है और न ही किसी ट्रांसपोर्ट में। वो हिस्सा डालते हैं तो जनता के दुखों में हिस्सा डालते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा पंजाब का छोटा भाई है। हमारे अग्निवीर, हमारे युवा देश की रक्षा कर रहे हैं, लेकिन भाजपा को क्या पता देशभक्ति क्या होती है।

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश पर पांच सौ केवीए का लगा ट्रांसफर्मर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय विधायक सह राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर शहर में पांच सौ केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। विद्युत विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मंत्री श्री ठाकुर के निर्देश पर शहर के रंका मोड़ के समीप स्टेट बैंक के सामने 500 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में गर्मी के दिनों में अधिक लोड होने के कारण परेशानी होती थी। पहले से 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। इसे देखते हुए यहां पर नया 500 के केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इसके अलावा टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड के समीप 100 केवीए का तथा ऊंचरीमें भी 100 केवीए का एक-एक ट्रांसफार्मर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावे गढ़देवी मोहल्ला में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के घर के समीप 200 केवीए का तथा सोनपुरवा एवं चिरौजीया में 200-200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इसके अलावा एक ट्रांसफार्मर चेतना में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि मंत्री श्री ठाकुर का यह प्रयास है कि कोई भी क्षेत्र अंधेरा में ना रहे। इसी को देखते हुए युद्ध स्तर पर बिजली के पोल एवं तार बदले जा रहे हैं तथा जहां खराब ट्रांसफार्मर है वहां ट्रांसफार्मर बदला जा रहा है।



## नीतीश कुमार के राजद से अलग होने का अंदाजा पहले से ही था : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे पर रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बिहार की राजनीति में इस तरह के घटनाक्रम का अनुमान पहले से ही था। मुझे आश्चर्य है कि नीतीश कुमार जैसे अनुभवी और ईमानदार नेता उनके (महागठबंधन) के साथ इतने लंबे समय तक कैसे टिके रहे। मरांडी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा कि व्यक्ति का स्वभाव और हस्ताक्षर कभी नहीं बदलता और इसका एहसास नीतीश कुमार को इतने लंबे समय बाद हुआ। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद दोनों एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। एक भ्रष्टाचार का पर्याय है और नीतीश जी देश के उन चुनिंदा नेताओं में से एक हैं जो अपनी ईमानदारी के लिए पहचाने जाते हैं। वह न तो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और न ही वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने में विश्वास रखते हैं। इसके विपरीत, लालू प्रसाद भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति में गले तक डूबे हुए हैं। नीतीश के बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह भाजपा के साथ फिर से जुड़ने के बजाय मरना पसंद करेंगे, इसको लेकर मरांडी ने कहा कि भावना में बहकर इस तरह के बयान देना आम बात है लेकिन नीतीश कुमार का ऐसा मतलब कभी नहीं था। भाजपा पर जदयू को विभाजित करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए कुमार वर्ष 2022 में महागठबंधन में शामिल हो गये थे। उन्होंने बहुदलीय गठबंधन के साथ नयी सरकार बनाई, जिसमें राजद, कांग्रेस और तीन वामपंथी दल शामिल थे।

## कसौधन वैश्य समाज द्वारा किया गया रक्तदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** कसौधन वैश्य समाज गढ़वा द्वारा आज सुखबाना निवासी एक जरूरतमंद विनय पांडेय को समाज के सदस्य अमित कश्यप द्वारा एक यूनिट रक्तदान किया गया। उनका हीमोग्लोबिन 4 ग्राम था। अमित कश्यप ने अपना 6 छठा रक्तदान सामाजिक कार्य के लिए किया। मौके पर उन्होंने कहा की रक्तदान करना बहुत ही पुनीत कार्य है। रक्तदान से बड़ा महादान कुछ भी नहीं है। समाज के उपाध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप ने उनके इस सोच और जज्बे के लिए बधाई दिया है। कहा की आज कसौधन समाज रक्तदान के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में खड़ा है तो इसका श्रेय आप जैसे रक्तबीर को जाता है। समाज के सभी सदस्यों से आग्रह करते है कि आप भी रक्तदान कर के पुण्य के भागी बने। मौके पर समाज के कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, उप कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, कार्यकारिणी सदस्य सतीश कश्यप, सदस्य सुनील कश्यप, अमित कश्यप आदि उपस्थित थे।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सुनी पीएम के मन की बात

**एजेंसी**

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 109वां संस्करण उत्तराखंड के लोगों के लिए काफी प्रेरक रहा। प्रधानमंत्री ने इसमें पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों की चर्चा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को इस 109वें संस्करण को जाखन में सुना जबकि मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कांवली रोड शिवाजी नगर स्थित अनुसूचित बस्ती के वार्ड 24 बूथ संख्या 29 में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी कर सुना। प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा कि पद्म पुरस्कार पाने वाले अधिकतर लोग, अपने-अपने क्षेत्र में काफी अनूठे काम कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में काफी तेजी से कार्य हुए हैं। इसी का परिणाम है कि आज हमारी नारी शक्ति हर क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों का जिक्र किया। उत्तराखंड में आयुर्वेद के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। उत्तराखंड का अधिकांश भाग वनों से आच्छादित है। राज्य में आयुर्वेद के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। आयुर्वेद की संभावनाओं को बढ़ाने के राज्य में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से साज सेवा के लिए विशिष्ट कार्य करने और जन सरोकारों से जुड़े अभियानों में सराहनीय कार्य करने वालों को आगे लाने का कार्य किया है। इससे समाज में अन्य लोगों को भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों को व्हील चेयर भी प्रदान किये। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने मन की बात कार्यक्रम के तहत 93 वर्षीय सूबेदार भाग सिंह को सम्मानित किया और वाल्मिकी समाज के नागरिकों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 22 जनवरी को पूरे देश ने राम ज्योति जलाने से लेकर गणतंत्र दिवस पर हुई परेड में नारी शक्ति का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में वाल्मीकि समाज की शिला देवी, रुक्मेश देवी, बबली देवी, राजबाला देवी, अंकिता वाल्मीकि, प्राची वाल्मीकि, ललिता वाल्मीकि, विनोद पासवान, पवन कुमार आदि को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक व महानगर अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा निवर्तमान पार्षद विशाल, मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, पूर्व पार्षद मुरलीधर शर्मा, वार्ड अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा, संजय वाल्मीकि, श्याम सोदायी, गौतम कुमार, कुलदीप वाल्मीकि, संजय कांगड़ा, किरण वाल्मीकि, मदन चौधरी सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



# आजादी की दूसरी लड़ाई अभी बाकी है : कौशल

## * पर्यावरणविद कौशल व मुखिया पूनम जायसवाल ने फहराया तिरंगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के मेदिनीनगर बाईपास रोड केपीजे कॉम्प्लेक्स के पीछे स्थित पर्यावरण भवन परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान और पानी पंचायत व लावारिस सेवा केंद्र के कार्यालय व आकाश बाग और छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर के स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर और मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया।।वहीं कौशल नगर पंचायत सचिवालय में मुखिया पूनम जायसवाल ने तिरंगा फहराया व कौशल नगर आंगनबाड़ी केंद्र परिसर मे अल्पना जायसवाल ने भी तिरंगा फहराया। मुखिया पूनम जायसवाल व छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के प्रतिनिधि सुचित जायसवाल, पंचायत समिति शहाबुद्दीन अंसारी, पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, ग्राम सेवक प्रेमचंद, यासीन अंसारी रघुनाथ प्रसाद, शिवनाथ राम ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि देश के नौजवान और शहीदों की शहादत से मानव जैसी शत्रु से पहली आजादी की जंग हम जीत चुके हैं । परंतु प्रदूषण नामक शत्रु से आजादी के लिए दूसरी बड़ी लड़ाई लड़ना अभी बाकी है।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर ने कहा कि अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों एवं शोषण दोहन से पूरे देश की जनता तबाह थी। परंतु प्रदूषण की कहर से पूरा विश्व में तबाही मची हुई है। इस तबाही से आजादी के लिए दुनिया के तमाम लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपनाना होगा। इसके लिए पौधा लगाकर अपने बच्चें की तरह बचाना होगा। क्योंकि दूसरा कोई विकल्प नहीं है। मौके पर उप मुखिया नगीना खातून वार्ड विनोद राम, रामाशीष राम, संजीव राम, जुबेर अंसारी, राजेश प्रसाद, अख्तर अंसारी, आबिद अंसारी, एनम सविता, निरंजन कुमार, सुमित कुमार, खुर्शीद अंसारी, बाबूराम, सत्येंद्र राम, शमीम अंसारी,अमन कुमार, सी एच ओ निसी, कृष्णा प्रसाद, अरविंद यादव, मदन यादव, उमेश यादव, राजेश्वर विश्वकर्मा,नगाड़ा अंसारी, रामजन्म यादव आदि उपस्थित थे।



## एनडीए सरकार में बिहार और प्रगति करेगा : खीरू महतो



**रांची:** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री और भाजपा से सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर प्रदेश जदयू नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो उनके शपथ ग्रहण में शामिल हुए और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार और प्रगति करेगा। जदयू नेता मधुकर सिंह, आफ़ताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, पिंटू सिंह, उपेंद्र सिंह, रेणु पन्निकर, डॉ विनय भरत, बैद्यनाथ पासवान, मनोज सिन्हा, आशा शर्मा, रत्ना शर्मा, महेश्वर चौधरी, दिलीप महतो सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी है।

### संत मरियम आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु सौ से अधिक बच्चों ने दी टेस्ट परीक्षा

## परीक्षा में शामिल सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की करता हूं मंगलकामना : अविनाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के सुप्रसिद्ध संत मरियम आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु सौ अधिक बच्चों ने टेस्ट परीक्षा दी। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी परीक्षार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि मैं सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूं। आगे उन्होंने कहा कि यह हमारे विद्यालय में बच्चों के नामांकन हेतु फर्स्ट फेज की परीक्षा थी, जिसका रिजल्ट आगामी 31 जनवरी 2024 दिन बुधवार को प्रकाशित किया जाएगा। इसके उपरांत मेरिट के अनुसार बच्चों का नामांकन लिया जाएगा, वहीं सेकंड फेज की परीक्षा आगामी 25 फरवरी 2024, दिन रविवार को होगी, उसके लिए अभिभावक संत मरियम आवासीय विद्यालय के कार्यालय से फॉर्म लेकर परीक्षा के लिए अप्लाई कर सकते हैं। विदित हो कि टेस्ट परीक्षा के दरमियान सभी परीक्षा दे रहे सभी बच्चे हंसते-मुस्कुराते-खिलखिलाते हुए दिखे। श्री देव ने कहा कि बच्चे के चेहरे पर यह मुस्कुराहट बरकरार रहे, इसके लिए हमारा विद्यालय परिवार प्रतिबंध है। इस मौके पर विद्यालय पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, उप प्रधानाचार्य एस. बी. साहा समेत विद्यालय परिवार के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



# स्वच्छताकर्मियों के लिए सुनिश्चित करेंगे न्यूनतम मानदेय की गारंटी : योगी



**एजेंसी**

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हरहाल में मिलनी चाहिए। जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराया जायेगा। स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मानदेय के साथ स्वच्छताकर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी होगी।मुख्यमंत्री योगी रविवार पूर्वाह्न नगर निगम की तरफ से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मेलन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। अभयनंदन इंटर कॉलेज के मैदान पर हुए इस कार्यक्रम के मंच से मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों हेतु ई-सेवा पोर्टल, दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ किया। कल्याण कोष से चार सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किए। सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों को यूनिफॉर्म, लंच बॉक्स वितरित किए और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की लागत वाली 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सुंदरता की आत्मा स्वच्छता में ही निहित होती है।

गणतंत्र दिवस पर सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
टेकलाल तुरी
झारखंड मुक्ति मोर्चा
बसिया पंचायत अध्यक्ष



गणतंत्र दिवस पर सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
सरिता देवी
मुखिया. बारियातू
( लातेहार )



गणतंत्र दिवस पर सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
लव सिह
भाजपा मंडल अध्यक्ष
बारियातू ( लातेहार )



गणतंत्र दिवस पर सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
विकास सिन्हा
युवा समाज सेवी बालूमाथ



गणतंत्र दिवस पर सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
मुंसी साव
मेसर्स प्रिन्स भारत गैस वितरक(ग्रामीण ) सह प्रखंड अध्यक्ष तैली साहु समाज
बारियातु ( लातेहार )



गणतंत्र दिवस पर सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
श्रवन मिश्रा
प्रधानाचार्य
परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय
बारियातू ( लातेहार )



गणतंत्र दिवस पर सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
पिंटु कु0 पासवान
प्रधानाचार्य सह संचालक,
संस्कार आवासीय विद्यालय,
बारियातू ( लातेहार )



गणतंत्र दिवस पर सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
करन कु0 यादव
बारहेसांड़ थाना प्रभारी

